संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 | ₹2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 114 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जनमतः तमिलनाडु में 84.35% मतदान दर्ज, दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में कैद

**टीम एक्शन इंडिया**
**चेन्नईः** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार (23 अप्रैल) को मतदान पूरा हो गया। , तमिलनाडु में वोटिंग का काम शांतिपूर्ण और सुचारू ढंग से चलता रहा, जहां कई मशहूर हस्तियों और बड़े राजनेताओं ने अपने वोट डाले। तमिलनाडु में सभी 234 सीटों के लिए प्रतिनिधि चुनने के लिए एक ही चरण में वोटिंग हुई।। राज्य की द्रविड़ पार्टियां- द्रविड़ मुनेत्र कझगम (द्रमुक) और अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कझगम (एआईएडीएमके) अभी भी मुख्य रूप से आमने-सामने हैं। राष्ट्रीय पार्टियां- भाजपा और कांग्रेस बैक सीट पर यानी इन दलों के साथ चुनाव लड़ रही हैं। हालांकि, इस पूरे मुकाबले में इस बार रंग जमाया है अभिनेता विजय ने, जिनकी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम तमिलनाडु की राजनीति में स्थापित पार्टियों को कड़ी चुनौती देने की कोशिश कर रही है।

**मतदान केंद्रों से जुड़ी विशेष व्यवस्थाएं**

इस बार राज्य में कुल 75,032 मतदान केंद्र बनाए गए। मतदान के दिन भीड़ कम करने के लिए हर एक केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा तय की गई। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी और



पारदर्शिता के लिए 100% मतदान केंद्रों के अंदर और बाहर वेबकास्टिंग की जाएगी। इसे लगातार जारी रखने के इंतजाम भी किए गए।

**ईवीएम में कैद**

□ तमिलनाडु में वोटिंग का काम शांतिपूर्ण ढंग से हुआ मशहूर हस्तियों और नेताओं ने वोट डाला

हर मतदान केंद्र पर पीने का पानी, वेटिंग शेड, पानी युक्त शौचालय, पर्याप्त रोशनी और दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए व्हीलचेयर हेतु 1:12 के ढलान वाले स्थायी रैंप की व्यवस्था की गई। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक मतदान केंद्र ऐसा होगा जिसे पूरी तरह से महिलाओं की ओर प्रबंधित किया गया। इसमें पुलिस और सुरक्षाकर्मी भी महिलाएं ही होंगी। इसी तरह हर एक विधानसभा में कम से कम एक केंद्र का प्रबंधन विशेष रूप से दिव्यांग कर्मियों की ओर से की गई। जिले के सबसे कम उम्र के पात्र कर्मचारियों द्वारा प्रबंधित कम से कम एक मतदान केंद्र होगा। साथ ही इको-फ्रेंडली और स्थानीय कला-संस्कृति को दर्शाने वाले मॉडल मतदान केंद्र भी बनाए गए।

# बंगाल में वोटिंग का नया रिकॉर्ड, पहले फेज में 91% मतदान

□ पश्चिम बंगाल में हिंसा के बीच पहले चरण में वोटिंग 91 प्रतिशत, 1478 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद, सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं और पूरे दिन मतदान का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा

**बंपर वोटिंग**

□ सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह चरण अब तक के सबसे सख्त इंतजामों में से एक माना जा रहा है

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण का मतदान गुरुवार को राज्यभर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और व्यापक प्रशासनिक निगरानी के बीच संपन्न हुआ। इस चरण में 16 जिलों की 152 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ, जिसमें कुल 1478 उम्मीदवारों का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में बंद हो गया। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं और पूरे दिन मतदान का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। खास बात यह है कि इस बार बंपर वोटिंग हुई है। शाम 5 बजे तक राज्य में 89.93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो पिछले कई चुनावों की तुलना में काफी अधिक है और इसे रिकॉर्ड मतदान रुझान के रूप में देखा जा रहा है। यहां तक कि पुडुचेरी और असम से भी अधिक मतदान हुआ है। इस चरण में दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, कूचबिहार, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, मालदा, मुर्शिदाबाद, बीरभूम, पश्चिम बर्धमान, पुरुलिया, बांकुड़ा, झाड़ग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर और पूर्व मेदिनीपुर जैसे जिलों में मतदान हुआ। ये सभी जिले भौगोलिक और सामाजिक रूप से विविधता वाले क्षेत्र हैं, जिनमें सीमावर्ती इलाके, चाय बागान क्षेत्र, आदिवासी बहुल क्षेत्र, ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरी केंद्र भी शामिल हैं।

इस वजह से मतदान की प्रकृति हर जिले में अलग-अलग दिखाई दी, लेकिन कुल मिलाकर भागीदारी अत्यंत उच्च स्तर पर रही। चुनाव आयोग के अनुसार, प्रथम चरण में लगभग 3.6 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र थे। कुल 44,376 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनमें से हजारों केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में और हजारों शहरी इलाकों में स्थित थे। मतदाताओं की सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 5644 मतदान केंद्रों का संचालन पूरी तरह महिला कर्मियों द्वारा किया गया, जबकि 207 मतदान केंद्रों को मॉडल केंद्र के रूप में विकसित किया गया था। इसके अलावा बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गईं, जिससे मतदान प्रक्रिया अधिक समावेशी बन सके। सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह चरण अब तक के सबसे सख्त इंतजामों में से एक माना जा रहा है।

पूरे राज्य में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 2407 कंपनियां तैनात की गईं। इनमें पूर्व मेदिनीपुर में 273 कंपनियां, पश्चिम मेदिनीपुर में 271, मुर्शिदाबाद में 240, बांकुड़ा में 193, बीरभूम में 176, मालदा में 172 और पुरुलिया में 151 कंपनियां शामिल रहीं। इसके अलावा अन्य जिलों में भी बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती की गई थी। संवेदनशील और अति-संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त निगरानी, ड्रोन सर्विलांस, फ्लाइंग स्क्वॉड और विशेष पर्यवेक्षक लगातार तैनात रहे ताकि किसी भी स्थिति में मतदान प्रक्रिया प्रभावित न हो।



**मतदान के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में रहा भारी उत्साह**

मतदान के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में भारी उत्साह देखने को मिला और कई जिलों में मतदान 90 प्रतिशत से अधिक दर्ज किया गया। दक्षिण दिनाजपुर सबसे आगे रहा, जहां 93.12 प्रतिशत मतदान हुआ। कूचबिहार में 92.07 प्रतिशत, बीरभूम में 91.55 प्रतिशत, मुर्शिदाबाद में 91.36 प्रतिशत और जलपाईगुड़ी में 91.20 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पश्चिम मेदिनीपुर में 90.70 प्रतिशत और झाड़ग्राम में 90.53 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं उत्तर दिनाजपुर, बांकुड़ा और मालदा जैसे जिलों में भी मतदान का स्तर लगभग 90 प्रतिशत के आसपास रहा। केवल कालिम्पोंग ऐसा जिला रहा जहां मतदान 81.98 प्रतिशत रहा, जो फिर भी उच्च भागीदारी का संकेत देता है। दिनभर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी रहीं। सुबह से शाम तक महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की बड़ी भागीदारी देखी गई। कई केंद्रों पर शाम तक भी मतदान के लिए लोगों की भीड़ बनी रही, जो इस चुनावी चरण में जनता की सक्रिय भागीदारी को दर्शाती है।

### ओडिशा में गर्मी के चलते दोपहर में जनगणना रोकी गई

ओडिशाः देश के आधे से ज्यादा राज्यों में हीटवेव जारी है। बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कई शहरों में पारा 40 डिग्री से 45 डिग्री के बीच बना हुआ है। महाराष्ट्र का वर्धा और ओडिशा का झारसुगुड़ा बुधवार को 44.6त्ङ तापमान के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। वहीं देश के 16 शहरों में पारा 43 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। हीटवेव को देखते हुए ओडिशा सरकार ने दोपहर के समय जनगणना प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। यानी फील्ड स्टाफ सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के दौरान सड़कों पर नहीं भटकेंगे।



लोकसभा अध्यक्ष, ओम बिरला दिल्ली के महाराजा अग्रसेन कॉलेज में महाराजा अग्रसेन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

सबरीमाला केसः थरूर के आर्टिकल के जिक्र पर चीफ जस्टिस ने कहा- लेख पर्सनल ओपिनियन

## वॉट्सएप यूनिवर्सिटी से जानकारी नहीं चाहिएः जज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं की एंट्री को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। सुनवाई के दौरान जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि वॉट्सएप यूनिवर्सिटी से मिली जानकारी को स्वीकार नहीं किया जा सकता। जस्टिस नागरत्ना ने यह टिप्पणी दाउदी बोहरा समुदाय की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट नीरज किशन कौल की दलील के जवाब में की थी। कौल ने कहा था कि ज्ञान और समझ, चाहे वह किसी भी सोर्स से मिली हो, उसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है। कौल एक अखबार में कांग्रेस सांसद डॉ. शशि थरूर के लिखे लेख का हवाला दे रहे थे। सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।



**नमाज अदा करने के लिए महिलाओं का जमात का हिस्सा होना जरूरी नहीं**

जस्टिस अमानुल्लाहः आपको सभी की जानकारी के लिए यह विस्तार से बताना चाहिए कि शुरू से ही, इस बात पर कोई विवाद नहीं रहा है। शमशादः साथ ही, मुसलमानों के सभी धार्मिक संप्रदायों में इस बात पर आम सहमति है कि महिलाओं के लिए नमाज अदा करने के लिए जमात (समूह) का हिस्सा होना जरूरी नहीं है।

### फ्रांस के हवाई अड्डों पर भारतीयों को ट्रांसिट वीजा से मिली छूट

**नई दिल्ली।** फ्रांस ने अपने यूरोपीय क्षेत्र के हवाई अड्डों से पारगमन सुविधा का इस्तेमाल करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए ट्रांसिट वीजा लेने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। गत 10 अप्रैल से लागू इस निर्णय के तहत भारतीय यात्री आगे के गंतव्य के लिए विमान बदलने के लिए यदि किसी फ्रांसीसी हवाई अड्डे का इस्तेमाल करते हैं तो अब उन्हें इसके लिए ट्रांजिट वीजा नहीं लेना होगा।
विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस संबंध में गुरुवार को नियमित प्रेस ब्रीफिंग में जानकारी देते हुए कहा कि फ्रांस से होकर केवल हवाई मार्ग से पारगमन करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए अब 10 अप्रैल 2026 से ट्रांजिट वीजा की आवश्यकता खत्म हो गई है।

## हरियाणा में भर्ती होंगे 69 फिजियोथेरेपिस्ट : आरती सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि राज्य के स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही फिजियोथेरेपिस्ट के 69 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग में मांग पत्र भेजा गया है। पहले विभाग द्वारा 54 रिक्त पदों पर भर्ती किए जाने के बारे में लोक सेवा आयोग को मांग पत्र भेजा गया था। संशोधित करके फिजियोथेरेपिस्ट के 69 रिक्त पदों पर भर्ती करने के लिए भेजा गया है।
स्वास्थ्य मंत्री ने जींद जिला के गांव उझाना तथा करनाल जिला के गांव संभली में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की भी हरियाणा सरकार द्वारा स्वीकृति दे दी गई है , उझाना सीएचसी निर्माण के लिए 2195.46 लाख रुपए की तथा संभली सीएचसी के लिए मुख्यमंत्री ने 2322.37 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। ग्रामीण क्षेत्र में उपस्वास्थ्य केंद्र, पीएचसी, सीएचसी या अन्य स्वास्थ्य संस्थान खोलने की आवश्यकता हो, उस गांव में जल्द से जल्द नियमानुसार शुरू किया जाए।

## हावड़ाः पीएम का रोड-शो, बोले- भाजपा का भरोसा जीतेगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में गुरुवार को 152 सीटों पर वोटिंग हुई तो 142 सीटों पर चुनाव प्रचार चलता रहा। पीएम मोदी ने कृष्णानगर और मथुरापुर में जनसभा की और हावड़ा में रोड शो किया। मोदी ने कहा कि जनता ने तय कर दिया है कि 4 मई को परिणाम नहीं, परिवर्तन आएगा। टीएमसी हारेगी और भाजपा का भरोसा जीतेगा। अब का मतदान सभी रिकॉर्ड तोड़ रहा है। मैं यहां परिवर्तन की आंधी देख रहा हूं। प्रधानमंत्री की रैली के बाद टीएमसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा- न आए हो, न आओगे। जिस वक्त मोदी हावड़ा में रोड शो कर रहे थे, उसी वक्त मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भवानीपुर में रोड शो किया। ममता यहीं से विधायक हैं। भवानीपुर में 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। यहां से सुवेंदु अधिकारी भाजपा प्रत्याशी हैं।



**चुनाव प्रचार**

□ टीएमसी का बीजेपी को जवाब– न आए हो न आओगे; भवानीपुर में ममता की पदयात्रा

### औद्योगिक नीति-2026: एवीजीसी-एक्सआर के लिए बनेगी सेक्टर पॉलिसी



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार राज्य को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम), आईटी, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग सेक्टर का ग्लोबल हब बनाने की तैयारी में है। सरकार ऐसी इंडस्ट्रियल पॉलिसी तैयार कर रही है, जो इन उभरते क्षेत्रों में निवेशकों के लिए अत्यंत आकर्षक होने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन, इनोवेशन और अत्याधुनिक तकनीकी विकास को भी गति देगी।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को नई दिल्ली में नई इंडस्ट्रीयल पॉलिसी के संबंध में उद्योगपतियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि आईटी, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग, कॉमिक्स और ईएसडीएम सेक्टर देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभर रहा है। नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी में ईएसडीएम कंपनियों को विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इसमें कैपिटल सब्सिडी, टैक्स बेनिफिट्स, स्किल डेवलपमेंट सपोर्ट, और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जैसे प्रावधान शामिल किए जाएंगे, ताकि उद्योगों को स्थापित करने और विस्तार करने में किसी प्रकार की बाधा न आए। प्रतिनिधियों ने सुझाव देते हुए कहा कि फ्यूचरिस्टिक प्रोडक्ट और कुछ कंपनियों का चयन करके उन्हें ग्लोबल कंपनी बनाने में मदद की जाए। एक्सपोर्ट इंडस्ट्री के लिए विदेशों में प्रोडक्ट स्टोरेज की दिक्कतों के समाधान के लिए ग्लोबल वेयरहाउस स्थापित किए जाएं ताकि विभिन्न कंपनियां इन ग्लोबल वेयरहाउस में अपने प्रोडक्ट्स स्टोर कर सकें। माइक्रोसॉफ्ट से संदीप अरोड़ा ने युवाओं को भविष्य की उभरती तकनीकों के अनुरूप सक्षम बनाने के उद्देश्य से माइक्रोसॉफ्ट के साथ स्कूलों, आईटीआई और अन्य शिक्षण संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्टडी को बढ़ावा देने पर चर्चा की।

**स्वीकृति** | *पिछले तीन वर्षों में 99,799 नए मामले स्वीकृत लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 8.42 लाख*

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन के समयबद्ध वितरण के लिए नियमों में संशोधन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**
**शिमला।** वर्तमान प्रदेश सरकार ने पिछले तीन वर्षों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 99,799 नए मामलों को स्वीकृति प्रदान की है, जिससे राज्य में कुल लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 8,41,917 हो गई है। इन लाभार्थियों में वरिष्ठ नागरिक, विधवाएं, एकल महिलाएं और दिव्यांगजन विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत शामिल हैं।
कुल लाभार्थियों में से 1,04,740 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, 5,04,253 को राज्य वृद्धावस्था पेंशन, 25,414 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, 1,26,808 को विधवा, निराश्रित और एकल महिला पेंशन, 1,340 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन तथा 78,291 को विकलांगता राहत भत्ता प्रदान किया जा रहा है।



**सामाजिक सुरक्षा**

□ इन लाभार्थियों में वरिष्ठ नागरिक, विधवाएं, एकल महिलाएं और दिव्यांगजन विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत शामिल

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वित्त वर्ष 2023द24 में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 41,799 नए मामले स्वीकृत किए गए है। 2024द25 में 41,012 और 2025द26 में 16,988 नए मामले स्वीकृत हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के नियमों में संशोधन को मंजूरी दी है, ताकि पेंशन का समय पर वितरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के प्रति सरकार ने प्रतिबद्धता से कार्य करते हुए 69 वर्ष तक की 2,67,040 महिलाओं को योजना के तहत प्रतिमाह 1,500 रुपये की पेंशन दी जा रही है। राज्य में वर्तमान में 5,04,253 वृद्धावस्था पेंशनधारक, 1,26,808 विधवा, निराश्रित और एकल महिला लाभार्थी, 78,291 विकलांगता राहत भत्ता प्राप्तकर्ता, 1,021 कुष्ठ रोग पुनर्वास भत्ता पाने वाले तथा 50 ट्रांसजेंडर पेंशनधारक हैं।
ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 100 प्रतिशत दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 1,700 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया है, जिससे लगभग 7,000 लोग लाभान्वित होंगे। विधवा, परित्यकत और एकल महिलाओं के साथ-साथ 40 से 69 प्रतिशत दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने के लिए आय सीमा और ग्राम सभा की स्वीकृति की अनिवार्यता को समाप्त करना सरकार द्वारा किए गए सबसे महत्त्वपूर्ण सुधारों में एक हैं।

### क्रिकेट स्टेडियमों में भूजल उपयोग पर एनजीटी सख्त, भेजा नोटिस

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (प्रधान पीठ) ने राजधानी के क्रिकेट स्टेडियमों में भूजल उपयोग एवं आदेश अनुपालन न करने पर नोटिस जारी करते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। क्रिकेट स्टेडियमों मे भूजल का उपयोग करने के मामले में की सुनवाई की। पीठ ने वर्ष 2021 में पारित अपने पूर्व आदेश के अनुपालन की समीक्षा करते हुए कहा कि क्रिकेट मैदानों में भूजल के अत्यधिक दोहन को रोकना एवं एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) के उपचारित जल तथा वर्षा जल संचयन प्रणाली के उपयोग को सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।



उत्तर भारत
Ai ACTION INDIA
करनाल, 24 अप्रैल 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com



# सीएम साय की बड़ी पहल: मुख्यधारा में लौटे युवाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा और नई उम्मीद

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए आयुष्मान कार्ड भी बनाए जा रहे हैं, जिससे वे आर्थिक चिंता के बिना इलाज करा सकें

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में माओवाद छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटे पुनर्वासित युवाओं को अब शासन की विभिन्न योजनाओं का व्यापक लाभ मिल रहा है। प्रशासन द्वारा इन युवाओं को नई शुरूआत देने के लिए जरूरी दस्तावेजों और सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है।

**दस्तावेजों से लेकर स्वास्थ्य तक पूरा सहयोग**

पुनर्वासित युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उन्हें राशन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज सुगमता से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए आयुष्मान कार्ड भी बनाए जा रहे हैं, जिससे वे आर्थिक चिंता के बिना इलाज करा सकें।

**आयुष्मान योजनाओं से व्यापक स्वास्थ्य सुरक्षा**

जिला चिकित्सालय बीजापुर में आयोजित कार्यक्रम में पुनर्वासित युवाओं को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। इस कार्ड के माध्यम से



विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत उन्हें बड़ा लाभ मिलेगा–
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत
बीपीएल परिवारों को 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज
एपीएल परिवारों को 50 हजार रुपये तक का इलाज लाभ
मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत
दुर्लभ एवं गंभीर बीमारियों के लिए 25 लाख रुपये तक की मुफ्त चिकित्सा सहायता
साथ ही लाभार्थियों को योजनाओं के उपयोग और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

**युवाओं में दिखा नया आत्मविश्वास**

आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने के बाद पुनर्वासित युवाओं में उत्साह और आत्मविश्वास साफ नजर आया। उन्होंने शासन और प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते हुए बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने की इच्छा जताई।

**समावेशी विकास की ओर मजबूत कदम**

यह पहल न केवल पुनर्वासित युवाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें समाज में सम्मानजनक जीवन जीने के लिए भी प्रेरित कर रही है।

प्रशासन का लक्ष्य है कि ऐसे सभी युवाओं को योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए।

### सिकल सेल के 1527 और मोतियाबिंद के 2496 मामलों की पहचान की गई

जांच के दौरान मलेरिया के 1125, टीबी के 3245, कुष्ठ के 2803, मुख कैंसर के 1999, सिकल सेल के 1527 और मोतियाबिंद के 2496 मामलों की पहचान की गई है। समय पर पहचान और उपचार शुरू होने से इन बीमारियों की जटिलताओं को कम करने में मदद मिल रही है, साथ ही गंभीर स्थितियों को टालने की दिशा में भी यह पहल महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

अभियान को प्रभावी बनाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और सुपर स्पेशियलिटी संस्थानों तक एक समन्वित व्यवस्था बनाई गई है। मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और स्वास्थ्य शिविरों के जरिए उन इलाकों तक भी सेवाएं पहुंच रही हैं, जहां पहले इलाज की सुविधा सीमित थी। इसके साथ ही लोगों के डिजिटल स्वास्थ्य प्रोफाइल (आभा) तैयार किए जा रहे हैं, ताकि आगे भी इलाज की निरंतरता बनी रहे और जरूरत पड़ने पर तुरंत स्वास्थ्य जानकारी उपलब्ध हो सके।

## बस्तर में स्वास्थ्य अभियान ने पकड़ी रफ्तार, दूरस्थ अंचलों तक बढ़ा भरोसा



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** बस्तर संभाग के घने जंगलों, ऊबड़-खाबड़ पहाड़ियों और दूरस्थ बसाहटों में अब स्वास्थ्य सेवाओं की दस्तक साफ महसूस की जा रही है। जहां कभी इलाज के लिए लंबी दूरी और अनिश्चितता ही विकल्प थी, वहां अब स्वास्थ्य विभाग की टीमें खुद लोगों के द्वार तक पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान के दस दिन पूरे होते-होते यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में सफल हो रही है, बल्कि सुदूर अंचलों में रहने वाले लोगों के मन में भरोसे की नई किरण भी जगा रही है। अभियान के तहत अब तक 6.39 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है। बड़ी संख्या में मरीजों को मौके पर ही नि:शुल्क दवा और उपचार उपलब्ध कराया गया है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में तत्काल राहत मिली है। गंभीर स्थिति वाले मरीजों को प्राथमिकता के साथ चिन्हित कर त्वरित रेफरल की व्यवस्था की गई है। अब तक 8055 मरीजों को उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में भेजकर विशेषज्ञ उपचार सुनिश्चित किया गया है।

## ट्रेजर हंट जैसे नवाचारों पर जोर

### ज्ञानभारतम सर्वे को मिली रफ्तार : 31 मई तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** मुख्य सचिव विकासशील ने कहा कि शासकीय संस्थानों, मंदिरों, मठों, पुस्तकालयों, महाविद्यालयों एवं निजी संस्थानों में संरक्षित पांडुलिपियों के सर्वेक्षण के लिए सक्रिय प्रयास करें। उन्होंने कहा कि परंपरागत समुदायों और पुरातात्विक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पांडुलिपियां और ज्ञान-संपदा मिल सकती है, इसलिए इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए।



उन्होंने जनभागीदारी बढ़ाने के लिए पांडुलिपि ट्रेजर हंट जैसे नवाचारों के आयोजन का सुझाव दिया गया, जिससे आम नागरिक भी इस अभियान से जुड़ सकें।

## अपनी जिम्मेदारी निभाएं और अपनी बेटियों को सर्वाईकल कैंसर के खतरे से बचाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** बेटियों की मुस्कान में ही भविष्य की सबसे उजली तस्वीर बसती है-और इसी मुस्कान को सुरक्षित रखने के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ ने एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण कार्यक्रम की शुरूआत की है। यह पहल केवल एक शासकीय योजना नहीं, बल्कि हर उस माँ-बाप के विश्वास की रक्षा है, जो अपनी बेटी के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित कल का सपना देखते हैं। भारत सरकार के नेतृत्व में चल रहे अभियान से जुड़ते हुए छत्तीसगढ़

> गर्भाशय ग्रीवा कैंसर महिलाओ में होने वाले कैंसरों में दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है। ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण के कारण होता है

अब उन सभी राज्यों के साथ कदम से कदम मिला रहा है, जिन्होंने गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर को जड़ से समाप्त करने का बीड़ा उठाया है। गर्भाशय ग्रीवा कैंसर महिलाओ में होने वाले कैंसरों में



दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है। यह मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण के कारण होता है, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के प्रारंभिक चरण में सामान्यतः कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देता जिस कारण अक्सर यह गंभीर अवस्था में पहुँच जाता है। टीकाकरण इस गंभीर कैंसर के खिलाफ एक सशक्त और भरोसेमंद सुरक्षा कवच के रूप में स्थापित हो चुकी है- वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित, पूर्णतः सुरक्षित, अत्यंत प्रभावी है और इसकी सुरक्षा को लेकर कोई गंभीर प्रतिकूल प्रभाव दर्ज नहीं हुआ है- जो इसकी विश्वसनीयता को और भी पुख्ता बनाता है। यह टीका केवल आज की सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों में कैंसर के खतरे को जड़ से कम करने की ठोस और दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करता है। निजी अस्पतालों में एचपीवी टीके की एक खुराक की कीमत लगभग 4,000 तक होती है, जो अनेक परिवारों के लिए वहन करना आसान नहीं है।

## अदाणी फाउंडेशन ने एएसडीसी के माध्यम से चार युवाओं के लिए खोली नई दुनिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और बिल्डिंग मटेरियल कंपनी एसीसी, अदाणी फाउंडेशन के साथ मिलकर हिमाचल प्रदेश के गग्गल स्थित अपने अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एएसडीसी) के माध्यम से गांवों के युवाओं को हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में प्रशिक्षित कर एक नई पीढ़ी के पेशेवर तैयार कर रही है। हिमाचल प्रदेश अपनी पहाड़ियों, घाटियों और तेजी से बढ़ते हॉस्पिटैलिटी उद्योग के लिए जाना जाता है।कसौली से धर्मशाला तक होटल,रिसॉर्ट और गेस्ट प्रॉपर्टीज फैली हुई हैं,लेकिन आसपास के गांवों में पले-बढ़े अधिकांश युवाओं के लिए ये चमकदार दुनिया हमेशा दूर की चीज लगती थी।एसीसी गग्गल में अदाणी फाउंडेशन का एएसडीसी इसी दूरी को कम कर रहा है।फूड एंड बेवरेज सर्विस,फ्रंट ऑफिस ऑपरेशंस और एकोमोडेशन मैनेजमेंट जैसे हॉस्पिटैलिटी ट्रेड्स में उद्योग की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण देकर यह केंद्र ग्रामीण हिमाचल को राज्य के सबसे अधिक रोजगार देने वाले क्षेत्रों में सीधे जोड़ रहा है।

## हरिद्वार में बनेगा बासमती राइस उत्पादन क्लस्टर, किसानों को मिलेगा लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** हरिद्वार जिले में बासमती धान उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर आधारित खेती की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू कर दी गई है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र के निर्देशन में इस योजना को मिशन मोड में लागू करने की रणनीति तैयार की गई है। प्रशासन द्वारा बासमती धान को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके तहत पहले चरण में 100 एकड़ क्षेत्र में 100 किसानों का चयन किया गया है। बहादराबाद और भगवानपुर विकासखंडों में 50-50 एकड़ के दो क्लस्टर बनाए गए हैं। इन क्लस्टरों में ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना की महिला लाभार्थियों, कृषि विभाग के किसानों तथा गुजर समुदाय के लोगों को शामिल किया गया है। इस योजना के तहत बासमती चावल को फॉर्म टू टेबल सिद्धांत पर विकसित किया जाएगा, जिसमें उत्पादन से लेकर प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और निर्यात तक पूरी वैल्यू चेन तैयार की जाएगी। विकास भवन सभागार में गुरुवार




> सभी हितधारकों को लाभ मिलेगा और किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सकेगा

को आयोजित एक स्टेकहोल्डर समन्वय बैठक में प्रगतिशील किसानों, कृषि विभाग के अधिकारियों, रीप परियोजना के स्टाफ और देहरादून से आए बासमती विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक में वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार ने किसानों को बासमती धान की उन्नत खेती, नर्सरी प्रबंधन, रोग एवं कीट नियंत्रण सहित आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी।

योजना के तहत पारंपरिक बासमती किस्मों के संरक्षण के साथ-साथ ब्रांडिंग और पैकेजिंग कर निर्यात बढ़ाने की भी तैयारी है। इससे जुड़े सभी हितधारकों को लाभ मिलेगा और किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सकेगा। जिला परियोजना प्रबंधक संजय कुमार सक्सेना ने बताया यह पहल हरिद्वार में बासमती चावल को एक स्पेशलिटी राइस वैल्यू चेन के रूप में विकसित करने की दिशा में गेम चेंजर साबित हो सकती है। बैठक में जिला विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, परियोजना टीम, तकनीकी स्टाफ और विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों ने सक्रिय भागीदारी की।



उपराष्ट्रपति पहुंचे उत्तराखंड, राज्यपाल और मुख्यमंत्री धामी ने किया स्वागत।

## हुंडई मोटर कंपनी और टीवीएस मोटर कंपनी ने की औपचारिक साझेदारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी:** हुंडई मोटर कंपनी (हुंडई मोटर) और टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड (टीवीएस मोटर)ने एक जॉइंट डेवलपमेन्ट एग्रीमेन्ट (जेडीए)साईन किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य आधुनिक इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर सोल्युशन्स के विकास एवं कमर्शियलाइजेशन को बढ़ावा देना है जिन्हें खासतौर पर भारत की लास्ट माइल मोबिलिटी की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में ई थ्री व्हीलर अवधारणा की सफल प्रस्तुति के बाद इस साझेदारी को औपचारिक रूप दिया गया ।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2026**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

**04008/04007 आनन्द विहार (ट) - जोगबनी - आनन्द विहार (ट) आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 24 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04008 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04008 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04007 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04007 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 08:30 | आनन्द विहार (ट) | 03:00 | ---- |
| 15:00 | ---- | जोगबनी | ---- | 18:30 |

**चलने के दिन:** **04008 आनन्द विहार (ट)** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 18.04.2026 से 11.07.2026 तक **(23.05.2026 को छोड़कर)** एवं **04007 जोगबनी** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 19.04.2026 से 12.07.2026 तक **(24.05.2026 को छोड़कर)।**
**ठहराव:** गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया कोर्ट एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन।
**स्थान:** वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर एवं शयनयान।

**04072/04071 नई दिल्ली - सुपौल जं. - नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 170 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04072 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04072 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04071 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04071 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:35 | नई दिल्ली | 15:00 | ---- |
| 06:35 | ---- | सुपौल जं. | ---- | 07:45 |

**चलने के दिन:** **04072 नई दिल्ली** से दिनांक 15.07.2026 तक **(21.05.2026 से 25.05.2026 को छोड़कर)** एवं **04071 सुपौल जं.** से दिनांक 18.04.2026 से 16.07.2026 तक **(22.05.2026 से 26.05.2026 को छोड़कर)।**
**ठहराव:** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सिमरी बख्तियारपुर एवं सहरसा जं. स्टेशन।
**स्थान:** वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04002/04001 हज़रत निज़ामुद्दीन - दादर - हज़रत निज़ामुद्दीन आरक्षित सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04002 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04002 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04001 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04001 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:45 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 21:35 | ---- |
| 22:40 | ---- | दादर | ---- | 00:15 |

**चलने के दिन:** **04002 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 21.04.2026 से 14.07.2026 तक एवं **04001 दादर** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 23.04.2026 से 16.07.2026 तक।
**ठहराव:** कोसी कलां, मथुरा जं., गंगापुर सिटी, कोटा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., सूरत एवं बोरीवली स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता, वाता-2 टीयर एवं वाता-3 टीयर।

**04028/04027 आनंद विहार (ट) - मुजफ्फरपुर जं. - आनंद विहार (ट) आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04028 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04028 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04027 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04027 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:15 | आनंद विहार (ट) | 05:30 | ---- |
| 04:30 | ---- | मुजफ्फरपुर जं. | ---- | 06:15 |

**चलने के दिन:** **04028 आनंद विहार (ट)** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 24.04.2026 से 15.05.2026 तक एवं **04027 मुजफ्फरपुर जं.** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 25.04.2026 से 16.05.2026 तक।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., छपरा, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता, वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर एवं शयनयान।

**04030/04029 आनंद विहार (ट) - मुजफ्फरपुर जं. - आनंद विहार (ट) आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04030 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04030 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04029 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04029 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:00 | आनंद विहार (ट) | 05:30 | ---- |
| 04:30 | ---- | मुजफ्फरपुर जं. | ---- | 06:15 |

**चलने के दिन:** **04030 आनंद विहार (ट)** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 22.04.2026 से 15.07.2026 तक एवं **04029 मुजफ्फरपुर जं.** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 23.04.2026 से 16.07.2026 तक।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., छपरा, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन।
**स्थान:** वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर एवं शयनयान।

**04088/04087 नई दिल्ली - दानापुर - नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 164 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04088 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04088 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04087 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04087 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:50 | नई दिल्ली | 13:30 | ---- |
| 12:45 | ---- | दानापुर | ---- | 15:10 |

**चलने के दिन:** **04088 नई दिल्ली** से दिनांक 20.04.2026 से 15.07.2026 तक **(21.05.2026 से 25.05.2026 को छोड़कर)** एवं **04087 दानापुर** से दिनांक 21.04.2026 से 16.07.2026 तक **(22.05.2026 से 26.05.2026 को छोड़कर)।**
**ठहराव:** टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., दिलदार नगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर एव आरा स्टेशन।
**स्थान:** वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04616/04615 फिरोजपुर कैंट जं. - पटना जं. - फिरोजपुर कैंट जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04616 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04616 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04615 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04615 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 12:00 | फिरोजपुर कैंट जं. | 23:55 | ---- |
| 18:35 | ---- | पटना जं. | ---- | 20:20 |

**चलने के दिन:** **04616 फिरोजपुर कैंट जं.** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 21.04.2026 से 14.07.2026 तक एवं **04615 पटना जं.** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 22.04.2026 से 15.07.2026 तक।
**ठहराव:** मोगा, लुधियाना, अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रुड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहांपुर जं., हरदोई, बालामऊ जं., आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., जंघई जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, रघुनाथपुर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।
**स्थान:** वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04086/04085 मेरठ सिटी जं. - खड़गपुर - मेरठ सिटी जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04086 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04086 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04085 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04085 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:00 | मेरठ सिटी जं. | 17:30 | ---- |
| 04:15 | ---- | खड़गपुर | ---- | 15:45 |

**चलने के दिन:** **04086 मेरठ सिटी जं.** से दिनांक 19.04.2026 एवं 26.04.2026 को एवं **04085 खड़गपुर** से दिनांक 21.04.2026 एवं 28.04.2026 को।
**ठहराव:** हापुड़ जं., खुर्जा जं., अलीगढ़ जं., गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जं. गोमो, महुदा जं., भोजूडीह जं., आद्रा, बांकुड़ा, बिष्णुपुर एवं मिदनापुर स्टेशन।
**स्थान:** वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04078/04077 दिल्ली जं. - न्यू जलपाईगुड़ी - दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04078 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04078 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04077 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04077 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:55 | दिल्ली जं. | 16:10 | ---- |
| 07:30 | ---- | न्यू जलपाईगुड़ी | ---- | 10:30 |

**चलने के दिन:** **04078 दिल्ली जं.** से दिनांक 18.04.2026 को एवं **04077 न्यू जलपाईगुड़ी** से दिनांक 20.04.2026 को।
**ठहराव:** गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., बरौनी जं., खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं. एवं किशनगंज स्टेशन।
**स्थान:** वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04514/04513 चंडीगढ़ - हावड़ा जं. - चंडीगढ़ आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04514 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04514 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04513 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04513 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:45 | चंडीगढ़ | 19:20 | ---- |
| 06:30 | ---- | हावड़ा जं. | ---- | 09:00 |

**चलने के दिन:** **04514 चंडीगढ़** से दिनांक 18, 22 एवं 27.04.2026 को एवं **04513 हावड़ा जं.** से दिनांक 20, 24 एवं 29.04.2026 को।
**ठहराव:** अंबाला कैंट, सहारनपुर जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं.,शाहजहांपुर जं., आलम नगर, उतरेटिया जं., सुल्तानपुर, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., गया जं., कोडरमा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जं. गोमो, आसनसोल, बर्द्धमान एवं बंडेल जं. स्टेशन।
**स्थान:** वाता-3 टीयर एवं शयनयान।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीएवी स्कूल में पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**उत्साह**

**बहुआयामी कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पृथ्वी दिवस के अवसर पर डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, जगाधरी गेट,अंबाला शहर में पर्यावरण संरक्षण एवं कानूनी जागरूकता को समर्पित एक भव्य एवं बहुआयामी कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के लीगल लिटरेसी क्लब के तत्वावधान में किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की समझ विकसित करना रहा।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पधारीं एडवोकेट श्रीमती कविता ने कक्षा 7वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कानूनों, संवैधानिक प्रावधानों एवं नागरिकों की जिम्मेदारियों पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। उन्होंने वाहन प्रदूषण जांच (ढङ्कह्लह्ल४३ङ्कल्ल ळी२३), पर्यावरण संरक्षण अधिनियम एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ भाग लेते हुए अपने प्रश्न प्रस्तुत किए तथा सटीक उत्तर देकर अपनी जागरूकता का परिचय दिया। विशेष रूप से आराध्या गर्ग (कक्षा 8 ह्यएह्व), हरतेजस (कक्षा 6 ह्यबीह्व), विहान (कक्षा 7 ह्यडीह्व), ऋधुम (कक्षा 7 ह्यडीह्व) एवं विवान



(कक्षा 7 ह्यईह्व) ने अपने विचारोत्तेजक प्रश्नों एवं सटीक उत्तरों के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विशेष सम्मान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 6वीं, 7वीं एवं 8वीं के लगभग 300 विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने ह्यवसुंधरा की सुंदरताह्व एवं ह्यधरती की वर्तमान स्थितिह्व को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से चित्रित किया। वहीं कक्षा 3 एवं 4 के विद्यार्थियों के लिए ह्यमाँ धरतीह्व विषय पर ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें नन्हे विद्यार्थियों ने अपने रंगों के माध्यम से प्रकृति के प्रति प्रेम और सम्मान को सजीव रूप दिया।

प्रार्थना सभा में दयानंद सदन के सदस्या श्रीमती अंजू डोगरा द्वारा खुला मंच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बी.एड. के प्रशिक्षु शिक्षकों का भी सराहनीय सहयोग रहा। विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इसके अतिरिक्त कक्षा 6 एवं 7 के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। इको क्लब एवं एन.एस.एस. के विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण स्वच्छता एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

कक्षा 3 की छात्रा अमृत ने ह्यपेड़ह्व का रूप धारण कर भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की, जिसने सभी का मन मोह लिया और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता का सुंदर संदेश दिया।

पूर्व प्राथमिक विभाग की कोऑर्डिनेटर श्रीमती मंजू सचदेवा ने बताया कि कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 के विद्यार्थियों को उन्होंने पर्यावरण से संबंधित जानकारी दे विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे व मां धरती को स्वस्थ और सुंदर रखने की शपथ ली।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि ह्लपृथ्वी हमारा एकमात्र घर है, और इसकी रक्षा करना हम सभी का सर्वोच्च कर्तव्य है। विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करना समय की महती आवश्यकता है।ह्व

विद्यालय के लीगल लिटरेसी क्लब की इंचार्ज श्रीमती सीमा कौशिक एवं सुश्री पूनम शर्मा द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विशेष प्रयास किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय श्री राजकुमार, श्रीमती भारती, श्रीमती वंदना सोढ़ी एवं श्रीमती गौरी वंदना द्वारा अत्यंत समर्पण एवं कुशलता के साथ किया गया।

इस प्रकार यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं जागरूकता से परिपूर्ण सिद्ध हुआ, जिसने उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित किया।

## समाधान शिविर में लोगों को मिल रही बेहतरीन सुविधा: सिंह

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा समाधान शिविर आयोजित कर लोगों को बेहतरीन सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। आमजन को अपने प्रशासनिक कार्य करवाने के लिए अलग-अलग कार्यालय में नहीं जाना पड़ता है। आमजन समाधान शिविर के दौरान अपनी समस्याओं व शिकायतों का निवारण मौके पर ही करवा रहे हैं। सरकार की इस पहल से आमजन काफी संतुष्ट है।



एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने वीरवार को समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं व शिकायतें सुनी। उन्होंने मौके पर ही कई समस्याओं का निपटारा किया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान हो, इसके लिए उपमंडल स्तर पर सप्ताह में दो बार समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे इन समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। समाधान शिविर के माध्यम से आम नागरिक एक ही समय में अपनी एक से अधिक समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर एसडीएम कार्यालय में हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### चीका की टूटी सड़कों ने एक बार फिर ली व्यक्ति की जान

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** यहां की टूटी फूटी सड़कें लोगों के लिए काल साबित हो रही हैं परंतु सरकार व प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। आज एक बार फिर यहां पिहोवा रोड़ पर एक ट्रक चालक एक व्यक्ति गुरिया को रौंद कर फरार हो गया। व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरिया सुबह सैर को निकला था परंतु लापरवाही से तेज गति से आ रहे एक ट्रक के चालक ने गुरिया की जिंदगी छीन ली। मालूम रहे कि यहां की सड़कें लम्बे समय से टूटी हुई हैं और लोग नई सड़कें बनाने की बार बार मांग कर रहे हैं परंतु लोगों की आवाज नक्कारखाने की तूती की तरह बनी हुई है। बीच बीच में सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सड़कों के गड्ढे भरने के लिए पैच वर्क करते हैं परंतु दो-तीन दिन बाद वह पैच वर्क भी उखड़ जाता है और बजरी सड़क पर फैल जाती है, जिससे दो पहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं। बहरहाल नगर पुलिस थाने के प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि डैड बाडी पोस्टमार्टम के लिए कैथल भेज दी गई है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### चीका में पेस्टीसाइड फर्म का फर्जी लाइसेंस बनाकर लोगों से 32 लाख रुपए हड़पे, खुद को फर्म का मालिक बताने लगे दोनों आरोपी

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** चीका शहर में एक पेस्टिसाइड की फर्म का फर्जी लाइसेंस तैयार कर ग्राहकों से रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो आरोपियों ने मिलकर फर्म का फर्जी लाइसेंस बनवा लिया। आरोपी कई वर्षों से इस लाइसेंस पर सामान की खरीद फरोख्त कर लोगों से रुपए ले रहे थे। जब फर्म के असली मालिक को इसके बारे में पता चला, तो उसने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गुहला के गांव पीडल के गाढ़ा सिंह ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसने 2013 में पेस्टीसाइड की फर्म बनाई थी। ग्राहकों को पेस्टिसाइड का सामान बेच रहा था। इस बीच आरोपी हरपाल सिंह व संदीप खर्ब ने उसकी फर्म का फर्जी लाइसेंस तैयार करवा लिया। दोनों आरोपी खुद को फर्म का मालिक बताने लगे। ऐसा करके आरोपी उसकी फर्म के फर्जी लाइसेंस से लोगों के साथ धोखाधड़ी करने लगे। गाढ़ा ङ्क्षसह ने बताया कि उसे इस बारे में तब पता चला, जब पीड़ित लोग उसके पास शिकायतें लेकर आए। आरोपियों ने लोगों से करीब 32 लाख रुपए हड़प लिए। शिकायतकर्ता ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस चीका थाना एसएचओ प्रवीण कुमार ने बताया कि इस संबंध में पुलिस के पास शिकायत आई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद ही अगली कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सर्व समाज सभा सदस्यों ने बरसाती नालों व सीवरेज की सफाई हेतू एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर**
**रतिया, 23 अप्रैल :** सर्व समाज सभा रतिया द्वारा बरसाती नालों एवं सीवरेज की सफाई करवाने हेतू प्रधान सतपाल जिंदल की अध्यक्षता में सदस्यों ने एसडीएम सुरेन्द्र सिंह को मांग पत्र सौंपा। एस डी एम को मांग पत्र देने के उपरांत जानकारी देते हुए महासचिव डा नैब सिंह मंडेर एवं प्रेस सचिव हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि पिछले दिनों सर्व समाज सभा की मासिक बैठक में मुख्य रूप से बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सीवरेज एवं बरसाती नालो की सफाई करवाए जाने की मांग के अलावा शहर के जिस क्षेत्र में व्यक्ति रहता है उसी क्षेत्र की लोकेशन आनलाइन सिस्टम में दिखनी चाहिए वह सही लोकेशन की बजाए अन्य क्षेत्र की लोकेशन उठाता है जिससे क्षेत्र मुहल्लावासीओं को बहुत बड़ी दिक्कतों का साहमना करना पढ़ता है सभा सदस्यों ने प्रशासन से मांग उठाई है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए समस्याओं का हल तुरंत करवाया जाए ताकि किसी भी कार्य में मकान, घर आदि की लोकेशन उठानी हो तो कोई समस्या न आए।

## जेवियर ने पृथ्वी दिवस पर की पृथ्वी को बचाने की गतिविधियां

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** ए. जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल चीका में पृथ्वी दिवस को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह प्रार्थना सुबह से हुई। इस मौके पर छात्रों तथा शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष आलोक बसु राय ने विद्यार्थियों को पृथ्वी को बचाने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, पेड़ों की कटाई और जलवायु परिवर्तन हमारे भविष्य और सभी संजीव वस्तु के लिए




गंभीर चुनौती है । इसके बाद छात्रों ने पोस्टर मेकिंग, भाषण और निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों को पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जैसे संदेश के माध्यम से पर्यावरण का महत्व बताया गया। स्कूल परिसर में वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें सभी छोटे और बड़े बच्चों ने भाग लिया।

## नीट परीक्षा को लेकर डीसी ने की तैयारियों की समीक्षा

**तोशाम, वंदना शर्मा**
**भिवानी, 23 अप्रेल।** जिले में आगामी तीन मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों परीक्षा से संबंधित तैयारियों को लेकर जरूरी निर्देश दिए। जिला में विभिन्न स्थानों पर सात सेंटर बनाए जाएंगे, जिनमें 3817 परीक्षार्थी होंगे।

बैठक के दौरान डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली



जाएं। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी व निष्पक्ष होनी चाहिए। इसके लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पेयजल, बिजली, शौचालय, बैठने की व्यवस्था तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।

डीसी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा संवेदनशील केंद्रों की विशेष निगरानी रखी जाए। इसके अलावा परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएं और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परिवहन व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बसों एवं अन्य यातायात साधनों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, ताकि दूर-दराज से आने वाले अभ्यर्थियों को परेशानी न हो। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था उपलब्ध रहे और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम तैयार रखी जाए। इसके साथ ही बिजली विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और समय-समय पर तैयारियों की समीक्षा करते रहें, ताकि नीट परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराई जा सके।

## अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल को गंभीरता से न लेना सरकार पर ही पड़ेगा भारी: पिरथी

**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल दिया जाएगा।** उन्होंने कहा कि सरकार अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की परीक्षा ले रही है लेकिन अग्निशमन कर्मचारी पूरे साहस के साथ हड़ताल पर पूरे प्रदेश में लगातार बैठे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में सभी 90 विधायक को व मंत्रियों को ज्ञापन देने का कार्यक्रम 22 तारीख से लगातार जारी है और प्रदेश के लगभग सभी विधायकों और मंत्रियों को ज्ञापन दिया जा चुका है। उन्होंने चेताया कि अगर सरकार ने समय रहते अग्निशमन विभाग के



कर्मचारियों की मांगों का समाधान ना किया तो आंदोलन और तेज होगा। इसी घड़ी में नगरपालिका कर्मचारी हरियाणा ऐसोसिएशन द्वारा समर्थन करते हुए कल 24 व 25 अप्रैल को नगरपालिका, परिषद व निगम के कर्मचारी झाड़ू प्रदर्शन करेंगे। उसके बाद 27 व 28 तारीख को नगरपालिका, परिषद, निगम व फायर के कर्मचारी कार्मिक भूख हड़ताल करेंगे। अगर सरकार ने इस दौरान कर्मचारियों की मांगों का समाधान न किया, तो एक व दो मई को पालिका, परिषद व निगम के लगभग 40000 कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे।

## बरसाती नालों व सीवरेज की सफाई हेतू एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर**
**रतिया, 23 अप्रैल :** सर्व समाज सभा रतिया द्वारा बरसाती नालों एवं सीवरेज की सफाई करवाने हेतू प्रधान सतपाल जिंदल की अध्यक्षता में सदस्यों ने एसडीएम सुरेन्द्र सिंह को मांग पत्र सौंपा। एस डी एम को मांग पत्र देने के उपरांत जानकारी देते हुए महासचिव डा नैब सिंह मंडेर एवं प्रेस सचिव हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि पिछले दिनों सर्व समाज सभा की मासिक बैठक में मुख्य रूप से बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सीवरेज एवं बरसाती नालो की सफाई करवाए।

## महिला आरक्षण बिल गिरने से पहली बार फेल हुए इमोशनल ड्रामे में मोदी: शर्मा

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से देश के नाम जनता को संबोधन किया, उससे पहले देश की जनता ने एक बार तो सोचा था कि यदि प्रधानमंत्री सच में महिलाओं के हितैषी हैं, तो जरूर अपना इस्तीफा देंगे और किसी महिला के हाथों देश की बागडोर सौंपेंगे, फिर लगा कि शायद सोई हुई अंतरात्मा जाग गई हो और अपने अहंकारी तथा तानाशाही शासन के लिए माफी मागेंगे लेकिन ऐसा भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि फिर एक सोच यह भी आई कि हर आपदा में अवसर का फायदा उठाने वाले मोदी इस महिला आरक्षण के मामले में हुई खुद की किरकिरी का राजनीतिक फायदा उठाने के लिए कोई इमोशनल ड्रामा करेंगे, आंसू जरूर बहाएंगे और अपने इस संबोधन के नाम से महिलाओं की सहानुभूति लेने की नौटंकी करेंगे। यही हुआ। सच में मोदी ने अपनी हार स्वीकारने की अपेक्षा महिला बिल को लेकर कांग्रेस के सिर पर ही ठिकरा फोड़ दिया। उपरोक्त शब्द राहुल गांधी युवा ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाली शर्मा टटियाना ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहे। उन्होंने कहा कि मोदी को ये समझ लेना चाहिए कि देश की महिलाएं इसे क्षमा करेंगी नहीं। क्षमा मांगनी ही है, तो सबसे पहले वो अपनी धर्मपत्नी से अपने



नाकारा होने के लिए क्षमा मांगें, फिर मणिपुर की महिलाओं के साथ हुए अत्याचार तथा उन्नाव व हाथरस की बेटियों के साथ हुए अन्याय पर उनसे क्षमा मांगें, रेपिस्ट प्रज्वला रेवन्ना के मामलों सहित अंकिता भंडारी, कुलदीप सेंगर, बृजभूषण शरण सिंह, चिन्मयानंद व संदीप सिंह के मामलों पर अपनी चुप्पी को लेकर क्षमा मांगनी चाहिए। लाली शर्मा ने कहा कि इस झूठे, मक्कार, जुमलेबाज, कॉम्प्रोमाइज पीएम, सरेंडर पीएम तथा एप्सटीन फाइल वाले को पूरे देश से माफी मांगनी ही चाहिए, उसे अपने उन बोलों के लिए क्षमा मांगनी चाहिए, जिसमें उन्होंने अपनी जुबान से कांग्रेस की विधवा, 50 करोड़ की गर्लफ्रैंड, जर्सी गाय, दीदी ओ दीदी व शूर्पणखा जैसी हंसी वाली बातें बोल कर महिला अस्मिता का मखौल उड़ाया था।

## एसडीएम ने पुलिस टीम के साथ शहर में पैदल गश्त कर अतिक्रमण न करने की दी हिदायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**रतिया, 23 अप्रैल।** शहर में बढ़ते अतिक्रमण पर सख्ती दिखाते हुए एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने वीरवार को पुलिस प्रशासन की टीम के साथ टोहाना रोड़, संजय गांधी चौक और मुख्य सड़कों पर पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों और रेहड़ी-फड़ी संचालकों से सीधा संवाद कर कहा कि वे सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का



अतिक्रमण न करें।

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि अतिक्रमण के कारण आम जनता को आवागमन में परेशानी होती है और शहर की व्यवस्था प्रभावित होती है। दुकानदार अपने अपने सामान को दुकान की निर्धारित सीमा के भीतर ही रखें। पैदल गश्त के दौरान पुलिस टीम भी उनके साथ मौजूद रही और कई स्थानों पर मौके पर ही लोगों को समझाइश दी गई। इस दौरान एसडीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में अतिक्रमण पाया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और चालान भी काटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि शहर में सुचारू व्यवस्था बनाए रखना है। इसके लिए सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है।

## एसडीएम ने की न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा रखे जाने वाली आधारशिला समारोह की तैयारियों की समीक्षा

**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम, 23 अप्रैल।** एसडीएम संदीप कुमार की अध्यक्षता में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के 25 अप्रैल को भिवानी आगमन को लेकर तोशाम में न्यायिक परिसर के मकानों का डिजिटल तरीके से शिलान्यास समारोह बेहतर तरीके से आयोजित करने के लिए जिम्मेदारियां तय की गई।

उन्होंने ऑन लॉइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये होने वाले शिलान्यास समारोह की तैयारियों की



समीक्षा की। वहीं दूसरी ओर एसडीएम ने कार्यक्रम के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कोताही ना बरते, जिन विभागों जो भी जिम्मेदारी मिली है, उसे पूरी निष्ठा से निभाए।

उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के भिवानी में आगमन पर तोशाम न्यायिक परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत डिजिटल तरीके से तोशाम के न्यायिक निवास स्थानों की आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को गरिमापूर्ण एवं भव्य बनाने के लिए विभाग वार अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, विकास एवं पंचायत, उद्यान, राजस्व, बिजली निगम आदि विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

## स. करम सिंह ग्रेवाल पब्लिक स्कूल में उत्साह पूर्वक मनाया गया पृथ्वी दिवस

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** स. करम सिंह ग्रेवाल पब्लिक स्कूल चीका में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत एक प्रेरणादायक शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने मां धरती की रक्षा करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति निरंतर जागरूकता फैलाने हेतु एक इको क्लब का गठन भी किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए रोचक एवं शिक्षाप्रद गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्री-



प्राइमरी के नन्हे विद्यार्थियों ने प्रकृति भ्रमण (नेचर वॉक) का आनंद लिया और पत्तियों से सुंदर चित्र बनाकर अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के विद्यार्थियों ने पेपर बैग बनाकर प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संदेश दिया। कक्षा तृतीय से पंचम तक के विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग के माध्यम से पर्यावरण के प्रति अपनी सोच और जागरूकता व्यक्त की, जबकि कक्षा षष्ठम से दशम तक के विद्यार्थियों ने बेस्ट

**पर्यावरण**

**विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था**

आउट ऑफ वेस्ट गतिविधि में भाग लेकर अपशिष्ट सामग्री के पुनः उपयोग की महत्ता को दशार्या। कार्यक्रम को ओर अधिक सार्थक बनाते हुए विद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढक? भाग लिया और पौधे लगाकर हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उत्साह एवं सहभागिता की सराहना की तथा उन्हें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या जसबीर कौर ने भी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि हमारे छोटे-छोटे प्रयास ही भविष्य में बड़े सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। समग्र रूप से यह आयोजन ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं आनंदमय रहा, जिसने विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम एवं जिम्मेदारी की भावना को ओर सुदृढ़ किया।

# गंदे पानी की निकासी को लेकर डीसी ने ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अपने कार्यालय में डी-सिल्टिंग विषय के साथ-साथ ड्रेनेज से सम्बन्धित गंदे पानी की निकासी को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों की एक बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, अधीक्षक अभियंता सिंचाई विभाग मुनीष शर्मा, डीआरओ राजेश ख्यालिया, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग कृष्ण भुक्कल व ईओ नगर परिषद देवेन्द्र नरवाल व अन्य मौजूद रहे।



उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने ड्रेनेज से सम्बन्धित गंदे पानी की निकासी से सम्बन्धित विषय पर समीक्षा करते हुए जिला नगर योजनाकार को निर्देश दिए कि जहां पर भी कहीं पर कोई कालोनी या इंडस्ट्रीयल पार्क के साथ-साथ अन्य कोई निर्माण कार्य होता है तो वहां पर उनके विभाग से सम्बन्धित जो भी दिशा-निर्देश एवं मापदंड तय किए गए हैं उसके तहत गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था का प्रावधान होना चाहिए ताकि कहीं पर भी ऐसी स्थिति में किसी अन्य को परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक के क्रम में उपायुक्त ने डी-सिल्टिंग विषय को लेकर समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिन भी गांवों में से कोई नदी गुजर रही है और वहां से यदि मिट्टी उठाने का कार्य करना है तो इसके लिए ग्राम सभा की बैठक आयोजित करनी हैं। इस बैठक में सिंचाई विभाग, मिट्टी उठाई से सम्बन्धित ठेकेदार व पंचायत के अधिकारियों के साथ-साथ गांव का सरपंच भी बैठक में शामिल करना है। बैठक के दौरान जहां से मिट्टी उठाने का कार्य किया जाना है उसकी सम्पूर्ण जानकारी भी देनी है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि जिस भी कॉन्ट्रैक्टर ने खुदाई का कार्य करना है वह सम्बन्धित विभाग से एनओसी लेना सुनिश्चित करें और एनओसी लेने के उपरांत माईनिंग विभाग को यह सौंपे। माईनिंग विभाग हिदायतों की पालना के अनुरूप औपचारिकताएं पूरी करवाकर ही ठेकेदार को उक्त कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान करे। बिना औपचारिकताएं के स्वीकृति प्रदान नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि जहां से भी नदी से मिट्टी उठाने का कार्य किया जाना है वहां पर नदी का जो वास्तविक भाव क्षेत्र है वहीं से मिट्टी उठाई जानी चाहिए। आस-पास से मिट्टी उठाने का कार्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस विषय को लेकर सम्बन्धित विभागों द्वारा एनओसी लेना भी अनिवार्य है। इस मौके पर जिला खनन अधिकारी सोनू कुमार, बीडीपीओ किन्नी गुप्ता, बीडीपीओ आस्था, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार के साथ-साथ अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### डीसी ने ऑन लाईन प्रक्रिया के माध्यम से स्व जनगणना के लिए प्रेरित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:**



अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि स्व जनगणना का कार्य किया जा रहा है और इस कार्य में हमें आगे आकर अपना दायित्व निभाते हुए जिले में स्वजनगणना का शत प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करवाना है। अतिरिक्त उपायुक्त ने स्वयं अपने कार्यालय में ऑन लाईन प्रक्रिया के माध्यम से स्वयं अपनी स्वजनगणना का कार्य करते हुए दूसरों को इस कार्य के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि इसके लिए ऑफिशियल वैबसाईट शी.ल्ल२४२.ङ्ग५.ल्ल पर जाए और अपने और अपने परिवार, मकान व अन्य जानकारी स्वंय ही दर्ज करें। इस प्रक्रिया को करने में मात्र 15-20 मिन्ट का समय लगता है और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप घर बैठे ही अपनी इच्छा से अपने व अपने परिवार, आवास और अन्य जानकारी दर्ज कर सकते हैं। भले ही भविष्य में प्रगणक आपके निवास पर आएगा लेकिन आप अग्रिम तौर पर ही अपनी जानकारी स्वंय भरकर प्रस्तुत कर दें। इस प्रक्रिया के लिए आप घर बैठकर ही मोबाइल व इंटरनैट का पूरा प्रयोग करते हुए इस कार्य को सुगमता से कर सकते हैं।

उन्होंने जिलावासियों आग्रह करते हुए की सभी स्वगणना के महत्व को समझें और इस कार्य में आगे आकर अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि पोर्टल 30 अप्रैल 2026 तक खुला रहेगा। इसके द्दष्टिगत वह इस प्रक्रिया में अपना योगदान दें।

जिला सांख्यिकी अधिकारी विकास बजाज ने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में स्वगणना का कार्य बेहतर तरीके से किया जा रहा है। इस कार्य मे लोगों को जागरूक करने का काम भी किया जा रहा है, ताकि जिले में स्वगणना का कार्य शत प्रतिशत हो सके। स्वगणना एक राष्ट्र सेवा का कार्य है और हमें इसे बेहतर तरीके से करना है।

### उपायुक्त ने जिला न्यायवादी से एंजेडे के केसों के बारे में समीक्षा की



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अपने कार्यालय में चिन्हित अपराध व एस.सी. एस.टी एक्ट केसों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, अभियोजन विभाग के उपनिदेशक अश्विनी चौधरी व जिला न्यायवादी जंग सिंह बहादुर मौजूद रहे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने चिन्हित अपराध के तहत जिला न्यायवादी से एंजैडे के तहत तमाम केसों के बारे बिन्दूवार समीक्षा की। उन्होंने जिला न्यायवादी से कानूनी प्रक्रिया के तहत चिन्हित अपराधों के साथ-साथ अन्य केसों की न्यायालयों में जो प्रगति है उसकी जानकारी हासिल की। जिला न्यायवादी जंग सिंह बहादुर ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि चिन्हित अपराध के तहत सम्बन्धित केसों की कोर्ट में तेजी से प्रक्रिया जारी है। इसके साथ-साथ एससी/एसटी केसों के तहत भी एक केस डिसाईड हुआ है। सभी केसों में न्यायालय में पूरी मजबूती के साथ पैरवी की जा रही है। इस मौके पर अभियोजन विभाग के उपनिदेशक अश्विनी चौधरी, जिला न्यायवादी जंग बहादुर, डीएसपी जेल राजीव के साथ-साथ सम्बन्धित मौजूद रहे।

# मतलौडा ब्लाक के 21 गांव करीब 50 साल से है आरक्षित विधानसभा में

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, (बिजेंद्र सिंह)।** युवा इनेलो के प्रधान महासचिव डा. नवीन नैन भालसी ने कहा कि पानीपत जिला के मौजूदा मतलौडा ब्लाक के करीब 21 गांव भालसी, मडलौडा, वैसर, लोहारी, उंटला, बोहली, सिठाना, खंडरा, बाल जट्टान, शेरा, धर्मगढ़, रेर कलां, जोशी, माजरा, कवि, नारा व आदियाना आदि पहले करनाल जिला की असंध आरक्षित विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते थे। ये गांव 1977 से असंध एससी आरक्षित हलके में आते है। उसके बाद 2008 में परिसीमन हुआ तो ये सभी गांव वर्ष 2009 में इसराना एससी आरक्षित हलके में आ गये। जिससे ये सभी गांव पहले करीब तीन दशक तक असंध आरक्षित हलका और अब इसराना आरक्षित हलके में आते है। डा. नवीन नैन भालसी ने कहा कि मतलौडा ब्लाक के ये करीब 21 गांव पिछले करीब 50 सालों से आरक्षित विधानसभा में आते है। इसलिये इन गांव के ग्रामीण अब नये होने वाले परिसीमन में चाहते है कि उनको आरक्षित विधानसभा से बाहर निकाला जाये और इस हलके के जनरल वर्ग के



लोगों को भी भविष्य में चुनाव लडने का मौका मिलना चाहिये। इन सभी गांव के गणमान्य लोगों की जल्द ही महापंचायत बुलाई जाएगी और उसी मीटिंग में आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। डा. नवीन नैन भालसी गांव भालसी स्थित गंगा हैचरी के अपने कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। डा. नवीन नैन भालसी ने बताया कि करीब 50 सालों से इन गांव के लोगों को आरक्षित विधानसभा में शामिल किया गया है, जिससे जनरल वर्ग के ग्रामीणों में इसको लेकर रोष बना हुआ है और उनका कहना है कि रोटेशन के अनुसार दूसरे हलकों को भी तो आरक्षित करना चाहिये।

# डिजिटल माध्यम से जनगणना के कार्य में सभी करें पूर्ण सहयोग- एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** एसडीएम दर्शन कुमार ने ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से स्वयं स्व जनगणना करते हुए आमजन को स्वयं जनगणना करने का संदेश देते हुए कहा कि देश में पहली बार डिजीटल प्रक्रिया के माध्यम से जनगणना का कार्य किया जा रहा है। इसलिए सभी लोग आगे आकर इस कार्य में अपना पूर्ण सहयोग देते हुए जनगणना के कार्य को शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने बताया कि स्व जनगणना के लिए शी.ल्ल२४२.ङ्ग५.ल्ल पोर्टल पर जाए और अपने और अपने परिवार, मकान व अन्य जानकारी स्वंय ही दर्ज करें। इस प्रक्रिया को करने में सिर्फ कुछ ही मिनट का समय लगता है और सबसे



महत्वपूर्ण यह है कि आप घर बैठे ही अपनी इच्छा से अपने व अपने परिवार, आवास और अन्य जानकारी दर्ज कर सकते हैं। भले ही भविष्य में प्रगणक आपके निवास पर आएगा लेकिन आप अग्रिम तौर पर ही अपनी जानकारी स्वंय भरकर प्रस्तुत कर दें। इस प्रक्रिया के लिए आप घर बैठकर ही मोबाइल व इंटरनैट का पूरा प्रयोग करते हुए इस कार्य को सुगमता किया जा सकता है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे स्वगणना के महत्व को समझें। यह पोर्टल 30 अप्रैल 2026 तक खुला रहेगा। इसके द्दष्टिगत वह इस प्रक्रिया में अपना योगदान दें। इस अवसर पर यह भी कहा कि यह एक बेहद अच्छी पहल है। डिजीटल जनगणना होने

**जनगणना**

**इस कार्य में अपना पूर्ण सहयोग देते हुए जनगणना के कार्य को शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें**

से सभी को लाभ होगा और भविष्य में इसके अच्छे परिणाम सामने मिलेगें।

उन्होंने यह भी कहा कि यह एक विशेष अवसर है व्यापारी वर्ग अथवा ऐसे वर्ग के लोग भी ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से इस कार्य को कर सकते हैं। इस बार सभी स्वयं को जनगणना में दर्ज करें। उन्होंने कहा कि भले ही कोई विदेश गया हुआ है वह भी स्वयं को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकता है ।

## कैथल पुलिस ने गांजा सहित आरोपी पकड़ा

**कैथल।** कैथल पुलिस ने एक आरोपी को पांच किलो 250 ग्राम गांजा सहित काबू किया है।

# बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से पृथ्वी को स्वच्छ रखने का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** स्कूली बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवीदास पुरा में बड़े ही हर्षोल्लास से अंतर्राष्ट्रीय धरती दिवस मनाया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में बच्चों व शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से पृथ्वी को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। जबरदस्त प्रस्तुति के माध्यम से जागरूक किया गया। बच्चों ने स्लोगन लिखकर, पेंटिंग करके, विद्यालय में पौधे लगाकर समाज को यह बताने की कोशिश की



कि पृथ्वी को कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है और पर्यावरण को कैसे बचाया जा सकता है। विद्यालय शिक्षिका सुमन ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। शिक्षिका आरती यादव ने बताया कि पिछले कुछ दिनों पहले विद्यालय ने साप्ताहिक स्वास्थ्य विश्व दिवस मनाया था जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया था। इस अवसर पर मुख्य तौर पर आरती यादव, प्रवीण कुमारी, सुमन, मोनिका रानी, कंप्यूटर प्रवक्ता अनिल कुमार, योगेश शर्मा ने बच्चों का सहयोग किया।

# 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने में देरी क्यों कर रही सरकार- शालिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत।** कांग्रेस की नेशनल कॉर्डिनेटर एवं वरिष्ठ नेत्री शालिका कुराना ने यहां कहा कि वर्ष 2023 में कांग्रेस पार्टी के समर्थन से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। लेकिन भाजपा ने आज तक भी इसे लागू करने में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। शालिका कुराना ने कहा कि आज हरियाणा सहित देशभर की महिलाएं अब भाजपा से सवाल पूछ रही है कि आखिर महिलाओं को उनके 33 प्रतिशत आरक्षण के संवैधानिक अधिकार को लागू करने में इतनी देरी क्यों की जा रही



है। उन्होने सवाल उठाया कि यदि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 अभी तक लागू हो गया होता तो महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलता। लोकसभा में 33 प्रतिशत महिलाओं की संख्या होने पर नारी सशक्तिकरण को बढावा मिलता। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के समय में ही पंचायती राज संस्थाओं में पहली बार महिलाओं के लिये 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल लाया गया था। शालिका ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिलाओं को उनका 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार देने की बजाये केवल राजनीतिक लाभ के लिये इस मुद्दे का उपयोग कर रही है। उन्होने कहा कि देश की महिलाएं समझ चुकी है कि कांग्रेस के समर्थन से वर्ष 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भाजपा ने अभी तक लागू नहीं किया है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीति स्पष्ट है कि महिलाओं को उनका 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार जल्द से जल्द दिया जाये।

# निजी विद्यालयों में शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप विभिन्न बिंदुओं की विस्तार से की जा रही जांच: बोधवाल

**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** निजी विद्यालयों में नियमों के पालन तथा अभिभावकों की शिकायतों के मद्देनजर खंड शिक्षा अधिकारी गुहला सुरेंद्र बोधवाल की अध्यक्षता में एक टीम द्वारा आज सरस्वती हाई स्कूल बलबहेड़ा, बाबा पंचमपुरी भागल, एसवीएम स्कूल हरिगढ़ किंगन व शांति निकेतन स्कूल पीडल आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में शिक्षा विभाग के निदेर्शों के अनुरूप विभिन्न बिंदुओं की विस्तार से जांच की गई। इस निरीक्षण टीम में खंड शिक्षा अधिकारी गुहला सुरेंद्र बोधवाल, रमेश कुमार प्राचार्य गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरिगढ़ किंगन, रघुवीर सिंह प्रिंसिपल राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल भागल, नवीन कुमार बंसल लेक्चरार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलबेहड़ा शामिल रहे। नीली जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान टीम ने सबसे पहले विद्यालय की मान्यता, रिकॉर्ड व रजिस्टरों की जांच की। प्रवेश रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टर तथा फीस से संबंधित अभिलेखों को देखा गया और यह सुनिश्चित किया गया कि सभी रिकॉर्ड नियमों के अनुसार संचालित किए



जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त टीम ने फीस वसूली की प्रक्रिया की भी समीक्षा की और यह देखा कि विद्यालयों में फीस सूची निर्धारित नियमों के अनुसार प्रदर्शित है या नहीं तथा विद्यार्थियों से किसी प्रकार का अतिरिक्त अथवा अनुचित शुल्क तो नहीं लिया जा रहा। निरीक्षण के दौरान किताबों और स्टेशनरी से संबंधित व्यवस्थाओं की भी जांच की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया कि विद्यार्थियों या अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से किताबें अथवा स्टेशनरी खरीदने के लिए बाध्य तो नहीं किया जा रहा। अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस संबंध में शिक्षा विभाग के सभी नियमों का शक्ति से पालन सुनिश्चित किया जाए। टीम ने विद्यालयों की कक्षा व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। कक्षाओं में विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, फर्नीचर, स्वच्छता, पेयजल तथा शौचालय आदि सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर टीम ने अभिभावकों से भी बातचीत की और उनसे विद्यालय की व्यवस्थाओं, फीस तथा पढ़ाई से संबंधित अनुभवों के बारे में जानकारी ली। बच्चों के अभिभावकों ने अपने विचार सांझा करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों तथा व्यवस्थाओं के बारे में अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। अधिकारियों ने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि यदि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या या शिकायत हो, तो वे सीधे शिक्षा विभाग को अवगत करवा सकते हैं। जानकारी अनुसार निरीक्षण के उपरांत विद्यालय की व्यवस्थाएं एवं रिकॉर्ड कुल मिलाकर संतोषजनक पाए गए। टीम ने विद्यालय प्रबंधन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए निर्देश दिया कि भविष्य में भी शिक्षा विभाग के सभी नियमों व निर्देशों का इसी प्रकार पालन सुनिश्चित किया जाए।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हू व संबंध विच्छेद करता हू।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# जनहितैषी विकास कार्यों के दम पर सभी जगह जीतेंगे: मोहन लाल बड़ौली

## बड़ौली ने 3 नगर निगमों के मेयर, 2 नगर पालिकाओं व एक नगर परिषद चेयरमैन व पार्षद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।। संजीव** कौशिक।। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली ने आगामी माह में होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर तीन नगर निगमों के मेयर और एक नगर परिषद व दो नगर पालिकाओं के चेयरमैन के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। जबकि अंबाला, पंचकूला, सोनीपत नगर निगम, रेवाड़ी नगर परिषद व सांपला नगर पालिका के वार्ड पार्षद के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।
भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने प्रत्याशियों की सूची जारी की है। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात के बाद प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी

**निकाय चुनाव**

**नगर निकाय चुनाव में पार्टी विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।**

अरविंद सैनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भाजपा की तरफ से सोनीपत मेयर के प्रत्याशी के रूप में राजीव जैन, अंबाला मेयर प्रत्याशी के रूप में अक्षिता सैनी व पंचकुला से मेयर प्रत्याशी के रूप में श्यामलाल बंसल को मैदान में उतारा है।
रेवाड़ी नगरपरिषद चेयरमैन पद के लिए विनीता पीपल, धारूहेड़ा नगरपालिका के चेयरमैन पद के लिए अजय जांगड़ा और सांपला



नगरपालिका के चेयरमैन पद के लिए प्रवीन कोच को प्रत्याशी घोषित किया है।
मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली ने सोनीपत नगर निगम के 22 वार्डों, पंचकूला नगर निगम के 20 वार्डों, अंबाला नगर निगम के 20 वार्डों, सांपला नगर पालिका के 16 वार्डों तथा रेवाड़ी नगर परिषद के 32 वार्डों के लिए भी भाजपा ने पार्षद उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं।
प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने सभी प्रत्याशियों का चयन संगठन की राय, स्थानीय समीकरणों और कार्यकताओं के सुझावों को ध्यान में रखकर किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में पार्टी विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।
प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उम्मीदवारों की घोषणा से पार्टी कार्यकताओं में उत्साह बढ़ गया है और वे भाजपा उम्मीदवार को जिताने के लिए जन-जन से संपर्क के काम में जुट गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली ने कहा कि पार्टी विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में उतरेगी।
*सोनीपत नगर निगम के घोषित प्रत्याशी*
वार्ड 1 से हरि प्रकाश सैनी, वार्ड 2 से मुकेश बामणिया, वार्ड 3 से सुरेंद्र मदान, वार्ड 4 से त्रिभुवन कौशिक, वार्ड 5 से रीना सैनी, वार्ड 6 से निशा शर्मा, वार्ड 7 से मुनीराम ठोलेदार, वार्ड 8 से कुणाल कौशिक, वार्ड 9 से मीना, वार्ड 10 से संजय ठेकेदार, वार्ड 11 से संगीता सैनी, वार्ड 12 से साधना तनेजा, वार्ड 13 से महेश लूथरा, वार्ड 14 से किरण चांदना, वार्ड 15 से संजीव बलेचा, वार्ड 16 से नवीन मंगला, वार्ड 17 से सुनीता, वार्ड 18 से सुनीता राठी, वार्ड 19 से अनिल ठाकुर, वार्ड 20 से राजकुमार शर्मा, वार्ड 21 से सुमन लाकड़ा और वार्ड 22 से सतपाल कटारिया को उम्मीदवार बनाया गया है।

# आईजीएन कॉलेज लाडवा में बुक रिव्यू प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**प्रतियोगिता**

**विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं नैतिक विकास में पठन-पाठन के महत्व पर प्रकाश डाला।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 23 अप्रैल (विजय कौशिक )** : आईजीएन कॉलेज लाडवा में World Book Day के अवसर पर कॉलेज लाडवा के पुस्तकालय द्वारा अंग्रेजी विभाग के सहयोग से बुक रिव्यू प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि, समालोचनात्मक सोच तथा साहित्यिक अभिरुचि का विकास करना था। इस प्रतियोगिता में 15 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा पुस्तकालय से पुस्तकें निर्गत कर उनका प्रस्तुतीकरण किया।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. सुरेश पराशर, प्रोफेसर, भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र उपस्थित रहे। उन्होंने कॉलेज पुस्तकालय की इस पहल की सराहना की तथा विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं नैतिक विकास में पठन-पाठन के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने मुक्ति प्राप्ति के वैदिक विधि, द बुक ऑफ सत्यभामा, श्रीमद्भगवद्गीताः एक दृष्टिकोण, रामचरितमानस तथा वेद आदि पुस्तकों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जो उनकी विविध साहित्यिक एवं दार्शनिक रुचियों को दशार्ता है। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. कुशल पाल (प्राचार्य) के मार्गदर्शन में किया गया। इस आयोजन में डॉ. रुपेश गौर (पुस्तकालयाध्यक्ष) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा डॉ. राजेश कुमार (अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग) का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. अशोक वर्मा, डॉ. हरनीत कौर, डॉ. नीरू बाला, सुश्री इशू, श्री मुकेश तथा सुश्री कोमल भी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए अपने विचार व्यक्त करने तथा आत्मविश्वास विकसित करने का एक उत्कृष्ट मंच सिद्ध हुई। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक हुआ।

# सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए लगाई जा रही है एचपीवी वैक्सीन : डा. मंजू शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 23 अप्रैल (विजय कौशिक)** : जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि सरकार ने सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने को लेकर एचपीवी वैक्सीन का अभियान चलाया हुआ है। आयुष विभाग अपने कार्यक्रमों के दौरान एचपीवी वैक्सीन को लेकर नागरिकों को लगातार जागरूक कर रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अपनाने की सलाह दी जिला कुरुक्षेत्र में पीएचसी टाटका द्वारा गवर्नमेंट प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल, गांव कसीथल एवं रामपुरा में 14 वर्ष की छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति भी जागरूक



किया गया। डॉक्टर द्वारा बच्चों को दिनचर्या के महत्व के बारे में भी बताया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। गांव खेड़ी दाबदलान (आंगनवाड़ी) में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एएमओ डॉ. सपना द्वारा उपस्थित लोगों को दिनचर्या एवं स्वस्थ जीवनशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। फार्मासिस्ट पूनम द्वारा आवश्यक आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया। योग सहायक प्रदीप कुमार द्वारा विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया, जिससे विशेष रूप से गर्मी एवं लू से बचाव के उपाय बताए गए। शिविर में एचपीवी वैक्सीनेशन एवं ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन के बारे में भी जागरूक किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 87 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान सभी बुजुर्गों ने बढ़-चढकर भाग लिया और नियमित योग अभ्यास को अपनी दिनचर्या में अपनाने का संकल्प लिया।
महानिदेशक आयुष हरियाणा के निदेर्शानुसार एवं हरियाणा योग आयोग के तालमेल से तथा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र डॉ. मंजू शर्मा के दिशा-निर्देशन में प्रेरणा वृद्ध आश्रम में आयोजित 6 दिवसीय योग शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ।

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के पंजीकरण के लिए 30 अप्रैल तक बढ़ाई अंतिम तिथि

**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी, वंदना शर्मा**
**भिवानी, 23 अप्रैल।** प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए श्री नांदेड़ साहिब की विशेष तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। तीर्थ यात्रा के लिए दो विशेष रेल गाडि?ां श्री नांदेड़ साहिब के लिए जाएंगी। इनमें से एक स्पेशल ट्रेन श्री हजूर साहिब के लिए पांच मई को श्रद्धालुओं को लेकर कुरुक्षेत्र से रवाना होगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी पांच मई को कुरुक्षेत्र से ट्रेन को झंडी दिखाकर नांदेड़ के लिए रवाना करेंगे। यात्रा के लिए इच्छुक वरिष्ठ नागरिक 30 अप्रैल तक पंजीकरण कर सकते हैं।
जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह यात्रा पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है। उन्होंने इच्छुक नागरिकों से समय

# स्वदेशी से ही आत्मनिर्भर भारत का सपना होगा साकारः राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 23 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : वरिष्ठ भाजपा नेता एवं हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा के सुपुत्र नेपाल सिंह राणा ने रादौर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सुबह की सैर के दौरान कार्यकताओं व ग्रामीणों से मुलाकात कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और लोगों की समस्याएं भी सुनीं। नेपाल सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ह्लसबका साथ, सबका विकासह्ल के सिद्धांत पर काम करते हुए हर वर्ग के हित में योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा आज विकास के मामले में अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है और सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व किसान हित में लगातार कार्य



कर रही है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पारदर्शी व्यवस्था के चलते बिना पर्ची-बिना खर्ची के युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, जिससे उनका रुझान मेहनत व प्रतियोगी परीक्षाओं की ओर बढ़ा है। साथ ही उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और स्थानीय कारीगरों व उद्यमियों को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**न्यूज फ्लैश**

## शाहबाद वर्टिकल गार्डन घोटाला, बिना काम भुगतान, फर्जी रिपोर्ट का आरोप; 3 मई तक कार्रवाई नहीं तो होगा बड़ा आंदोलन



**शाहबादः(प्रदीप कुमार)नगरपालिका** शाहबाद में लाडवा व बराड़ा रोड अंडरपास के नीचे वर्टिकल गार्डन कार्य में बड़े भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। समाजसेवी मृत्युंजय शास्त्री व अन्य लोगों ने इस मामले को लेकर नगर पालिका कार्यालय के बाहर धरना दिया, जिसे एसडीएम शंभू राठी के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया।
शिकायतकर्ता मृत्युंजय शास्त्री के अनुसार 20 जुलाई 2025 को बिल लृएहढ पोर्टल पर सबमिट हुआ, जबकि 22 जुलाई को जूनियर इंजीनियर ने स्पष्ट लिखा कि ह्लकाम शुरू नहीं हुआ, बिल रिजेक्ट किया जाए। इसके बावजूद बाद में भुगतान प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।
मामले में फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट लगाने, बिना ड्रिप सिंचाई सिस्टम लगाए भुगतान करने और कार्य अधूरा होने के बावजूद पूरा दिखाने के आरोप हैं। तकनीकी रिपोर्ट में भी कार्य को अधूरा और मानकों के विपरीत पाया गया है। शिकायतकर्ता का दावा है कि सामग्री में बदलाव कर करीब 17 लाख रुपये से अधिक का गबन किया गया। साथ ही अधिकारियों की मिलीभगत से बिना सही जांच के भुगतान करने का आरोप भी लगाया गया है।
वही एसडीएम ने कहा कि मामले की जांच कर सच्चाई सामने लाई जाएगी, जबकि शिकायतकर्ता ने चेतावनी दी है कि 3 मई तक कार्रवाई नहीं होने पर 4 मई से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

## डीएवी स्कूल में पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**रादौर, 23 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** डीएवी पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रमन शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया



गया। इस अवसर पर कक्षा सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों ने कविताएं, गीत, भाषण, मोनो एक्ट, नुक्कड़ नाटक व नृत्य प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कक्षा सातवीं के छात्रों की लघु नाटिका ह्लपानी का नहीं कोई सानीह्ल ने भविष्य में जल संकट की गंभीरता को प्रभावशाली ढंग से दशार्या, वहीं कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने ह्लसे नो टू प्लास्टिकह्ल और ह्लआओ बनाएं एक बेहतर कलह्ल विषयों पर प्रस्तुति देकर प्लास्टिक प्रदूषण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग पर चिंता जताई। प्रधानाचार्य ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि पृथ्वी की रक्षा के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण की शपथ दिलाई गई और पर्यावरण बचाने के लिए सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया गया।

# जेएमआईईटीआई के छात्रों का हुआ अल्ट्राटेक सीमेंट में चयन



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 23 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : जेएमआईईटीआई के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने एक बार फिर संस्थान का नाम रोशन किया है। प्रतिष्ठित अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में कई छात्रों का चयन विभिन्न पदों पर हुआ। कंपनी की ओर से तकनीकी प्रबंधक साहिल शर्मा, चैनल संबंध प्रबंधक सनी मिश्रा और तकनीकी अभियंता गौरव कुमार ने साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी करवाई। चयनित विद्यार्थियों में ऋषभ कुमार, हिमांशु और मनीष कुमार शामिल हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। विभागाध्यक्ष करण वडेरा व प्लेसमेंट टीम ने भी चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

**औद्योगिक भ्रमण**

**संस्थान के छात्र औद्योगिक भ्रमण के लिए मोहाली स्थित मालवा इंजीनियरिंग में पहुंचे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैनः 23 अप्रैल (विजय कौशिक)** : सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर, के विद्यार्थियों के लिए मोहाली स्थित मालवा इंजीनियरिंग में एक शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में कोपा, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन तथा टीपीईएस ट्रेड के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक वातावरण से परिचित कराना तथा उनके सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव के बीच की दूरी को कम करना था।



भ्रमण के दौरान छात्रों को आधुनिक इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की वेल्डिंग तकनीकों के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही उन्हें उद्योग में उपयोग होने वाली अत्याधुनिक मशीनों जैसे रोलिंग मशीन, डिश एंड मेकिंग मशीन, हाइड्रोलिक मशीन, लॉरी बैफल प्लेट मशीन तथा सीएनसी लेजर मशीन के संचालन और उपयोग से अवगत कराया गया।
भ्रमण के दौरान छात्रों को औद्योगिक कार्यों में कंप्यूटर की भूमिका के बारे में भी विस्तार से बताया गया। उन्हें कंप्यूटर एडेड डिजाइन (उअऊ) के मूल सिद्धांतों, डाटा एंट्री, डॉक्यूमेंटेशन, रिपोर्टिंग सिस्टम तथा सीएनसी मशीन प्रोग्रामिंग की प्रारंभिक जानकारी दी गई। साथ ही उत्पादन योजना और इन्वेंटरी मैनेजमेंट से जुड़े सॉफ्टवेयर के उपयोग के बारे में भी जानकारी साझा की गई। नवीन जिन्दल फाउंडेशन से कृष्मन सिंह सैनी ने बताया कि यह औद्योगिक भ्रमण अत्यंत इंटरैक्टिव और ज्ञानवर्धक रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने उद्योग विशेषज्ञों के साथ संवाद स्थापित कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस प्रकार के प्रयास विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता को बढ़ाने के साथ-साथ उनके रोजगार के अवसरों को भी सुदृढ़ करते हैं।
उन्होंने मालवा इंजीनियरिंग के प्रबंध निदेशक श्री अमृतपाल सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिलता है, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होता है। उन्होंने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन की यह पहल युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें आत्मनिर्भर और उद्योग के लिए तैयार बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

# मंडी में अनाज की तुलाई के लिए व्यापारी इलेक्ट्रॉनिक कांटों का ही उपयोग करें: जस्सी

**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन, 23 अप्रैल (विजय कौशिक)** : मार्केट कमेटी बाबैन के चेयरमैन जसविंदर सिंह जस्सी ने गुरुवार को बाबैन अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं की खरीद प्रक्रिया, तोल व्यवस्था और किसानों को मिल रही सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में चल रही गेहूं की सरकारी खरीद का बारीकी से अवलोकन भी किया। उन्होंने गेहूं की खरीद प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों व व्यापारियों से बातचीत कर मंडी की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जसविन्द्र सिंह जस्सी ने विशेष रूप से गेहूं के तोल को चेक किया और उसमें पारदर्शिता सुनिश्चित करने



पर जोर दिया। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि सभी व्यापारी केवल इलेक्ट्रॉनिक कांटों का ही उपयोग करें और कांटों की डिस्प्ले दोनों ओर स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए। डिस्पले से किसान स्वयं भी अपने गेहूं का सही वजन देख सकेंगे और उन्हें किसी प्रकार का संदेह भी नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि मंडी में ईमानदारी और पारदर्शिता सर्वोपरि है। यदि कोई व्यापारी या कर्मचारी तोल में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। जसविंदर सिंह जस्सी ने मंडी में सफाई व्यवस्था, पेयजल, शेड और बैठने की सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को मंडी में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए मंडी में पेयजल और छाया की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।
उन्होंने किसानों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याएं भी सुनी और मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। किसानों ने भी मंडी में चल रही व्यवस्था पर संतोष जताते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। जस्सी ने कहा कि गेहूं की खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करना हरियाणा सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य समय पर मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में पड़ी गेहूं के उठान कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि मंडी में पड़ी गेहूं का उठान हो सके और किसानों को उनकी गेहूं का भुगतान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर मंडी एसोसिएशन के सचिव कौशल सैनी, उप प्रधान कृष्ण गोयल,व्यापारी कृष्ण मक्कड़, जगमाल सिंह, संदीप गोयल, सोहन लाल, सोमनाथ, महेन्द्र सिंह के अलावा अनेक व्यापारी एवं किसान भी उपस्थित रहे।

# समाज में समरसता और संयम से हो सकता है हर समस्या का हल : विजय वेदपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 23 अप्रैल (विजय कौशिक)**: सर्वजातीय महासभा के प्रधान विजय वेदपाल एडवोकेट ने गोन्दर गाँव की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण ,दुखद व चिंतनीय घटना बताया और कहा कि समाज में समरसता और संयम से इस घटना का हल निकालना चाहिए ताकि इस प्रकार की घटना की पुनरावृ?ति ना हो ।
प्रधान विजय वेद पाल ने कहा कि दोनो समुदाय को भड़काऊ व समाज को तोड़ने वाले बयानों से बचना चाहिए और प्रशासन पर विश्वास रखते हुए संयम से काम लेना चाहिए और मामले की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए



उग्र आन्दोलन, प्रदर्शन व एक दूसरे को उकसावा देने वाली बातो से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े मुद्दो व मामलो का हल बन्दूक, गोली से नहीं अपितु बातचीत, संयम और सदबुद्धि ही संभव है । उन्होंने कहा कि दोनों समुदायों ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है ।
उन्होने कहा कि सर्वजातिय महासभा दोनो समुदायों से भाईचारा, शान्ति, सद्?भाव व सामाजिक समरसता बनाये जाने की अपील करती है। इस अवसर पर ओ पी० सचदेवा, शाम सिंह लाठर, सदीप सैनी, सुरेश हरिजन, नगेन्द्र राणा, राजेश चौहान,गुरनाम सिंह डा० जम्प्रकाश राधे शाम गुप्ता ,सरदार परमिंदर सिंह,शाम सुंदर परूथी ,आयुष गुप्ता, के अग्रवाल ,लखपत शास्त्री आदि भी मौजुद थे।

## संपादकीय

### बीमा से क्यों दूर है आम भारतीय

**भारत** आज दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है। ऊंची विकास दर, डिजिटल क्रांति, बढ़ती आय और वैश्विक मंच पर मजबूत होती स्थिति- ये सब संकेत देते हैं कि देश आर्थिक रूप से आगे बढ़ रहा है। लेकिन इस चमकदार तस्वीर के पीछे एक सच्चाई ऐसी भी है, जो अक्सर नजरों से ओझल रह जाती है- भारत का आम नागरिक अब भी आर्थिक सुरक्षा के सबसे बुनियादी साधन यानी बीमा से दूर है। विडंबना यह है कि जिस देश में अनिश्चितताओं की भरमार है- बीमारी, दुर्घटना, प्राकृतिक आपदाएं, रोजगार की अस्थिरता- वहीं बीमा को अब भी अतिरिक्त खर्च समझा जाता है, न कि जरूरी सुरक्षा कवच। भारत में बीमा कवरेज की स्थिति संतोषजनक नहीं है। बीमा घनत्व और पैठ दोनों वैश्विक औसत से नीचे हैं। ग्रामीण भारत, जो देश की बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है, वहां बीमा की पहुंच बेहद सीमित है। जीवन बीमा के कुछ प्रसार के बावजूद स्वास्थ्य, फसल और संपत्ति बीमा की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसा क्यों है कि विकास की रफ्तार के साथ बीमा का दायरा नहीं बढ़ पा रहा? इसका पहला और सबसे बड़ा कारण है- जागरूकता की कमी। देश के बड़े हिस्से को आज भी यह समझ नहीं है कि बीमा आखिर है क्या और यह उनके जीवन में किस तरह सुरक्षा प्रदान कर सकता है। गांवों में तो बीमा को अक्सर ठगी या धोखे के रूप में देखा जाता है। एजेंटों द्वारा गलत जानकारी देना, पॉलिसी की शर्तों को स्पष्ट न करना और क्लेम के समय होने वाली परेशानियां लोगों के मन में अविश्वास पैदा करती हैं। परिणामस्वरूप, लोग बीमा से दूरी बनाए रखना बेहतर समझते हैं। दूसरा बड़ा कारण है, आर्थिक प्राथमिकताएं। जब किसी परिवार की आय सीमित हो और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना ही चुनौती हो, तब बीमा जैसी चीज उनके लिए प्राथमिकता में नहीं आती। आम भारतीय के लिए पहले भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की जरूरतें हैं; बीमा उसके बाद आता है। यह सोच गलत नहीं है लेकिन यह भी सच है कि एक छोटी-सी दुर्घटना या बीमारी पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति को हिला सकती है और यही वह जगह है जहां बीमा की जरूरत सबसे ज्यादा होती है। तीसरा कारण है, बीमा उत्पादों की जटिलता। बीमा कंपनियों द्वारा पेश किए जाने वाले उत्पाद आम लोगों की समझ से परे होते हैं। लंबी-चौड़ी शर्तें, तकनीकी भाषा और अस्पष्ट लाभ- ये सब मिलकर बीमा को एक कठिन और उलझा हुआ उत्पाद बना देते हैं। एक साधारण व्यक्ति के लिए यह समझना मुश्किल होता है कि कौन-सी पॉलिसी उसके लिए सही है। इस जटिलता का फायदा कई बार एजेंट उठाते हैं और ग्राहक को ऐसी पॉलिसी बेच दी जाती है, जो उसकी जरूरतों के अनुकूल नहीं होती।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# साधारण जन से असाधारण शासन तक

कृति आरके जैन

> ईं-ग्राम स्वराज, ऑनलाइन बजट निगरानी और डिजिटल भुगतान प्रणाली ने पंचायतों के कार्यों को सरल, तेज और अधिक जवाबदेह बना दिया है। अब गाँव के लोग अपने मोबाइल फोन पर आसानी से देख सकते हैं कि विकास कार्यों के लिए कितनी राशि प्राप्त हुई और उसका उपयोग कहाँ किया गया। इससे जानकारी तक पहुँच आसान हुई है और लोगों की भागीदारी में भी वृद्धि हुई है। तकनीक ने दूरी की बाधाओं को समाप्त कर प्रशासन को अधिक तेज और सटीक बनाया है। ग्रामीण क्षेत्र अब केवल पारंपरिक व्यवस्था तक सीमित नहीं रहे

**जब** गाँव की धूल भरी पगडंडी पर बैठा किसान निडर होकर अपनी बात रखता है और उसी स्वर से विकास की दिशा आकार लेने लगती है, तब लोकतंत्र अपनी सबसे जीवंत और वास्तविक पहचान में सामने आता है। 24 अप्रैल उस ऐतिहासिक व्यवस्था का प्रतीक बनकर सामने आता है जिसने सत्ता को बड़े दफ्तरों की सीमाओं से बाहर निकालकर गाँव की खुली चौपालों तक पहुँचा दिया। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस यह संदेश देता है कि भारत की असली शक्ति ऊँची इमारतों में नहीं, बल्कि उन ग्राम सभाओं में बसती है जहाँ लोग अपने भविष्य का निर्णय स्वयं करते हैं। यह दिन उस सोच का सम्मान है जिसने यह सिद्ध किया कि शासन केवल ऊपर से नहीं चलता, बल्कि नीचे की सक्रिय भागीदारी से और अधिक मजबूत होता है। 1992 में पारित 73वें संविधान संशोधन ने, जो 24 अप्रैल 1993 को प्रभावी हुआ, ग्रामीण भारत के इतिहास में ऐसा निर्णायक परिवर्तन लेकर आया, जिसने पंचायतों को संवैधानिक मान्यता देकर उन्हें वास्तविक अधिकारों से सशक्त बनाया। इसके बाद गाँव केवल योजनाओं के उपभोक्ता नहीं रहे, बल्कि वे स्वयं निर्णय निर्माण की मुख्य इकाइयाँ बन गए। सड़क निर्माण, जल प्रबंधन, विद्यालय सुधार और विकास योजनाओं की दिशा अब ग्राम सभा में तय होने लगी। यह परिवर्तन केवल प्रशासनिक सुधार नहीं था, बल्कि जनभागीदारी को वास्तविक शक्ति देने वाली व्यवस्था थी। इससे ग्रामीण समाज को अपने संसाधनों और आवश्यकताओं को पहचानने तथा स्वयं निर्णय लेने का अवसर मिला, जिससे विकास अधिक व्यावहारिक और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप बन गया। पंचायती राज व्यवस्था की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है, जिसने ग्रामीण समाज की कार्यशैली को गहराई से बदल दिया है। आरक्षण प्रणाली ने महिलाओं को नेतृत्व के अवसर देकर उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया के केंद्र में स्थापित किया है। आज 14 लाख से अधिक महिलाएँ सरपंच और पंचायत सदस्य के रूप में अपने गाँवों का नेतृत्व कर रही हैं। वे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यह परिवर्तन केवल पद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सोच में आए व्यापक बदलाव का संकेत है। जहाँ कभी उनकी भूमिका सीमित समझी जाती थी, वहीं अब वही महिलाएँ विकास की दिशा तय कर रही हैं और नए उदाहरण स्थापित कर रही हैं। डिजिटल क्रांति ने पंचायती राज व्यवस्था को नई पारदर्शिता और गति प्रदान करते हुए उसे अधिक प्रभावशाली बना दिया है।



**लोगों की भागीदारी में भी वृद्धि हुई है। तकनीक ने दूरी की बाधाओं को समाप्त कर प्रशासन को अधिक तेज और सटीक बनाया है। ग्रामीण क्षेत्र अब केवल पारंपरिक व्यवस्था तक सीमित नहीं रहे, बल्कि वे आधुनिक डिजिटल प्रणाली का सक्रिय हिस्सा बन चुके हैं। उपलब्धियों के साथ-साथ पंचायती राज व्यवस्था के सामने कई गंभीर चुनौतियाँ भी खड़ी हैं**

ई-ग्राम स्वराज, ऑनलाइन बजट निगरानी और डिजिटल भुगतान प्रणाली ने पंचायतों के कार्यों को सरल, तेज और अधिक जवाबदेह बना दिया है। अब गाँव के लोग अपने मोबाइल फोन पर आसानी से देख सकते हैं कि विकास कार्यों के लिए कितनी राशि प्राप्त हुई और उसका उपयोग कहाँ किया गया।

इससे जानकारी तक पहुँच आसान हुई है और लोगों की भागीदारी में भी वृद्धि हुई है। तकनीक ने दूरी की बाधाओं को समाप्त कर प्रशासन को अधिक तेज और सटीक बनाया है। ग्रामीण क्षेत्र अब केवल पारंपरिक व्यवस्था तक सीमित नहीं रहे, बल्कि वे आधुनिक डिजिटल प्रणाली का सक्रिय हिस्सा बन चुके हैं। उपलब्धियों के साथ-साथ पंचायती राज व्यवस्था के सामने कई गंभीर चुनौतियाँ भी खड़ी हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। कई क्षेत्रों में पंचायतें अब भी स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं और बाहरी दबाव उनकी भूमिका को सीमित कर देते हैं। कुछ स्थानों पर ग्राम सभा केवल औपचारिक बैठक बनकर रह जाती है, जहाँ वास्तविक चर्चा और निर्णय प्रक्रिया कमजोर पड़ जाती है। भ्रष्टाचार और जागरूकता की कमी भी कई इलाकों में बाधा बनी हुई है। फिर भी इसके विपरीत अनेक गाँव ऐसे हैं जहाँ पंचायतें पारदर्शिता और सक्रिय जनभागीदारी के बल पर विकास की नई और प्रेरक मिसालें प्रस्तुत कर रही हैं। बदलते वैश्विक परिदृश्य में जब दुनिया तेजी से सतत विकास और स्थानीय शासन की ओर अग्रसर है, तब पंचायती राज व्यवस्था की अहमियत और अधिक बढ़ जाती है। जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में स्थानीय निर्णय प्रणाली अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है। अनेक गाँव सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन और जैविक खेती के माध्यम से उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं। यह स्पष्ट करता है कि स्थानीय स्तर पर लिए गए निर्णय अधिक व्यावहारिक, सटीक और परिणामकारी होते हैं। भारत के ग्रामीण क्षेत्र अब केवल उपभोक्ता नहीं रहे, बल्कि वे नवाचार और परिवर्तन के सशक्त केंद्र बनकर उभर रहे हैं।

जवाबदेही और समीक्षा का एहसास कराता राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस केवल जश्न का अवसर नहीं है। यह दिन हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि क्या गाँवों को वास्तव में वह अधिकार, स्वतंत्रता और संसाधन मिले हैं जिनकी कल्पना की गई थी। क्या ग्राम सभा केवल कागजों तक सीमित है या सच में निर्णय लेने का सशक्त और सक्रिय मंच बन चुकी है? इन सवालों के उत्तर ही भविष्य की दिशा तय करेंगे। फिर भी यह स्पष्ट है कि जहाँ पंचायतें सक्रिय, पारदर्शी और जवाबदेह हैं, वहाँ विकास की रफ्तार अधिक तेज और प्रभावशाली होती है। यही व्यवस्था लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर ठोस मजबूती प्रदान करती है। नए विश्वास और मजबूत संकल्प का संदेश देता यह दिवस उस भारत की स्पष्ट और प्रेरक तस्वीर सामने रखता है जो अपने गाँवों की ताकत पर खड़ा होकर निरंतर आगे बढ़ रहा है। यह उन लोगों को सम्मान देता है जो बिना शोर किए अपने गाँवों में बदलाव की नई इबारत लिख रहे हैं। यह स्मरण कराता है कि वास्तविक और स्थायी विकास वही है जो गाँव की गलियों से शुरू होकर पूरे देश को मजबूती प्रदान करता है। पंचायती राज केवल एक शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि वह सशक्त माध्यम है जो हर नागरिक को निर्णय प्रक्रिया से जोड़ते हुए भारत को अधिक मजबूत, संतुलित और प्रगतिशील बनाता है।

## अनियंत्रित गेमिंग के दौर के बाद नियंत्रण का कड़ा अध्याय

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

रात की खामोशी अब विश्राम नहीं, बल्कि स्क्रीन की चमक में डूबकर एक नई सोच को जन्म दे रही है, जो अनजाने में पूरी पीढ़ी का मन गढ़ रही है। उंगलियों की निरंतर हलचल ने सोच की गहराई को कमजोर कर दिया है, और आभासी उपलब्धियों का आकर्षण वास्तविक जीवन की प्राथमिकताओं को पीछे धकेल रहा है। ऐसे नाजुक मोड़ पर 1 मई 2026 से लागू होने जा रहा ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ओजीएआई) केवल प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि डिजिटल अनुशासन को फिर से स्थापित करने का प्रभावी प्रयास है। यह पहल उस अनियंत्रित डिजिटल बहाव को थामने की शुरूआत है, जिसने युवाओं को लत, असंतुलन और मानसिक दबाव के जाल में फँसा दिया है। डिजिटल जगत को संतुलित दिशा देने के उद्देश्य से प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 (प्रोगा) के तहत गठित ओजीएआई भारत के शासन में एक अहम बदलाव का संकेत है। यह स्वायत्त संस्था ऑनलाइन गेमिंग को तीन प्रमुख श्रेणियों में वर्गीकृत करेगी और रियल मनी गेम्स पर पूर्ण प्रतिबंध लगाएगी। सुरक्षित सोशल गेम्स और ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए रजिस्ट्रेशन को अधिकांश मामलों में स्वैच्छिक रखा गया है। ओजीएआई को सिविल कोर्ट के समान शक्तियाँ प्रदान की गई हैं, जिसमें गेम्स की राष्ट्रीय रजिस्ट्री तैयार करना, अनुपालन की निगरानी और अवैध गेम्स को ब्लैकलिस्ट करना शामिल है। वहीं, सुरक्षित और शैक्षिक खेलों को राष्ट्रीय रजिस्ट्री में शामिल कर उन्हें बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि गेमिंग केवल लत नहीं, बल्कि सीख और विकास का साधन बन सके। स्क्रीन की चकाचौंध अब युवाओं को इस तरह बाँध रही है कि वास्तविक जीवन का संतुलन बिगड़ने लगा है। आज की युवा पीढ़ी जिस तरह ऑनलाइन गेमिंग के प्रभाव में फँसती जा रही है, वह महज सामाजिक चुनौती नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में चेतावनी दी गई है कि 15 से 29 वर्ष के युवाओं में अत्यधिक स्क्रीन टाइम और ऑनलाइन गेमिंग से चिंता, अवसाद, अनिद्रा और ध्यान की कमी तेजी से बढ़ रही है। रियल मनी गेम्स से होने वाला आर्थिक नुकसान परिवारों की स्थिरता को भी डगमगा रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण यह भी सुझाव देता है कि डिजिटल एडिक्शन से निपटने के लिए टेली-मानस जैसे मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को और मजबूत किया जाए। ओजीएआई का हस्तक्षेप इस बिगड़ती परिस्थिति को संभालने की दिशा में एक ठोस और समयानुकूल पहल है। नियमन की कसौटी पर खरा उतरने वाला ढांचा तभी सार्थक होता है, जब उसमें अधिकार के साथ जवाबदेही भी स्पष्ट हो—और ओजीएआई इसी संतुलन का सशक्त उदाहरण बनकर उभरता है।

## विचार

### शांति वार्ता विफल, वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बड़े विस्फोट की आशंका

**संजीव**

**पश्चिम** एशिया की तपती रेत पर एक बार फिर बारूद की गंध तेज हो गई है, और इस बार केंद्र में है अमेरिका,ईरान,इजरायल का जटिल त्रिकोण, जिसमें पाकिस्तान एक ऐसे संदेशवाहक की भूमिका में फँसता दिख रहा है जो न पूरी तरह किसी का हो पाया और न ही अपने घर की हालत संभाल पाया। हार्मुज जलडमरूमध्य, जिसे दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र माना जाता है, इस संभावित टकराव का सबसे खतरनाक मोर्चा बन चुका है। यहां से गुजरने वाले तेल टैंकरों पर जरा-सी चिंगारी भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में विस्फोट कर सकती है। अमेरिका लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसकी क्षेत्रीय गतिविधियों को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए है, जबकि इजरायल इसे अपने अस्तित्व के लिए सीधा खतरा मानता है और समय-समय पर ईरानी ठिकानों पर हमले करता रहा है। हाल के महीनों में घटनाओं की श्रृंखला ने तनाव को और अधिक तीखा कर दिया है। लाल सागर में जहाजों पर हमले, सीरिया और इराक में मिलिशिया गतिविधियाँ, और गाजा संघर्ष के बाद बढ़ा हुआ क्षेत्रीय असंतुलन,इन सबने हालात को विस्फोटक बना दिया है। इसी पृष्ठभूमि में पाकिस्तान ने खुद को एक मध्यस्थ के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की, लेकिन यह कूटनीतिक दांव उसके लिए भारी पड़ता दिख रहा है। आर्थिक रूप से पहले से जूझ रहे देश ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की मेहमाननवाजी के लिए महंगे होटलों और सुरक्षा इंतजामों पर भारी खर्च किया, जिसका बोझ आखिरकार उसकी आम जनता पर टैक्स और महंगाई के रूप में पड़ा, और यही कारण है कि देश के भीतर असंतोष की लहर तेज हो गई है। पाकिस्तान की यह स्थिति घर का न घाट जैसी हो गई है। एक ओर वह अमेरिका को खुश रखने की कोशिश करता है, दूसरी ओर ईरान जैसे पड़ोसी को नाराज भी नहीं करना चाहता, और इसी संतुलन की कोशिश में उसकी आंतरिक आर्थिक स्थिति और अधिक कमजोर और जर्जर हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने हालिया बयानों में स्पष्ट संकेत दिया है कि अमेरिका क्षेत्र में अपने हितों और सहयोगियों की सुरक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाने को तैयार है, और यदि ईरान ने उकसावे वाली गतिविधियाँ बंद नहीं कीं तो कठोर जवाब दिया जाएगा। यह बयान सीधे तौर पर सैन्य कार्रवाई की संभावना को खारिज नहीं करता बल्कि उसे एक रणनीतिक विकल्प के रूप में खुला रखता है। दूसरी ओर ईरान का रुख भी उतना ही सख्त है तेहरान का कहना है कि वह अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय प्रभाव की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। यदि उसके हितों पर हमला हुआ तो जवाब निर्णायक और व्यापक होगा। ईरानी नेतृत्व बार-बार यह दोहरा रहा है कि हार्मुज जलडमरूमध्य उसकी रणनीतिक पकड़ में है और जरूरत पड़ने पर वह वैश्विक तेल आपूर्ति को बाधित कर सकता है, जो दुनिया के लिए एक भयावह संकेत है। इस पूरे समीकरण में इजरायल की भूमिका भी बेहद आक्रामक बनी हुई है वह ईरान के परमाणु ठिकानों और उसके सहयोगी नेटवर्क को खत्म करने के लिए लगातार सैन्य विकल्पों पर विचार करता रहा है, और कई बार गुप्त अभियानों के जरिए ईरान को नुकसान पहुंचा चुका है। इन तीनों शक्तियों के बीच बढ़ती अविश्वास की खाई किसी भी छोटे घटनाक्रम को बड़े युद्ध में बदल सकती है, और हार्मुज जलडमरूमध्य इसका सबसे संवेदनशील बिंदु है, जहां एक मिसाइल, एक ड्रोन या एक गलतफहमी भी वैश्विक संकट का कारण बन सकती है। पाकिस्तान की स्थिति इस पूरे परिदृश्य में सबसे दयनीय दिखाई देती है। एक ओर वह खुद को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रासंगिक बनाए रखने के लिए इस तरह की मध्यस्थता करता है, लेकिन दूसरी ओर उसकी आर्थिक हकीकत उसे इस भूमिका के लिए तैयार नहीं होने देती विदेशी कर्ज, महंगाई, बेरोजगारी और राजनीतिक अस्थिरता से जूझते देश के लिए यह कूटनीतिक साहस कहीं न कहीं आत्मघाती साबित हो रहा है। आम पाकिस्तानी नागरिक के लिए यह स्थिति और भी पीड़ादायक है, क्योंकि वह न तो इन वैश्विक रणनीतियों का हिस्सा है और न ही उसके पास इनका कोई लाभ है, लेकिन कीमत वही चुका रहा है,महंगे ईंधन, बढ़ते टैक्स और घटती जीवन-स्तर के रूप में।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर – 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**
पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

### सोशल मीडिया और लड़कियों की आत्मछवि का संकट

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

सुनो लड़कियों—यह कोई भावुक अपील नहीं, बल्कि एक जरूरी सच है। सुंदर दिखने की इस दौड़ में तुम कहीं खुद को खो न बैठो, यह चिंता अब व्यक्तिगत नहीं रही, यह एक सामाजिक संकट बनती जा रही है। आज का समय ऐसा है जहाँ आईना हमारे कमरे की दीवार पर नहीं, बल्कि हमारे मोबाइल की स्क्रीन में बसता है। और यह आईना सच्चाई नहीं दिखाता, बल्कि वह दिखाता है जो दिखाना चाहता है। इस आभासी दुनिया में सुंदरता अब स्वाभाविक नहीं, बल्कि एक प्रोजेक्ट है—जिसे एडिट किया जाता है, फिल्टर लगाया जाता है, और लाइक्स व व्यूज के पैमाने पर नापा जाता है। यह मान लेना गलत होगा कि सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का माध्यम है। यह अब एक मनोवैज्ञानिक संरचना बन चुका है, जो हमारी सोच, हमारी पसंद, हमारे आत्मविश्वास और हमारी पहचान को धीरे-धीरे आकार दे रहा है। खासकर युवतियों के लिए यह एक ऐसा दबाव रचता है, जिसमें वे अनजाने में खुद को किसी और के साँचे में ढालने लगती हैं। हर दिन किसी और की ‖परफेक्ट‖ तस्वीर देखकर अपने चेहरे में कमी ढूंढना, हर स्टोरी के बाद यह सोचना कि कितने लोगों ने देखा, कितनों ने तारीफ की—यह सब एक खतरनाक आदत में बदलता जा रहा है। वैलिडेशन की यह भूख बहुत सूक्ष्म होती है। शुरूआत में यह सामान्य लगती है—थोड़ी सी तारीफ, कुछ अच्छे कमेंट्स, कुछ लाइक्स। लेकिन धीरे-धीरे यही जरूरत बन जाती है। जब तारीफ नहीं मिलती, तो बेचैनी होती है, खुद पर संदेह होता है, और आत्मसम्मान डगमगाने लगता है। यह वही क्षण है जब एक लड़की, जो भीतर से मजबूत और आत्मनिर्भर हो सकती थी, बाहरी प्रतिक्रियाओं पर निर्भर होने लगती है। यह निर्भरता मानसिक थकान और अवसाद की ओर ले जाती है, लेकिन विडंबना यह है कि यह सब एक मुस्कुराती हुई तस्वीर के पीछे छुपा रहता है।

सोशल मीडिया पर जो दिखता है, वह पूरा सच नहीं होता। यहाँ हर कोई अपने जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा ही

### राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस और 73वाँ संविधान संशोधन

**सुनील** कुमार महला

हमारा देश गांवों का देश है और गाँव स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिन इसलिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि 24 अप्रैल 1993 को भारत में 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम लागू हुआ था, जिसके माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ। यहां पाठकों को जानकारी देता चलूं कि यद्यपि यह संशोधन भारतीय संसद द्वारा वर्ष 1992 में पारित किया गया था, परंतु इसे 24 अप्रैल 1993 से प्रभावी किया गया। यही कारण है कि यह तिथि भारतीय ग्रामीण लोकतंत्र के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। वास्तव में, 73वाँ संविधान संशोधन भारतीय संविधान में किया गया एक ऐतिहासिक, नायाब और दूरदर्शी संशोधन था। कहना गलत नहीं होगा कि इस संशोधन ने ग्रामीण स्वशासन की वास्तविक नींव रखी। इस संशोधन के बाद राज्य सरकारों के लिए पंचायती राज व्यवस्था को लागू करना संवैधानिक रूप से अनिवार्य हो गया। इसके माध्यम से संविधान में भाग-क जोड़ा गया, जिसमें पंचायतों से संबंधित प्रावधान सम्मिलित किए गए। साथ ही, इसमें 11वीं अनुसूची भी जोड़ी गई, जिसमें पंचायतों को सौंपे जाने वाले 29 विषयों का उल्लेख किया गया। इस संशोधन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्वशासन को मजबूत करना, लोकतंत्र को गाँव-गाँव तक पहुँचाना तथा जनता की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करना था। इसके अंतर्गत पूरे देश में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई, जिसमें क्रमशः ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत, मध्यवर्ती/ब्लॉक स्तर पर पंचायत समिति तथा जिला स्तर पर जिला परिषद शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-'ब' के अनुसार प्रत्येक राज्य में इन तीन स्तरों पर पंचायतों के गठन का प्रावधान किया गया। हालांकि, जिन राज्यों की जनसंख्या 20 लाख से कम है, वहाँ मध्यवर्ती (ब्लॉक) स्तर पर पंचायत बनाना अनिवार्य नहीं है। पाठक जानते होंगे कि पंचायतों के सदस्यों के चुनाव प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा किए जाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### कॉम्प्टे बास्केटबॉल टूर्नामेंट में मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल की बेटियों का जलवा, कई वर्गों में जीते गोल्ड



**लाड़वा 23 अप्रैल (विजय कौशिक) :** चंडीगढ़ सेक्टर-7 स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित कॉम्प्टे बास्केटबॉल ओपन टूनामेंट 2026 (3श3) में मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल, मथाना चौकी की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किए। अंडर-14 वर्ग में मानवी, प्रीत और गुरनूर कौर की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं अंडर-16 वर्ग में भी स्कूल की छात्राओं का दबदबा रहा, जहां मानवी ने स्वर्ण पदक जीता।इसी क्रम में गर्ल्स अंडर-16 वर्ग में दिव्यांशी और दीक्षा ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया।यह प्रतियोगिता 18 से 19 अप्रैल तक आयोजित हुई, जिसमें क्षेत्र की कई टीमों ने भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बीच छात्राओं ने अनुशासन, टीमवर्क और बेहतरीन खेल कौशल का परिचय दिया। विजेता खिलाड़ियों के स्कूल पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। स्कूल प्रबंधन व स्टाफ ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बच्चों के समग्र विकास और पोषण एवं शिक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**तोशाम, वंदना शर्मा** आंगनबाड़ी में बच्चों के साथ, रैसिपी गुणवता जांचीः- तोशाम,23 अप्रैल।महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में वीरवार को पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत गांव ढाणी माहू में आंगनबाड़ी में बच्चों के साथ, रैसिपी गुणवता जांची। वहीं गांव चनाना स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए पोषण एवं शिक्षा विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला कार्यक्रम वैशाली सिंह के मार्ग दर्शन में गांव ढाणी माहू आंगनबाड़ी में सरपंच रणबीर सिंह द्वारा रेसिपी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संरपंच रणवीर सिंह और पंच मनजीत ने सैन्टर में पहुंचकर बच्चों के लिए तैयार की गई रैसिपी की गुणवता जांची। जो निर्धारित मानकों के अनुसार पाई गई।

उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया और व्यंजनों का जायका लिया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी में चल रही विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया गया।

सुपर वाईजर सुशील बाला ने अभिभावको को खेल आधारित शिक्षा के महत्व के बारे में बताया कि बच्चे खेल-खेल में बेहतर तरीके से सीखते हैं। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा देने पर विशेष पोर दिया गया।

गांव चनाना के कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं प्रधानाध्यापक भी मौजूद रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए बच्चों को अनुशासन और नियमितता अपनाने के लिए प्रेरित किया।

सुपरवाइजर श्रीमती रश्मि द्वारा बच्चों को संतुलित आहार के महत्व एवं नियमित पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया गया। रश्मि ने बच्चों को बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है, इसलिए पौष्टिक भोजन और नियमित अध्ययन दोनों ही जीवन में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बच्चों को हरी सब्जियां, फल, दालें और दूध जैसे पोषक तत्वों का सेवन करने की सलाह दी तथा रोजाना पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और आंगनवाड़ी सेवाओं के बारे में बताया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में पोषण और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सफल प्रयास किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जांगी,रीति, शरबती, मनीता, पिंकी और हैल्पर सरोज, इन्द्रावती, सुनीता,ओमपती एवं कुसुम और आंगनबाड़ी हेल्पर भी उपस्थित रहीं।

# फिरोजपुर झिरका के अंबेडकर चौक पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**अतिक्रमण**

अंबेडकर चौक शहर का सबसे व्यस्त चौराहा है, जहां लगातार जाम की स्थिति बनी रहती थी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका शहर के व्यस्त अंबेडकर चौक पर प्रशासन ने बृहस्पतिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। एसडीएम लक्ष्मी नारायण के नेतृत्व में नगर पालिका टीम के साथ यह अभियान चलाया गया, जिसमें सड़क किनारे और बीच में लगाए गए फल व सब्जी विक्रेताओं की रेहड़ियों को हटाया गया। प्रशासन के अनुसार अंबेडकर चौक शहर का सबसे व्यस्त चौराहा है, जहां लगातार जाम की स्थिति बनी रहती थी। फल और सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क पर अतिक्रमण किए जाने से यातायात बाधित हो रहा था और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने यह कदम उठाया।एसडीएम लक्ष्मी नारायण ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को पहले नोटिस जारी किए गए थे और पिछले तीन दिनों से लगातार चेतावनी भी दी जा रही थी। मुनादी कराकर भी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद सड़क पर सामान फैलाकर अवरोध पैदा किया जा रहा था। एसडीएम लक्ष्मी नारायण ने स्पष्ट कहा कि अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राहगीरों और वाहन चालकों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसी उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। प्रशासन का मकसद यातायात को सुचारु बनाना और चौक को जाम मुक्त करना है।प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा। अधिकारियों का कहना है कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और सार्वजनिक रास्तों को साफ-सुथरा रखने के लिए नियमित रूप से इस तरह की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान नगर पालिका प्रशासन के अलावा पुलिस बल भी मौजूद रहा।

### पवित्र धाम : त्रियुगीनारायण मंदिर में दहेज मुक्त सादगीपूर्ण विवाह ने दिया समाज को सकारात्मक संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र(प्रदीप कुमार)** उत्तराखंड के प्रसिद्ध त्रियुगीनारायण मंदिर में संपन्न हुआ एक सादगीपूर्ण और दहेज मुक्त विवाह इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस अनूठे आयोजन ने न केवल पारंपरिक मूल्यों को पुनर्जीवित किया, बल्कि समाज को एक सुदृढ़ और सकारात्मक संदेश भी दिया। कुरुक्षेत्र निवासी एवं हरियाणा न्यायिक सेवा, फरीदाबाद में कार्यरत न्यायाधीश प्रियंका वर्मा ने प्रशांत के साथ बिना दहेज और बिना किसी दिखावे के सात फेरे लेकर एक नया प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। यद्यपि विवाह पूरी तरह से वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार, अत्यंत सादगी और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। सीमित संख्या में परिजनों और निकट सम्बन्धी लोगों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया। प्रियंका वर्मा के पिता डॉ. अशोक कुमार वर्मा हरियाणा पुलिस में उप-निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता सुषमा वर्मा विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में कुरुक्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं। यह परिवार लंबे समय से सादगीपूर्ण जीवनशैली और उच्च सामाजिक मूल्यों का पालन करता आ रहा है।

### आकेड़ा झील के आसपास 5000 एकड़ से अधिक जमीन में जलभराव

**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** नूंह जिले के आकेड़ा झील के आसपास पिछले करीब तीन वर्षों से जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे क्षेत्र के किसान भारी परेशानी झेल रहे हैं। किसानों के अनुसार 5000 एकड़ से अधिक कृषि भूमि जलभराव की चपेट में है, जिसके कारण फसल उत्पादन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है और किसान आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। प्रभावित किसानों ने सरकार से उचित मुआवजे और स्थायी समाधान की मांग उठाई है।प्रभावित किसानों का कहना है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से 5 से 6 गांवों की हजारों एकड़ जमीन खेती योग्य नहीं रह गई है।

## बाबा बंसीवाला वृद्धाश्रम व अन्नक्षेत्र की नई कार्यकारिणी का गठन

**गठन**

बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम में 45 बुजुर्ग पुरुष व महिलाएं रहकर जीवनयापन कर रहे हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 23 अप्रैल (विजय कौशिक)** बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम व अन्नक्षेत्र की नई कार्यकारिणी का वीरवार गठन किया गया। बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नई कार्यकारिणी में संजय सिंगला को उपप्रधान, अनुज गोयल को महासचिव, सुरेश कंसल को कोषाध्यक्ष व कुंवर सिंघल को सहसचिव बनाया गया है। उन्होंने बताया कि नई कार्यकारिणी का कार्यकाल दो साल का होगा। विकास सिंघल ने बताया कि बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम में 45 बुजुर्ग पुरुष व महिलाएं रहकर जीवनयापन कर रहे हैं जिनके लिए सभी सुविधाएं आश्रम द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने बताया कि लोगों के सहयोग से वृद्धआश्रम में बुजुर्गों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त चार डारमेट्री का निर्माण कार्य भी चल रहा है जिसके साथ एक टॉयलेट ब्लॉक भी बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वृद्ध आश्रम में बाबा बंसी वाला पब्लिक लाइब्रेरी का भी संचालन किया जाता है जिसमें लाडवा में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बच्चे आकर अपनी कालेज परीक्षाओं व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं । उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी सभी सदस्यों के सहयोग से बुजुर्गों की सेवाओं में लगी रहेगी।

### लाडवा पुलिस ने चलाया विशेष परना (मुँह को ढकने वाला कपड़ा) चेकिंग अभियान

**लाडवा 23 अप्रैल (विजय कौशिक ) :** लाड़वा में चल रही आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए आज लाड़वा थाना प्रभारी गुरनाम सिंह ने पुलिस की टीमों के साथ एक विशेष परना चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान में जिन महिलाओं व पुरुषों ने मुंह पर कपड़ा बाधा हुआ था उन्हें रोककर चेकिंग की गई व आगे से मुंह न ढक कर चलने की हिदायत दी गई। थाना प्रभारी गुरनाम सिंह ने कहा की लाड़वा में बढ़ रहे अपराध को रोकने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है ताकि आगे कोई वारदात न घटित हो।अभी 15 दिन के भीतर दो बार गोली की घटनाएं हो चुकी है। थाना प्रभारी गुरनाम सिंह ने लाड़वा वासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि आमजन को जागरूक व सतर्क रहने की जरूरत है व पुलिस प्रशासन आपके साथ है पुलिस पर भरोसा रखें।

अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि इस अभियान में आज जिन युवकों,महिलाओं व युवतियों ने मुंह पर परना या कपड़ा बाधा हुआ था उन्हें वार्निंग देकर छोड़ दिया लेकिन आगे कपड़ा व परना मुंह पर बांधने वालों का चालान किया जाएगा।

## महिला आरक्षण के विरोध में वोट कर कांग्रेस ने महिला विरोधी मानसिकता उजागर कर दी



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 23 अप्रैल।** हरियाणा भाजपा की प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता ने गुरुवार को सोनीपत में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस व उसकी सहयोगी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम को लेकर कांग्रेस, सपा और डीएमके के सांसदों के रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इन दलों ने संसद में देश की आधी आबादी का अपमान किया है। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मोनिका दहिया, विधायक कृष्णा गहलावत, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री स्वातिक आर्य, भारत मल्होत्रा और हरदीप सिंह आदि मौजूद रहे। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसका विरोध करके अपनी महिला विरोधी मानसिकता उजागर कर दी। उन्होंने कहा कि संसद में विपक्षी दलों के सांसदों ने न केवल इस विधेयक का विरोध किया, बल्कि महिला शक्ति का उपहास भी उड़ाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जो अधिकार वर्षों से मिलने चाहिए थे उसमें विपक्ष ने बाधा डालने का काम किया है। उन्होंने कहा कि संसद में कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों ने जनता के सामने स्पष्ट कर दिया कि विपक्षी पार्टियां महिला विरोधी हैं।

उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जा सकता था, लेकिन विपक्ष की साजिश ने इस दिन को इतिहास का एक काल दिन बना दिया। कांग्रेस पार्टी ने 70 करोड़ माताओं, बहनों और बेटियों के सपनों पर सीधा प्रहार किया है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है जिसने शाह बानो केस में महिलाओं के अधिकारों से समझौता किया और ट्रिपल तलाक जैसे मुद्दों पर भी महिलाओं के हितों के खिलाफ खड़ी रही। कांग्रेस का पूरा रिकॉर्ड बताता है कि कांग्रेस सिर्फ भाषणों में अधिकारों की बात करती है जबकि कांग्रेस की नीति महिलाओं के खिलाफ है।

## नशे के खिलाफ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिया जागरूकता का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 23 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोडी में में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पोस्टरों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्य इंदिरा देवी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में निधि ने प्रथम, मोहसिना ने द्वितीय तथा जानवी और नैंसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच चंदाराम और समाजसेवी ओम प्रकाश काम्बोज ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी स्नातकोत्तर अध्यापिका शीतल शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। अध्यापिका शीतल शर्मा ने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर नशे के खिलाफ ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि विद्यार्थियों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया जा सके।

### समाधान शिविर में 10 शिकायतें प्राप्त, अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 23 अप्रैल।** लघु सचिवालय, सोनीपत में गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं। शिविर की अध्यक्षता सोनीपत शुगर मिल की प्रबंध निदेशक डॉ. अनमोल ने की। शिविर के दौरान डॉ. अनमोल ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्य करते हुए उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## बीटना रोड स्थित रविदास मंदिर में गरमाया चुनावी माहौल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पिंजौर**
पिंजौर के बीटना रोड स्थित रविदास मंदिर में इन दिनों चुनावी माहौल काफी गरमा गया है। मंदिर प्रबंधन समिति के नए प्रधान के चयन को लेकर समाज के बीच उत्साह और चर्चा दोनों चरम पर हैं।

इस चुनाव में तीन प्रमुख उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं, जिनमें प्रधान पद के लिए गुलजार सिंह, महासचिव पद के लिए धर्मपाल और कोषाध्यक्ष पद के लिए संजीव कुमार अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।

उम्मीदवारों के समर्थक अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। खास बात यह है कि इस बार



चुनाव में शिक्षित और समाजसेवी छवि को प्रमुख मुद्दा बनाया जा रहा है। प्रधान पद के उम्मीदवार गुलजार सिंह को एक ईमानदार, कर्मठ और सामाजिक कार्यों में सक्रिय व्यक्ति के रूप में देखा जा रहा है। वहीं धर्मपाल और संजीव कुमार भी अपनी सादगी और समाज के प्रति समर्पण के कारण चर्चा में हैं।



समाज के वरिष्ठ लोगों का कहना है कि आज के दौर में नेतृत्व ऐसे व्यक्ति के हाथ में होना चाहिए जो शिक्षित होने के साथ-साथ ईमानदार भी हो। इसी संदर्भ में डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों का भी उल्लेख किया जा रहा है, जिन्होंने हमेशा शिक्षित और जागरूक समाज के निर्माण पर जोर दिया।



चुनाव को लेकर समाज के लोगों से अपील की जा रही है कि वे अपने मत का सही उपयोग करें और ऐसे उम्मीदवार को चुनें जो समाज के विकास और एकता के लिए काम कर सके। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि रविदास मंदिर समिति का नया प्रधान कौन बनता है और समाज किस दिशा में आगे बढ़ता है।

## हांसी के सेक्टर 5 में बनेगा नया पुलिस चौकी भवनः एसडीएम राजेश खोथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी( दिनकर गावड़ी):**झजिला में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में प्रशासन द्वारा एक और ठोस कदम उठाया है। हांसी शहर के सेक्टर 5 में जल्द ही नए पुलिस चौकी भवन का निर्माण किया जाएगा। पुलिस चौकी भवन के लिए 990 वर्ग गज निशानदेही कर पुलिस विभाग को सौंप दी गई है।

एसडीएम राजेश खोथ ने यह जानकारी वीरवार को जिला सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनते हुए दी। उन्होंने कहा कि पुलिस चौकी भवन बनाने के लिए 990 वर्ग गज जमीन की निशानदेही कर पुलिस विभाग को सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस चौकी बनने से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी।

गांव कुतुबपुर के नागरिकों ने समस्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि उनके गांव की बिजली लाइन अर्बन सब डिवीजन फीडर से जोड़ दी गई है। जिससे ग्रामीणों को बिजली मिलने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उनके गांव की बिजली लाइन हांसी सब अर्बन डिवीजन फीडर से जोड़ी जाए। एसडीएम राजेश खोथ ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीणों की मांग के अनुरूप उचित कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। सोरखी गांव के एक नागरिक ने गांव के खेल स्टेडियम की चार दिवारी की मरम्मत तथा मिट्टी भरत करवाने को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को बरसाती मौसम शुरू होने से पहले दोनों कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में लाडली पेंशन बनवाने, परिवार पहचान पत्र में त्रुटि ठीक करवाने, राशन कार्ड बनवाने, अवैध कब्जा हटवाने व अन्य शिकायती एवं समस्याएं प्रस्तुत की गई। सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

एसडीम ने सौंपे प्रमाण पत्रः जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक सोमवार तथा वीरवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें नागरिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन बनवाने को लेकर भी आवेदन प्रस्तुत करते हैं। जिन पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को पात्र नागरिकों की त्वरित आधार पर पेंशन बनाने के निर्देश दिए जाते हैं। एसडीएम राजेश खोथ ने आज मौके पर उपस्थित सुल्तानपुर गांव निवासी राजबाला तथा गढ़ी गांव निवासी विमला को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रमाण पत्र सौंपे।

## युवा मण्डल/महिला मण्डल को स्पोर्ट्स कीट्स वितरण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
मेरा युवा भारत सोनीपत ( युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार) के उपनिदेशक रितु रानी के द्वारा युवा स्पोर्ट्स क्लब सोनीपत के अध्यक्ष विनय कुमार के साथ क्लब के सदस्यों को खेल का सामान दिया गया। इस दौरान मेरा युवा भारत से जुड़े युवा मण्डल/महिला मण्डल को स्पोर्ट्स का सामान दिया जा रहा है युवा/महिला मंडल के द्वारा युवाओं को खेलो के द्वारा युवाओं को मेरा युवा भारत से जोड़ना हैं साथ ही युवाओं को खेलो से जोड़कर युवाओं को नशे से दूर रखना है



साथ ही समाज सेवा के लिए जागरूक करना है उपनिदेशक रितु रानी ने युवाओं को बताया कि युवाओं को आगे आकर वृक्षरोपण ज्यादा से ज्यादा करना होगा ताकि वायु प्रदूषण से बचा जा सके। लोगो को स्वच्छ ऑक्सीजन मिल सके। उन्होंने बोला कि मेरा उद्देश्य सोनीपत जिले से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को मेरा युवा भारत से जोड़ना हैं इस दौरान विकास कुमार,सतपाल राणा, साहिल,भूमित,लखन जसबीर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

# पानीपत में दो लाख 12 हजार एकड़ में से करीब 95 प्रतिशत गेहूं की कटाई पूरी, स्वयं फांस जलाने की अब तक एक भी घटना नहीं



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, 23 अप्रैल(बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत जिला में इस बार 2 लाख 12 हजार एकड में गेहूं की बिजाई की गई थी और जिला में किसानों ने 1 लाख 97 हजार एकड का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाया था। कृषि विभाग के अनुसार जिला में बृहस्पतिवार तक 95 प्रतिशत गेहूं की कटाई हो चुकी है। लेकिन जिला में अभी तक किसी भी किसान द्वारा स्वयं फांस जलाने की एक भी घटना नहीं आई है। हालांकि अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से जिला में विभिन्न गांव में किसानों की 100 एकड से ज्यादा गेहूं और करीब 500 एकड में फांस जले है। फसल अवशेष प्रबंधन के तहत किसानों को जागरूक करने के लिये जिला में गांव स्तर पर 46 टीमें, ब्लाक स्तर पर 5 टीमें, सब डिविजन स्तर पर तीन और जिला स्तर पर डीसी डा. विरेंद्र कुमार दहिया के नेतृत्व मे एक टीम का गठन किया गया था। गांव स्तरीय टीमों द्वारा गेहूं कटाई शुरू होने से पहले ही पिछले माह 25 मार्च से ही गांव-गांव जाकर किसानों को गेहूं के फांस नही जलाने और फांसों का प्रबंधन करने के लिये जागरूक किया जा रहा था। जिला के किसानों की जागरूकता और कृषि विभाग की टीमों के प्रचार का असर रहा कि पानीपत में स्वयं फांस जलाने की कोई घटना अब तक नहीं हुई। अवशेष जलाने पर किसान के खिलाफ एफआईआर, दो साल तक रेड एंट्री, चालान, 2500 से 15000 तक जुमार्ना किया जाता है।

**पानीपत जिला में करीब 500 रीपर से बनाई जा रही है फांसों की तुडी**

कृषि विभाग के उप निदेशक डा. प्रवीन कुमार गुलिया और एएई डा. सुधीर कुमार ने बताया कि जिला में करीब 500 रीपर काम कर रहे है और इनसे गेहूं के फांसों की किसानों द्वारा तुडी बनवाई जा रही है। फांसों की तुडी बनने से किसानों को अलग से आमदनी भी होती है। विभाग की टीमों द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर जिलाभर में निरंतर करीब एक माह तक जागरूकता अभियान चलाने और जिला के जागरूक किसानों की समझदारी का परिणाम है कि जिला में अब तक किसानों द्वारा स्वयं फांस जलाने की एक भी घटना नहीं हुई है। डीसी डा. विरेंद्र कुमार दहिया के नेतृत्व में जिला स्तरीय और एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार, एमडीएम इसराना नवदीप सिंह नैन व एसडीएम समालखा अमित कुमार के नेतृत्व में उप मंडल स्तरीय टीमें निरंतर मॉनिटरिंग कर रही थी।

# अनाज मंडियां गेहूं से फुल पर किसान की जेब खाली: डॉ केवी सिंह

## उठान के 72 घंटों के भीतर भुक्तान के दावों की खुली पोल: डॉ केवी सिंह

**साधा निशाना**

**वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ केवी सिंह पिछले कई दिनों से हलका डबवाली की विभिन्न अनाज मंडियों के दौरे पर**



**टीम एक्शन इंडिया**
**डबवाली (रणबीर खटक)**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ केवी सिंह पिछले कई दिनों से हलका डबवाली की विभिन्न अनाज मंडीयों के दौरे पर है, इस दौरान उन्होंने आज गांव पन्नीवाला मोरीका, चटठा, हस्सू, पाना, माखा, ओढ़ा,बनवाला, रत्ताखेड़ा, मलिकपुरा आदि की अनाज मंडीयों का दौरा कर धरातली हकीकत को जाना।

इस दौरान डॉ केवी सिंह ने कहा कि इस सीजन में पहले खराब मौसम ने फसलों को नुकसान पहुंचाया, उसके बाद बायोमेट्रिक, वाहन पंजीकरण, जिओ फैंसिंग आदि अड़चनों से निकलना और बाद में तुलाई की मुश्किल के चलते किसानों पर तिहरी मार पड़ी है, पचास प्रतिशत फसल की तुलाई हो गई है,अनाज मंडियां गेहूं से फुल है पर किसान की जेब खाली है जिस कारण किसानों में रोष है।

डॉ सिंह ने कहा कि उन्हें पता चला है कि जिन किसानों की 13 अप्रैल तक फसल की तुलाई हो गई थी उनको भी आज तक फूटी कौड़ी सरकार द्वारा नहीं दी गई है, जो सरकार के फसल उठान के 72 घंटे तक भुगतान के खोखले दावों की पोल खोलता है। उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ सरकार द्वारा आज जारी किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि कल शाम तक 80 लाख मीट्रिक टन फसल मंडियों में आ गई है लेकिन सरकार का टारगेट केवल 72 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का ही है।डॉ सिंह ने सरकार से सवाल किया है कि 80 लाख मीट्रिक टन फसल की आवक 22 तारीख तक हो चुकी है और 30 तारीख तक अभी फसल खरीद की जानी है, ऐसे में सरकार बताए कि वह शेष बची फसल की खरीद करेगी या नहीं?

डॉ केवी सिंह ने कहा कि अनाज मंडीयों में केवल किसान की ही नहीं, बल्कि आढ़ती, मजदूर की हालत भी चिंतनीय है। पर्चेज सेंटरों में न आढ़तियों को तिरपाल दी गई है न पीने का पानी है और न ही बैठने की कोई व्यवस्था की गई है, यही हाल मजदूरों का है और ट्रांसपोर्टर भी इससे जुदा नहीं है उन्हें भी तुलाई के लिए कांटे पर जाने के लिए महज 40 रुपए दिए जा रहे हैं जो कि काफी कम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय आढतियों को ढाई प्रतिशत कमीशन दिया जाता था जो कि अब बहुत कम करके 50 से 75 पैसे कर दिया गया है सरकार को चाहिए कि वह आढ़तियों के कमीशन में बढ़ोतरी कर पुनः ढाई प्रतिशत करे। डॉ केवी सिंह ने बताया कि भुक्तान में देरी की शिकायत पर उन्होंने स्थानीय एवं चंडीगढ़ में उच्चाधिकारियों से संपर्क साधा जिस पर अधिकारियों ने जिन किसानों की फसल की तुलाई को 72 घंटे हो चुके हैं उनकी फसल का भुक्तान आज रात या कल सुबह तक करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा देखते हैं कि सरकार इस आश्वासन पर खरा उतरती है या नहीं।

# लाखों रुपए की 22 ग्राम 62 मिलीग्राम हेरोइन बरामद



**सिरसा (शुभम-खटक)**

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निदेर्शानुसार सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की विभिन्न पुलिस टीमों ने गश्त के दौरान अलग-अलग जगहों से तीन युवकों को लाखों रुपए की 22 ग्राम 62 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान कपास मंडी सिरसा की तरफ जा रही थी । इस दौरान कपास मंडी की तरफ से बाइक सवार एक युवक आता दिखाई दिया । उक्त बाइक सवार युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया तो बाइक अचानक बंद हो गई।

पुलिस पार्टी ने शक के आधार आरोपी युवक गौरव पुत्र रवि कुमार निवासी हाउसिंग बार्ड कॉलोनी सिरसा को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उनके कब्ज से 16 ग्राम 42 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई । वहीं एक अन्य घटना में एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम महिला पॉलटेक्निकल कॉलेज सिरसा की तरफ जारी थी। इस दौरान सामने से बाइक सवार दो युवक आते हुए दिखाई दिए । उक्त बाइक सवार युवकों ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार आरोपी विकाश पुत्र प्रकाश निवासी जन कल्याण कॉलोनी सिरसा व अवतार सिंह पुत्र सौदागर सिंह निवासी गुरु तेग बहादुर नगर सिरसा को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उनके कब्जा से 6 ग्राम 20 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

# हकेवि की छात्रा को मिला मिला प्लेसमेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्कूल ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग के अंतर्गत संचालित औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्रा कुमारी जिंगल यादव को बैंगलोर स्थित वैल्यू नेटवर्क वेंचर्स प्रा. लि. में जूनियर एसोसिएट के पर पर प्लेसमेंट मिला है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने जिंगल यादव को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग के अधिष्ठाता प्रो. आशीष माथुर ने कहा कि औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विभाग कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के कुशल दिशा-निर्देशन में विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि विभाग के विद्यार्थियों को कक्षा अध्ययन के साथ-साथ औद्योगिक भ्रमण व इंटर्नशिप आदि के माध्यम से प्रायोगिक ज्ञान भी दिया जाता है। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. सुनील कुमार, शालू सैनी, पिंकी कांटीवाल, नसीब फोगाट, डॉ. कविता वर्मा व ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की निदेशक डॉ. दिव्या व डॉ. विकास सिवाच उपस्थित रहे।

# गुडथे ने पंचकूला मेयर प्रत्याशी के नामांकन को लेकर चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं से चर्चा की



**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला:** हरियाणा कांग्रेस के सह प्रभारी प्रफुल्ल गुडथे ने पंचकूला के मेयर प्रत्याशी सुधा भारद्वाज के नामांकन को लेकर कार्यकताओं से चर्चा की। इस अवसर पर पंचकूला से कांग्रेस विधायक चन्द्रमोहन,संजीव भारद्वाज,मीडिया प्रभारी,हरियाणा कांग्रेस पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे, जिससे सभी में उत्साह, ऊर्जा और जोश का माहौल देखने को मिला।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी प्रफुल्ल गुडथे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी निकाय चुनावों को पूरी गंभीरता, मजबूती और जनसमर्थन के साथ लड़ रही है। पार्टी ऐसे स्वच्छ छवि, जनसेवा के प्रति समर्पित तथा विकासशील सोच रखने वाले उम्मीदवारों को मैदान में उतार रही है, जो जनता की उम्मीदों पर खरा उतर सकें। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा मेयर पद के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है तथा पार्षद पद के उम्मीदवारों की सूची भी शीघ्र जारी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस बार निकाय चुनावों में महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

प्रफुल्ल गुडथे ने स्थानीय निकाय चुनाव में महिलाओं की अधिक भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं की सहभागिता से प्रशासन अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और प्रभावी बनता है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं के मुद्दों का केवल राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुनियोजित साजिश के तहत भाजपा ने महिला आरक्षण बिल को लागू नहीं होने दिया और उसका ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ने का प्रयास कर रही है। यह तुष्टिकरण की राजनीति का स्पष्ट उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है।

वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को शीघ्र लागू किए जाने की मांग दोहराते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार जल्द मिलना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी प्रफुल्ल गुडथे ने विश्वास जताया कि हरियाणा के निकाय चुनावों में कांग्रेस पार्टी जनता के समर्थन से बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी और प्रदेश में विकास तथा जनहित की नई दिशा तय करेगी।

इसमें अनूप सिंह, जगमोहन भनोट, रणधीर राणा, मनोज जैरथ, नरेश मान, राजीव पसबोला, जगदीश राय भी उपस्थित रहे

# 5 किलो 250 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**काबू**

**गश्त व मादक पदार्थों की तलाश के सिलसिले में गांव भागल बस अड्डा क्षेत्र पर मौजूद थे**

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** जिला पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए-1 द्वारा चीका क्षेत्र से एक आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 5 किलो 250 ग्राम गांजा फूल-पत्ती बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई कमलजीत सिंह की टीम गश्त व मादक पदार्थों की तलाश के सिलसिले में गांव भागल बस अड्डा क्षेत्र पर मौजूद थे। इसी दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि हरिचंद नामक व्यक्ति राजस्थान से आकर गुहला-चीका क्षेत्र में गांजा तस्करी का धंधा करता है और इस समय राधा स्वामी सत्संग व्यास, भागल के पास नशीला पदार्थ लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। जिसे दबिश देकर काबू किया जा सकता है। पुलिस टीम द्वारा सत्संग भवन के पास दबिश दी गई।

मौके पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में पिठू बैग के साथ खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू कर लिया। जिसकी पहचान गांव कनासील, जिला धौलपुर (राजस्थान) के रूप मे हुई। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार सीवन मीनू कौशिक के समक्ष ली गई तलाशी दौरान आरोपी के पिठू बैग मे एक पारदर्शी पॉलीथीन 5 किलो 250 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना चीका में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एसआई जयभगवान द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# समाधान के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविर केवल दिखावे तक सीमित रह गए: राजकुमार



**सिरसा(रणबीर खटक)** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविर केवल दिखावे तक सीमित रह गए हैं। लोगों को इन शिविरों से कोई राहत नहीं मिल पा रही। अधिकारी कागजों में शिकायतों का निपटारा कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। जारी बयान में शर्मा ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आम जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटारा करना था, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं, लेकिन अधिकतर मामलों में उन्हें केवल आश्वासन देकर लौटा दिया जाता है। कई शिकायतों को दर्ज तो कर लिया जाता है, पर उनका निपटारा लंबे समय तक नहीं किया जाता। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी भी इन शिविरों को गंभीरता से नहीं ले रहे। वे केवल औपचारिकता निभाने के लिए शिविर में मौजूद रहते हैं और शिकायतों के समाधान के बजाय कागजी खानापूर्ति कर चले जाते हैं। राजकुमार शर्मा ने कहा कि जमीन से जुड़े मामलों, राजस्व विवादों और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतों का मौके पर समाधान करने का दावा पूरी तरह खोखला साबित हो रहा है। शर्मा ने कहा कि सरकार इन शिविरों के जरिए केवल अपनी छवि सुधारने का प्रयास कर रही है। प्रचार-प्रसार पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है, जबकि धरातल पर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।

# राजस्थान के लूट के मामले में पीओ कनीना थाने का हिस्ट्रीशीटर पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** जिला पुलिस द्वारा अपराधियों और भगोड़ों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आज थाना शहर कनीना की पुलिस टीम ने सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए राजस्थान के सूरजगढ़ थाने के एक पुराने लूट के मामले में फरार चल रहे उद्घोषित अपराधी (पीओ) और थाना शहर कनीना के हिस्ट्रीशीटर मनजीत निवासी उन्हाणी को काबू कर लिया है।हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ अलग-अलग थानों में हत्या, लूट, मारपीट, लडाईझगड़े, आर्म्स एक्ट के तहत करीब 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# 16 मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए कराया टेस्ट

**जांच**

**ब्लड प्रेशर (बीपी), शुगर, एचआईवी, एचसीवी तथा हेपेटाइटिस बी की जांच की गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा जिन्दल हाउस में, थानेसर हल्का क्षेत्र के 16 चिन्हित मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए प्री-ऑपरेटिव (ऑपरेशन पूर्व) टेस्ट सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए गए। इस दौरान सभी मरीजों की आवश्यक स्वास्थ्य जांच जैसे ब्लड प्रेशर (बीपी), शुगर, एचआईवी, एचसीवी तथा हेपेटाइटिस बी की जांच की गई, ताकि ऑपरेशन से पहले उनकी स्वास्थ्य स्थिति का समुचित आकलन किया जा सके।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि ह्लकुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियानह्व के अंतर्गत थानेसर क्षेत्र में आयोजित हेल्थ कैंप के माध्यम से मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान की गई थी। अब इन चिन्हित मरीजों को बुलाकर उनके प्री-ऑपरेटिव टेस्ट कराए गए हैं, जिसके उपरांत उन्हें मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज, हिसार ले जाया जाएगा। ऑपरेशन से लेकर आवागमन का सारा खर्च नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा ही उठाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि वे स्वस्थ जीवन जी सकें। इस पहल के माध्यम से अनेक लोगों की आंखों की रोशनी लौटाने का प्रयास किया जा रहा है।

# इनेलो के मेयर उम्मीदवारों की घोषणा - एडवोकेट आंनद खत्री को सोनीपत और मनोज अग्रवाल को पंचकुला नगर निगम चुनाव के लिए मेयर पद का बनाया गया उम्मीदवार




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़, सिरसा (रणबीर खटक)** इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय चौटाला ने चंडीगढ़ स्थित इनेलो मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर कहा कि गेहूं खरीद के मुद्दे पर हमने अपने कार्यकताओं की मंडियों में ड्यूटी लगाई थी और किसान कष्ट निवारण केंद्र खोले ताकी किसानों को कोई समस्या न आए। हमने सरकार से कहा था कि सरकार बायोमेट्रिक सत्यापन की शर्त ना लगाई जाए। लेकिन सरकार ने बायोमेट्रिक सत्यापन करवाना अनिवार्य कर दिया। इससे किसानों को बहुत परेशानी आई। किसानों की गेहूं का उठान नहीं हो रहा था और किसानों के खाते में पैसे नहीं आ रहे थे। सरकार की कोशिश तो यही थी कि कि किसानों की गेहूं अंबानी और अडानी के साईलोस में जाए और वह कमियां निकाल कर फसल को कम कीमत पर खरीदें। लेकिन हमने इस लड़ाई को लड़ा जिससे सरकार दबाव में आई उसके बाद अब मंडियों में गेहूं खरीद की जा रही है।

विशेष सत्र बुलाए जाने पर पूछे गए सवाल पर अभय सिंह चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने एक विशेष सत्र बुलाया है जिसमें महिला बिल को लेकर निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। मुख्यमंत्री के पास महिला आरक्षण बिल पर निंदा प्रस्ताव लाने का समय है। लेकिन किसानों के लिए नहीं। अगर निंदा प्रस्ताव लाना ही था तो सरकार की कमियां और खामियों के बारे में लाना चाहिए था। किसानों को जो दिक्कतें आई है। उसके लिए कहा जाना था कि आगे से इस किसानों को ऐसी समस्याएं नहीं आएगी। जो बिल लोकसभा में गिर गया उसकी चर्चा यहां पर करने का क्या मतलब है। भाजपा सरकार महिला आरक्षण बिल पर राजनीति कर रही थी। जिसमें वह सफल नहीं हुए। इसको लेकर मैं पूरे विपक्ष को बधाई देता हूं कि उन्होंने भाजपा की मंशा को पूरा नहीं होने दिया।

सरकार ने किसानों के लिए एक समस्या और खड़ी कर दी। किसान की जमीन की जो रजिस्ट्री होती है उसकी फीस 503 रुपए होती है और अगर किसान की एप्लीकेशन रिजेक्ट हो जाती है तो यह फीस भी जब्त हो जाती है। रजिस्ट्री के लिए 3 दिन का समय रखा गया है। जिसमें कई अलग-अलग अधिकारियों के पास जाना पड़ता है। पोर्टल पर अपडेट भी करना पड़ता है। पोर्टल का सर्वर कब डाउन हो जाए यह पता नहीं चलता। पोर्टल की वजह से किसानों को मंडियों में भी बहुत परेशानी हो रही है। पहले जमीन पैमाइश का काम आसान था। अब सरकार ने इसके लिए 32 करोड़ रुपए खर्च कर के 300 रोवर मशीने खरीद ली। लेकिन वो तीन साल से खड़ी हैं। इनके पास उन्हें चलाने के लिए लोग ही नहीं है। ये मशीनें सिर्फ कमीशन खाने के लिए खरीदी गई थी। प्रदेश में पैमाइश के लिए 4000 लोगों ने अप्लाई किया था। जिसमें से सिर्फ 40 लोगों की जमीन की पैमाइश ही हो पाई है। अभय सिंह चौटाला ने इनेलो के मेयर उम्मीदवारों की घोषणा की। एडवोकेट आंनद खत्री को सोनीपत और मनोज अग्रवाल को पंचकुला नगर निगम चुनाव के लिए मेयर पद का उम्मीदवार बनाया गया है। अंबाला से मेयर उम्मीदवार का नाम आज शाम तक घोषित किया जाएगा।

बंगाल चुनाव को लेकर कहा कि भाजपा प्रजातंत्र को बल के साथ दबाना चाहती है। लेकिन भाजपा जितना लोगों को दबाने का का काम करेगी लोगों में उतना ही रोष बढ़ेगा। भाजपा ने बंगाल में फोर्सेस को लगाकर डराने की कोशिश की है। मुझे नहीं लगता कि भाजपा वहां पर जीत हासिल कर सकती है वहां पर ममता बनर्जी ही जीत दर्ज करेगी। बीबीएमबी को लेकर कहा कि जब हमारा अधिकारी वहां नहीं होगा तो हमारी पैरवी कौन करेगा। सरकार को इस बारे में चर्चा करनी चाहिए। पंजाब में भाजपा का कोई वजूद नहीं है। मुख्यमंत्री को हरियाणा में कोई नहीं बुलाता तो वो पंजाब चले जाते हैं। प्रेस वार्ता में इनेलो के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएस चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सतबीर सैनी, पंचकुला जिलाध्यक्ष सितेंद्र टोनी, पंचकुला शहरी प्रधान मनोज अग्रवाल, सीमा चौधरी और पार्टी सचिव नछत्तर सिंह मलहान मौजूद रहे।

# गौशालाओं को विधायक कृष्णा गहलावत ने की लाखों रुपए की सहायता राशि वितरित, चेक सौंपे

गो संरक्षण

गौ संरक्षण हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा : गहलावत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई** । विधायक कृष्णा गहलावत ने राई हल्के में गो संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गौशालाओं को सरकार की ओर से लाखों रुपए की आर्थिक सहायता राशि वितरित की गई। जिससे गौशालाओं के संचालन और विकास कार्यों को गति मिलेगी।विधायक कृष्णा गहलावत ने बाबा कालीनाथ गौशाला मुरथल को 12 लाख 36 हजार 480 रुपये का चेक प्रदान किया गया। वहीं यशोदानंदन श्रीकृष्ण गोपाल सेवा समिति, कुमासपुर को 2 लाख 62 हजार 200 रुपये की सहायता राशि दी गई। इसके अलावा श्री जयराम पंचायती गौशाला, जखोली को 19 लाख 9 हजार रुपये का चेक वितरित किया गया।

गौशाला संचालकों और पदाधिकारियों ने सरकार और विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आर्थिक सहायता से गौशालाओं के रखरखाव, चारे-पानी की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। सरकार गौशालाओं के विकास और बेहतर संचालन के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सहायता राशि गौशालाओं में रहने वाले गोवंश के पालन-पोषण, चारे-पानी और चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी। विधायक ने गौशाला संचालकों से अपील की कि वे पारदर्शिता और समर्पण के साथ सेवा कार्य को आगे बढ़ाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी सरकार गौसेवा के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करती रहेगी। कार्यक्रम में भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल, बाबा कालीनाथ गौशाला के प्रधान रिशाल सिंह, उपप्रधान विनोद कुमार (मास्टर), विजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमासपुर गौशाला से प्रेम प्रकाश, संदीप, राजेश पंडित, सदाराम, प्रदीप और रमेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भोगीपुर में 20 लाख रुपए की लागत से बनेगा अंबेडकर भवन, कादियान ने किया शिलान्यास



शिलान्यास

गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर दिया जा रहा विशेष ध्यान : कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। भोगीपुर गांव में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से अंबेडकर भवन का निर्माण किया जाएगा। गुरुवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि नारियल फोड़कर भवन निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत की ओर से पेयजल सप्लाई परियोजना का भी शुभारंभ किया गया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम से पहले गांव पहुंचने पर सरपंच सावन कुमार और ग्रामीणों ने विधायक का फूलमाला से स्वागत किया। गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर भवन बनने से सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से अंबेडकर भवन की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। इससे गांव में सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। इस अवसर पर ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार, सावन सरपंच, बिजेंद्र सरपंच, वीरेंद्र राठी, भूपसिंह, होशियार सिंह, अशोक राठी, सुरेंद्र, राकेश, अमित, रघुबीर, वीरेंद्र, अजमेर, कर्मवीर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### आरपीएस विद्यालय में एनसीसी ओरिएंटेशन कार्यक्रम, विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा के लिए किया प्रेरित



**गन्नौर**। आरपीएस विद्यालय में विद्यार्थियों को एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एनसीसी कैडेट्स की प्रभावशाली ड्रिल से हुई। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी विषय पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके अतिरिक्त एक पीपीटी प्रस्तुति के जरिए एनसीसी के उद्देश्य, प्रशिक्षण प्रक्रिया, कार्यप्रणाली और इसके लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई।विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना विकसित करने का बेहतरीन मंच प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को एनसीसी से जुड़कर अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने के लिए प्रेरित किया।

### पांची जाटान सरपंच बहाल, रोहतक मंडल आयुक्त ने निलंबन आदेश को किया अपास्त

**गन्नौर**। ग्राम पंचायत पांची जाटान के सरपंच अशोक को देते हुए रोहतक मंडल आयुक्त ने उपायुक्त सोनीपत द्वारा 9 मार्च को जारी निलंबन आदेश को अपास्त कर दिया है। रोहतक मंडल आयुक्त ने अपने आदेश में कहा कि निलंबन की प्रक्रिया में सरपंच को अपना पक्ष रखने का उचित अवसर नहीं दिया गया। सुनवाई के दौरान पाया कि सरपंच ने पंचायत का रिकार्ड पूर्व में ही संबंधित कार्यालय में जमा करवा दिया था। रिकार्ड उपलब्ध न कराने और अनियमितताओं के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा गया कि बिना ठोस साक्ष्य के कार्रवाई की गई। सरपंच की बहाली जांच के अंतिम परिणाम के आधीन रहेगी। सरपंच अशोक को 13 मार्च को विकास कार्यों में अनियमितताओं और पंचायत रिकार्ड उपलब्ध न कराने के आरोपों के चलते निलंबित किया गया था।आरोप था कि मांगे जाने के बावजूद रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किया गया और कार्यों में गड़बड़ी सामने आई।

### शिव पार्क के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**गन्नौर**। रेलवे रोड स्थित शिव पार्क के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही गन्नौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष प्रतीत हो रही है। प्रथम दृष्टया व्यक्ति नशे का आदी लग रहा है, हालांकि शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। मौके पर पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सोनीपत भिजवा दिया गया। पुलिस का कहना है कि शव की पहचान के प्रयास जारी हैं और पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल पाएगा।

### खेड़ी गुज्जर में दो अलग-अलग मामलों में किशोर व युवक लापता

**गन्नौर** । गांव खेड़ी गुज्जर से दो अलग-अलग मामलों में एक नाबालिग व एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों के स्वजन ने थाना गन्नौर में अलग-अलग शिकायत दी हैं। पहले मामले में आर्यन ने बताया कि उसका छोटा भाई 16 वर्षीय अक्षित सुबह करीब 10 बजे घर से बिना बताए चला गया। उन्होंने रिश्तेदारी व दोस्तों में तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। वहीं दूसरे मामले में जय भगवान निवासी खेड़ी गुज्जर ने बताया कि उसका पुत्र राहुल 20 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बज कर 30 मिनट पर अपनी बाइक पर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा।
शाम को फोन करने पर मोबाइल बंद मिला। दोनों मामलों में परिवार वालों ने पुलिस से गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जल्द से जल्द तलाश करने की मांग की है।

# विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुचि विकसित करने के लिए मनाया पुस्तक दिवस

पुस्तक दिवस

चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पुस्तक दिवस मनाया, पढ़ने की आदत पर दिया जोर



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में विश्व पुस्तक दिवस विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुचि विकसित करने और पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के लिए मनाया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पुस्तकों का महत्व बताते हुए कहा कि किताबें हमारी सच्ची मित्र होती हैं, जो ज्ञान बढ़ाने के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

उन्होंने छात्रों को मोबाइल और टीवी से दूरी बनाकर प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट पुस्तक पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी पसंदीदा पुस्तकों पर विचार साझा किए। कुछ छात्रों ने पंचतंत्र की कहानियां सुनाईं, तो कुछ ने महान वैज्ञानिकों और प्रेरणादायक व्यक्तित्वों की जीवनियों से सीख लेने की बात कही। विद्यालय पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जहां बच्चों ने विभिन्न विषयों की पुस्तकों का अवलोकन किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य ने बताया कि स्कूल में नियमित रूप से पुस्तकालय काल आयोजित किया जाता है । विद्यार्थियों ने अधिक से अधिक पुस्तकें पढ़ने का संकल्प लिया।

# थाना में जब्त 305 बोतल और 104 पेटी अवैध शराब की नष्ट



**गन्नौर** । थाना गन्नौर में वर्ष 2022 से 2024 तक विभिन्न मामलों में जब्त अवैध शराब को अदालत के आदेशानुसार नष्ट किया गया। कमेटी की मौजूदगी में यह पूरी प्रक्रिया हुई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट हरिओम शर्मा, चीफ इंजीनियर शुगर मिल, एसीपी गन्नौर ऋषिकांत व गन्नौर थाना प्रभारी बीर सिंह की निगरानी में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शराब को नष्ट किया गया। पुलिस के अनुसार वर्ष 2022, 2023 व 2024 के कुल 11 मुकदमों से संबंधित विभिन्न ब्रांड की करीब 305 बोतल शराब और 104 पेटी पव्वा नष्ट किया गया। एसीपी ऋषिकांत ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। उन्होंने आमजन से अपील करी कि ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# गर्मी और लू ने दिखाए तेवर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** जिले में लगातार बढ़ती गर्मी और लू ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के साथ ही दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं, जिससे सड़कों पर आवाजाही भी कम हो गई है। दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे नजर आ रहे हैं और बाजारों की रौनक शाम ढलने के बाद ही लौट रही है।
गर्मी से राहत पाने के लिए लोग नींबू शिकंजी, ठंडा पानी, जूस और अन्य शीतल पेय पदार्थों का सहारा लेते दिख रहे हैं। शहर और कस्बों में जगह-जगह शिकंजी और पानी की दुकानों पर भीड़ बढ़ गई है। दुकानदारों के अनुसार इन दिनों ठंडे पेय पदार्थों की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि अप्रैल महीने में ही इस तरह की गर्मी ने चिंता बढ़ा दी है और यदि यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है।
प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मनोज गोयल ने लोगों को गर्मी और लू से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि तेज धूप में बाहर निकलने से बचें और यदि बाहर जाना जरूरी हो तो सिर ढककर निकलें। अधिक पानी पिएं, हल्का भोजन करें

# गुरु नानक कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । जी टी रोड पर सुखदेव ढाबा के सामने गुरुनानक कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अर्चना आर्या ने किया । इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए, जिससे परिसर को हराभरा बनाने का प्रयास किया गया। प्राचार्या डॉ. अर्चना आर्या ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित और स्वच्छ रखना हम सभी की



जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों और स्टाफ को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने और दैनिक जीवन में छोटे-छोटे कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर गणमान्य लोग मौजूद थे।

# बहुचर्चित मासूम दुष्कर्म-हत्या मामले में दोषी को आजीवन कारावास

**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** नूंह जिले के बहुचर्चित मासूम दुष्कर्म एवं हत्या मामले में विशेष पोक्सो अदालत ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 1.30 लाख रुपये जुमार्ना लगाया है। फास्ट ट्रैक विशेष अदालत ने करीब डेढ़ वर्ष में सुनवाई पूरी कर यह फैसला सुनाया, जिसे त्वरित न्याय की दिशा में अहम माना जा रहा है।
मामला नवंबर 2024 में पिनगवां थाना क्षेत्र के एक गांव का है, जब एक तीन वर्षीय मासूम बच्ची को बहला-फुसलाकर पीड़ित परिवार के गांव का आरोपी हरीचंद गांव के पास पहाड़ी क्षेत्र में ले गया, जहां दुष्कर्म कर निर्मम हत्या कर दी गई

# फर्जी प्रमाण पत्र के खेल पर सख्ती, कई अस्पतालों पर कार्रवाई

लगाम

डिप्टी सीएमओ डॉ. मनप्रीत तेवतिया बोले, अभियान चलाकर फजीर्वाड़े पर कसी लगाम



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** नूंह जिले में फर्जी प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती बढ़ाते हुए बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। विभाग का दावा है कि लगातार निगरानी और संगठित अभियान के चलते फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों के खेल पर काफी हद तक रोक लगी है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि पहले इस तरह की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं, लेकिन अब शिकंजा कसने के बाद हालात में सुधार हुआ है।
डिप्टी सीएमओ डॉ. मनप्रीत तेवतिया ने बताया कि उनके कार्यभार संभालने से पहले फर्जी प्रमाण पत्रों और अवैध गतिविधियों की शिकायतें ज्यादा मिल रही थीं। इसके बाद विभाग ने अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू की। उन्होंने कहा कि पहले एमटीपी किट के जरिए अवैध गर्भपात और फर्जी प्रमाण पत्र बनाने जैसे मामलों की शिकायतें सामने आती थीं, जिन पर अब काफी हद तक लगाम लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि पुनहाना का एक निजी अस्पताल इस तरह के मामलों को लेकर काफी चर्चित था, जिस पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए शिकंजा कसा। इसके साथ ही कई अन्य अस्पतालों और क्लीनिकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए गए। फिरोजपुर झिरका में भी इसी तरह की कार्रवाई की गई। हाल ही में फिरोजपुर झिरका क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में शिकायत मिलने पर जांच कर केस दर्ज कराया गया। जांच में सामने आया कि जहां जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण किया जा रहा था, वह स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर दर्ज ही नहीं था।

# सोशल मीडिया पर अनुशासनहीनता पर नूंह पुलिस सख्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह पुलिस ने सोशल मीडिया पर वर्दी की गरिमा और अनुशासनहीनता से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए सख्त रुख अपनाया है। पुलिस की ओर से जारी सोशल मीडिया पोस्ट में स्पष्ट किया गया है कि वर्दी में रहते हुए अनुचित आचरण, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या गैर-पेशेवर गतिविधियां और अनुशासन के विपरीत कोई भी गतिविधि किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी कड़ी में हाल ही में वर्दी में आम नागरिकों के साथ सिगरेट पीते हुए तथा मेवाती व अन्य गानों पर वीडियो वायरल करने के मामले में हरियाणा गृहरक्षी शेखावत को पुलिस अधीक्षक नूंह द्वारा निलंबित कर दिया गया है।
पुलिस की ओर से जारी संदेश में साफ कहा गया है कि वर्दी की गरिमा सर्वोपरि है और सोशल मीडिया पर अनुशासनहीनता पूरी तरह अस्वीकार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। नूंह पुलिस ने यह भी दोहराया कि आमजन की सेवा और सुरक्षा के साथ-साथ अपने कर्मियों के आचरण में उच्चतम मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा कानून सबके लिए समान है वर्दी में हों या बिना वर्दी के के सिद्धांत पर कार्रवाई जारी रहेगी।

# नूंह में भाजपा की प्रेसवार्ता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा, राहुल गांधी का पुतला फूंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** नूंह भाजपा जिला मुख्यालय नूंह में भारतीय जनता पार्टी की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वैसाली तोमर ने अधिनियम के समर्थन में पार्टी का पक्ष रखते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।
नूंह झिर कमल भाजपा कार्यालय नूंह के सामने महिलाओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका ।
प्रेस वार्ता में भाजपा की महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं।
वैशाली तोमर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं



में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि जब-जब महिलाओं के अधिकारों का हनन हुआ है, इतिहास गवाह है कि अपमान करने वालों का अंत हुआ है और अब महिलाएं भी अपने अधिकारों के खिलाफ खड़ी ताकतों को जवाब देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कांग्रेस को महिला विरोधी पार्टी बताते हुए कहा कि महिलाओं को लंबे समय तक केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया, लेकिन भाजपा ने उन्हें सम्मान और प्रतिनिधित्व देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक महिला समाज और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाती है और जब उन्हें उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा तो देश और समाज दोनों का कल्याण होगा। वैशाली तोमर ने कहा कि महिलाओं की योग्यता को वर्षों तक नजरअंदाज किया गया और उन्हें घरों तक सीमित रखने का प्रयास हुआ, लेकिन अब परिस्थितियां बदल रही हैं।
प्रेस वार्ता में उन्होंने प्रियंका गांधी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम और परिसीमन को लेकर उठाए गए सवालों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है, जबकि बिल पारित होने के समय ही इसके प्रावधान स्पष्ट कर दिए गए थे। उनका कहना था कि भाजपा महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि कांग्रेस हमेशा इस दिशा में रुकावट बनती रही है। वैशाली तोमर ने कहा कि भाजपा ही वह मंच है जहां महिलाओं को वास्तविक प्रतिनिधित्व और नेतृत्व के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामान्य परिवार से आते हैं और महिलाओं के संघर्ष, सम्मान और सामर्थ्य को समझते हैं, इसलिए उनकी सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार फैसले ले रही है। प्रेस वार्ता में मौजूद ममता कौशिक सहित अन्य महिला पदाधिकारियों ने भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन करते हुए इसे महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

# अग्रसेन धाम कुंडली में 25 अप्रैल को महा लक्ष्मी महाभिषेक व विराट संकीर्तन महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई** । कुंडली स्थित श्री अग्रसेन धाम में 25 अप्रैल को माता महालक्ष्मी महाभिषेक एवं विराट संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। नरेला अग्रवाल समाज के संयोजकों की बैठक धाम के संस्थापक ट्रस्टी मनोज बंसल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में धाम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने सभी संयोजकों का स्वागत करते हुए महोत्सव को सफल बनाने का आह्वान किया। मुख्य संयोजक मनोज बंसल ने



बताया कि कार्यक्रम के तहत सायं 5 बजे माता महालक्ष्मी का महाभिषेक, पूजन एवं श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान 21 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी और 501 ज्योतों से भव्य महाआरती की जाएगी। महोत्सव में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी राजेश गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि अध्यक्षता मॉडल टाउन विधानसभा दिल्ली के विधायक अशोक गोयल देवराहा करेंगे। सोनीपत के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## न्यूज फ्लैश

### हकेवि के विधि विभाग ने वार्षिक खेल दिवस का आयोजन कर विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के विधि विभाग द्वारा वार्षिक खेल दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस खेल समारोह में क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, रस्साकशी सहित शतरंज और कैरम जैसे इनडोर खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें विधि के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने संदेश में कहा कि खेलों के माध्यम से जीचन सरल बनता है और ऊर्जा प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से विद्यार्थी कठोर जीवन शैली को पुनर्जीवित होकर सकारात्मक दृष्टि प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शारीरिक गतिविधि शिक्षा से अलग नहीं, बल्कि उसका एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। खेल हमें धैर्य, अनुशासन और जीत-हार दोनों को संतुलित ढंग से स्वीकार करना सिखाते हैं। न्यायालय में भी इन गुणों की आवश्यकता पड़ती है जो हम खेलते-खेलते सीख लेते हैं। उन्होंने विधि विभाग को खेलों को शैक्षणिक कैलेंडर का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए बधाई दी।
विश्वविद्यालय में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष एवं स्कूल ऑफ लॉ के अधिष्ठाता प्रो. प्रदीप सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विधि शिक्षा में लंबे समय तक अध्ययन करने के कारण विद्यार्थियों में मानसिक थकान और तनाव उत्पन्न हो सकता है। ऐसे तनाव को कम करने में खेल महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में भागीदारी से नेतृत्व क्षमता, रणनीतिक सोच और टीम वर्क जैसे गुण विकसित होते हैं, जो कार्य को भी सरल बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे कम से कम एक खेल को अपने जीवन का स्थायी हिस्सा बनाएं, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

### श्रीकृष्णा स्कूल में सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल में छात्राओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा आठवीं और नौवीं की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जागरूक किया।
पीआरओ सुधीर यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के मन में वैक्सीन को लेकर उठने वाली शंकाओं का भी समाधान किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वैक्सीन मुख्य रूप से 14 से 15 वर्ष तक की लड़कियों को लगाई जाती है तथा टीकाकरण के लिए नागरिक अस्पताल में विशेष सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि समय पर टीकाकरण भविष्य में कैंसर के खतरे को कम कर सकता है।
कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल से मुख्यातिथि डॉ. विकास यादव ने शिरकत की। विकास यादव ने कहा, सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर रोग है, लेकिन सही समय पर टीकाकरण और जागरूकता से इसे पूरी तरह रोका जा सकता है। एचपीवी वैक्सीन इस कैंसर के खिलाफ एक सुरक्षा कवच की तरह काम करती है। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। हमारी बेटियों का स्वास्थ्य समाज की नींव है। आज के समय में चिकित्सा विज्ञान ने बहुत उन्नति कर ली है, और हमें इस तरह के निवारक टीकों का लाभ उठाना चाहिए। प्राचार्य रवि प्रकाश ने कहा कि आज की किशोरियां कल के भारत का भविष्य हैं। सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारियों के प्रति झिझक तोड़कर खुलकर बात करना और सही समय पर चिकित्सकों की सलाह लेना अनिवार्य है। सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहेंगे और इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास बढ़ाने पर विचार-विमर्श, चंडीगढ़ विवि में मनाया गया जनसंपर्क दिवस

**संगोष्ठी**

विद्यार्थियों ने भाग लेकर वर्तमान मीडिया परिवेश में जनसंपर्क की भूमिका पर अपने विचार साझा किए।



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मीडिया स्टडीज में जनसंपर्क दिवस के अवसर पर ह्वरणनीतिक प्रतिष्ठा प्रबंधनः लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास सुदृढ़ करनाह्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नालंदा छात्र मंच द्वारा किया गया, जिसमें विशेषज्ञों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लेकर वर्तमान मीडिया परिवेश में जनसंपर्क की भूमिका पर अपने विचार साझा किए।
कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के आगमन और गणेश वंदना के साथ हुई। संस्थान के अतिरिक्त निदेशक गगनदीप चौहान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका सम्मान किया। इस अवसर पर प्रो वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) देवेंद्र सिंह ने मीडिया के प्रति जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए डिजिटल युग में फैल रही भ्रामक और गलत सूचनाओं की चुनौती पर विस्तार से चर्चा की।
विचार-विमर्श में ळीं ळल्लि इ४३ल्ली२२ छल्ली से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार शिशिर सिन्हा, जनसंपर्क विशेषज्ञ शिवांगी मल्होत्रा, पंजाब सिविल सचिवालय के उप निदेशक नवदीप गिल और मीडिया वाले के संस्थापक मंतेश्वर कहलोन ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने लोकतंत्र, सरकारी जनसंपर्क, मीडिया नैतिकता और जनमत निर्माण में धारणा की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।
विशेषज्ञों ने कहा कि जन विश्वास बनाए रखने के लिए तथ्यों की सटीकता, नैतिकता और जिम्मेदार संवाद अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे उनकी समझ और जागरूकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम का समापन नालंदा मंच की समन्वयक प्रो. (डॉ.) चंचल सूरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर ह्वस्पॉटलाइट क्राइसिसः मॉक प्रेस कॉन्फ्रेंसह्व नामक प्रतियोगिता तथा व्यावसायिक पत्रकारिता, संकट संचार और खेल पत्रकारिता से संबंधित विशेष सत्र भी आयोजित किए गए। अंत में विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) ज्योत्सना ठाकुर ने विजेताओं को सम्मानित कर कार्यक्रम का समापन किया।

## लाखों रुपए की 22 ग्राम 62 मिलीग्राम हेरोइन बरामद,3 युवक काबू

**सिरसा(शुभम-खटक)पुलिस** अधीक्षक दीपक सहारन के निदेर्शानुसार सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की विभिन्न पुलिस टीमों ने गश्त के दौरान अलग-अलग जगहों से तीन युवकों को लाखों रुपए की 22 ग्राम 62 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान कपास मंडी सिरसा की तरफ जा रही थी । इस दौरान कपास मंडी की तरफ से बाइक सवार युवक आता दिखाई दि?ा । उक्त बाइक सवार युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया तो बाइक अचानक बंद हो गई । पुलिस पार्टी ने शक के आधार आरोपी युवक गौरव पुत्र रवि कुमार निवासी हाउसिंग बार्ड कॉलोनी सिरसा को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उनके कब्ज से 16 ग्राम 42 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई । वहीं एक अन्य घटना में एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम महिला पॉलटेक्निकल कॉलेज सिरसा की तरफ जारी थी । इस दौरान सामने से बाइक सवार दो युवक आते हुए दिखाई दिए । उक्त बाइक सवार युवकों ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार आरोपी विकाश पुत्र प्रकाश निवासी जन कल्याण कॉलोनी सिरसा व अवतार सिंह पुत्र सौदागर सिंह निवासी गुरु तेग बहादूर नगर सिरसा को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उनके कब्जा से 6 ग्राम 20 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई ।

## कुशल अभियंता ही देश के विकास पथ के शिल्पकार : अश्विनी प्रभाकर

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवलः** एनजीएफ कॉलेज में नवीन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विशेष पूजा एवं हवन का आयोजन किया गया। शिक्षा के इस केंद्र में हवन की आहुतियों के साथ यह संकल्प लिया गया कि पलवल के हर युवा को कुशल बनाकर उसे उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर किया जाएगा।



इस अवसर पर नए भवन का निरीक्षण भी किया गया, जहां विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारने का अवसर प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में तकनीकी शिक्षा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।
सनस्टोन के प्रमुख संस्थापक अंकुर जैन ने अपने संबोधन में कहा कि एक ईमानदार और कुशल युवा ही देश के विकास का आधार बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन की पहली सीढ़ी से ही सही दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है, क्योंकि आज का युवा ही कल के नए भारत का निर्माण करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वयं को निरंतर संवारने की क्षमता ही सफलता की कुंजी है।
कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्रमुख प्रबंधक लवीन गिदवानी, मणिकांत, राजेश प्रभाकर तथा निदेशक डॉ. शरद कौशिक भी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने शिक्षा और कौशल के माध्यम से समाज और देश के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया।

### हकेवि में एनसीसी कैडेट्स के लिए व्याख्यान आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेट्स के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया।
व्याख्यान में लेफ्टिनेंट कमांडर जितेंद्र सिंह ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में कैडेट्स को संबोधित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम कैडेट्स के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक होते हैं तथा उन्हें न केवल सशस्त्र बलों के प्रति प्रेरित करते हैं, बल्कि एक नागरिक के रूप में देश की सेवा का भाव जागृत करते हैं।

## मसानी लिंक रोड पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोपाल सिंह ने मसानी लिंक रोड स्थित अग्र वाटिका के पास क्षेत्र में मिल रही गंदगी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित समस्या का तत्काल निस्तारण किया गया।




जानकारी के अनुसार नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने क्षेत्रीय निवासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि कूड़ा इधर-उधर न फेंककर केवल नगर निगम की निर्धारित कूड़ा संग्रह गाड़ी में ही डालें, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनी रहे।
साथ ही उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किसी भी क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों की लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम द्वारा स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण जारी रहेंगे।

# 21 साल बाद भी कृष्णापुरम कॉलोनी की उपेक्षा–खाली प्लॉट बने कूड़ाघर

**गंभीर खतरा**

आसपास रह रहे लोगों में गंदगी, मच्छरों संक्रामक बीमारियों के फैलने का गंभीर खतरा बना हुआ है।




**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा वृंदावन रोड स्थित कृष्णापुरम कॉलोनी वर्ष 2004 में विकसित कर प्लॉट आवंटित किए गए थे। लगभग 21 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज भी कॉलोनी के कई प्लॉट खाली पड़े हैं, जिन पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इन खाली प्लॉटों के कारण आसपास रह रहे लोगों में गंदगी, मच्छरों और संक्रामक बीमारियों के फैलने का गंभीर खतरा बना हुआ है।
स्थानीय निवासियों का कहना है कि विकास प्राधिकरण द्वारा कॉलोनी को नगर निगम को हैंडओवर किए जाने की बात कही जाती है, लेकिन इसके बावजूद आज तक खाली पड़े प्लॉटों की सफाई, घेराबंदी अथवा रखरखाव के लिए न तो विकास प्राधिकरण और न ही नगर निगम की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई की गई है। यह प्रशासनिक उदासीनता बेहद चिंताजनक है।
नगर निगम और विकास प्राधिकरण के नियमों के अनुसार खाली पड़े प्लॉटों पर गंदगी होने की स्थिति में प्लॉट स्वामियों को नोटिस जारी करने तथा निर्धारित समय सीमा में सफाई और घेराबंदी कराने का प्रावधान होता है। इसके बावजूद आज तक संबंधित प्लॉट स्वामियों को नोटिस जारी न किया जाना विभागीय लापरवाही को दशार्ता है। यदि समय रहते नोटिस जारी किए जाते, तो कॉलोनी में गंदगी की यह समस्या उत्पन्न ही नहीं होती।
इतना ही नहीं, कॉलोनी में कई स्थानों पर पुराने सीवर टैंक खुले पड़े हुए हैं, जो किसी भी समय हादसे का कारण बन सकते हैं। छोटे बच्चों और राहगीरों के लिए यह स्थिति अत्यंत खतरनाक बनी हुई है। ऐसा प्रतीत होता है कि संबंधित विभाग किसी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। जबकि जिम्मेदार प्रशासन का कर्तव्य है कि संभावित खतरों को समय रहते समाप्त किया जाए। स्थानीय नागरिकों की प्रशासन से मांग है कि–खाली पड़े प्लॉट स्वामियों को तत्काल नोटिस जारी किए जाएं खाली प्लॉटों से कूड़ा तत्काल हटवाया जाए सभी खाली प्लॉटों की घेराबंदी सुनिश्चित कराई जाए खुले पड़े सीवर टैंकों को तुरंत बंद कराया जाए कॉलोनी के रखरखाव की जिम्मेदारी स्पष्ट की जाए।

### किसान धान की करें सीधी बिजाई, 20 प्रतिशत तक बचेगा पानी, 4500 रुपये प्रति एकड़ मिलेगा अनुदान

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
किसानों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने और खेती की लागत कम करने के उद्देश्य से धान की सीधी बिजाई स्कीम चलाई जा रही है। इस योजना के तहत किसानों को पारंपरिक धान रोपाई की बजाय सीधी बिजाई अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अनुदान भी दिया जा रहा है।
योजना के अंतर्गत किसानों को अपनी फसल का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा ऑनलाइन पोर्टल पर करना अनिवार्य होता है। पंजीकरण के बाद पात्र किसानों को सरकार की ओर से 4500 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान प्रदान किया जाता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलती है।
धान की सीधी बिजाई विधि अपनाने से लगभग 20 प्रतिशत तक पानी की बचत संभव है। वहीं पारंपरिक तरीके से धान की खेती में पानी की अधिक खपत होती है, जिससे भूजल स्तर पर भी दबाव पड़ता है। ऐसे में यह योजना जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पंजीकृत किसानों के खेतों का भौतिक सत्यापन भी किया जाता है। इस प्रक्रिया में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी, संबंधित गांव के नंबरदार या पटवारी तथा स्वयं किसान शामिल होते हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 के दौरान जिला सिरसा में इस योजना के तहत 15,046 किसानों द्वारा 96,855 एकड़ क्षेत्र में धान की सीधी बिजाई की गई, जिसका सफलतापूर्वक सत्यापन किया गया।

### हकेवि की छात्रा को मिला मिला प्लेसमेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्कूल ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग के अंतर्गत संचालित औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्रा कुमारी जिंगल यादव को बैंगलोर स्थित वैल्यू नेटवर्क वेंचर्स प्रा. लि. में जूनियर एसोसिएट के पर पर प्लेसमेंट मिला है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने जिंगल यादव को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग के अधिष्ठाता प्रो. आशीष माथुर ने कहा कि औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विभाग कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के कुशल दिशा-निर्देशन में विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि विभाग के विद्यार्थियों को कक्षा अध्ययन के साथ-साथ औद्योगिक भ्रमण व इंटर्नशिप आदि के माध्यम से प्रायोगिक ज्ञान भी दिया जाता है।

## भाँग और शराब के ठेकेदारों पर मेहरबान आबकारी विभाग

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** जहां एक ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महीने में एक या दो बार मथुरा आते हैं वहीं जिला आबकारी कार्यालय ही मुख्यमंत्री महोदय के आदेशों को दरकिनार उन्हीं के आदेशों की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का आदेश है कि भांग और शराब के ठेके 10 बजे से पहले किसी भी हाल में नहीं खुलने चाहिए वहीं मथुरा जनपद का इतना बुरा हाल है कि भाँग के ठेके सुबह 7 बजे ही खुल जाते हैं वहीं दूसरी ओर शराब के ठेकों के शटर




नीचे डालकर शराब ब्लैक में बेची जाती है। इसकी सूचना एवं शिकायत ठेकों के फोटो खींचकर कर सबूत के साथ जब जिला आबकारी विभाग को दी जाती है तो इसकी सूचना तुरन्त शराब एवं भांग के ठेकेदारों को किस प्रकार पहुंच जाती है यह बात आज तक समझ में नहीं आई। इसके अलावा भांग के ठेकों पर भांग के अलावा दूसरी चीज नहीं बेची जा सकती है, जबकि इसके विपरीत इन ठेको पर दूषित ठंडाई, गुटखा, सिगरेट और कई सामान खुले आम बेचे जा रहे हैं। इस प्रकार का कार्य मण्डी चैराहा, जयगुरुदेव, फरह, होलीगेट, बंगाली घाट, आर्य समाज रोड, कृष्णापुरी, राया, गोकुल, महावन, गोवर्धन, जतीपुरा, वृन्दावन, छटीकरा, बल्देव, बरसाना, नन्दगांव सहित लगभग पूरे जनपद के ठेकों पर आबकारी विभाग की मिलीभगत से खुलेआम किया जा रहा है। जिलाआबकारी एवं उप आबकारी अधिकारियों द्वारा भांग और शराब के ठेकेदारों पर इतनी मेहरबानी क्यों की जा रहीं है इसके बारे में बताया जाता है कि इस विभाग को प्रत्येक ठेका एवं ठेकेदारों से हर महीने एक मोटी रकम दी जाती है।

# जेईई में मित्तल क्लासेज का शानदार प्रदर्शन, केशव नांगल ने 516वीं रैंक से नाम रोशन किया

**मुख्य परीक्षा**

मित्तल क्लासेज के विद्यार्थियों ने जेईई मुख्य परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** मित्तल क्लासेज के विद्यार्थियों ने जेईई मुख्य परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। घोषित परिणामों में संस्थान के 55 विद्यार्थियों ने उन्नत परीक्षा के लिए पात्रता हासिल कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज कराया है।
संस्थान के होनहार छात्र केशव नांगल ने 99.973 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 516वीं रैंक हासिल की है, जिससे पलवल जिले को राष्ट्रीय पहचान मिली है। इसके अलावा निर्भय मुंजाल (99.762), मनिष्का (99.704), चैतन्य अग्रवाल (99.634), आन्या गोयल (99.557), ध्रुव गोयल (99.462), सूर्यकांत (99.416), दिशा गोयल (99.347), कार्तिक रावत (99.299) और ईशान गोयल (99.097) सहित कई विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।
संस्थान के संस्थापक गौरव मित्तल ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि इस वर्ष 24 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से ही यह सफलता संभव हो पाई है।
संस्थान के अध्यक्ष राजेद्र मित्तल ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और संस्थान की समर्पित टीम को दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान का लक्ष्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें देश के श्रेष्ठ तकनीकी संस्थानों तक पहुंचाना है।
इस शानदार प्रदर्शन से न केवल मित्तल क्लासेज का नाम रोशन हुआ है, बल्कि पलवल जिले ने भी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।
फोटो कैप्शन 03 जेईई मुख्य परीक्षा में मित्तल क्लासेज का शानदार प्रदर्शन, केशव नांगल ने 516वीं अखिल भारतीय रैंक से पलवल का नाम रोशन किया।

# जनशिकायतों का समयबद्धता के साथ हो स्थाई समाधान: एडीसी अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
समाधान शिविर नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एक बहुत ही बेहतरीन प्लेटफार्म है। ऐसे में यहां आने वाली हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एटीआर रिपोर्ट भेजी जाए ताकि वह शिकायत बार-बार ना आए। ये निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए दिए। इसके साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी



समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में कुल 23 शिकायतें आई।
अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर जन शिकायतों के निवारण का बहुत ही महत्वपूर्ण माध्यम है, यहां पर एक ही छत के नीचे विभिन्न विभागों से जुड़ी आमजन की समस्याओं का निवारण किया जाता है। नागरिक प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल पर समाधान शिविर में अपनी समस्याएं रखते हुए उनका निवारण करवा सकते हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bharadwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 24 अप्रैल 2026 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

# नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

● जब नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती है। करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो और नीयत भी उसी के अनुरूप हो तो परिस्थितियां बदलती हुई दिखाई देती हैं: सीएम योगी

**विकास पर बल**

▢ विकास की 1055 करोड़ रुपये की लागत वाली 497 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती है। करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो और नीयत भी उसी के अनुरूप हो तो परिस्थितियां बदलती हुई दिखाई देती हैं। गोरखपुर में नौ वर्षों के अंदर आया विकासपरक परिवर्तन इसका प्रमाण है। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार पूर्वाह्न राप्ती नदी के एकला बंधा पर लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कर बनाए गए ईको पार्क, नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क सहित विकास की 1055 करोड़ रुपये की लागत वाली 497 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता टूलकिट और कैलेंडर का अनावरण कर स्वच्छ स्कूल अभियान का भी शुभारंभ किया। एकला बंधे पर आयोजित लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अच्छा करने की इच्छाशक्ति हो तो बहुत कुछ परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने एकला बंधा पर ईको पार्क के रूप में हुए नए कायाकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि वाराणसी या लखनऊ की तरफ से गोरखपुर प्रवेश करते ही सबसे पहला मुकाबला कचरे से होता था। बहुत भद्दा और बहुत बुरा लगता था। पर, करने की इच्छाशक्ति से धीरे-धीरे परिवर्तन होता गया। उन्होंने कहा कि आज से 30-35 वर्ष पहले, आज जहां ट्रांसपोर्टनगर बना है, पहले गोरखपुर का सारा कचरा वही डंप होता था। नगर निगम ने उसका समाधान किया तो आज वहां ट्रांसपोर्टनगर है, बेहतरीन मार्केट और गोरखपुर की मंडी है। ट्रांसपोर्टनगर बन जाने के बाद कचरा एकला बंधा पर गिराया जाने लगा। इसका परिणाम हुआ, वायु प्रदूषण, जमीन में जहर, नदी प्रदूषण और भूजल स्तर पर भी प्रभाव। इसके चलते एनजीटी भी जुमार्ना लगाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीयत से नियति को बदला गया और बेहतरीन ईको पार्क तैयार हो गया। ईको पार्क के विकास के लिए नगर निगम की पूरी टीम की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम ने गोरखपुर शहर के प्रवेश द्वार पर कचरे को कंचन में बदलने का काम किया है। 2.26 लाख मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण कर बनाया गया ईको पार्क पूरे परिवार के लिए पिकनिक स्पॉट और बेहतरीन पर्यटन स्थल बन गया है। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण कर ईको पार्क का भ्रमण भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर ने रोड कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, खेल, उद्योग, रोजगार सहित हरेक क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। पहले जहां खेलने की सुविधा नहीं थी, आज गोरखपुर में कई मिनी स्टेडियम बने हैं। गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में एक इंटरनेशनल स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। गोरखपुर में एम्स और बीआरडी मेडिकल कॉलेज चिकित्सा के उत्कृष्ट केंद्र बने हैं। यहां चार विश्वविद्यालय है। गोरखपुर में खाद कारखाना भी चल गया है और पिपराइच में चीनी में मिल भी लग गई है। इतना ही नहीं, दक्षिणांचल सहित जिले में बाढ़ की समस्या का भी तेजी से समाधान हो रहा है। सीएम योगी ने ईको पार्क के सामने से नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क को नौसढ़ की जाम की समस्या का समाधान करने का माध्यम बताते हुए कहा कि करीब तीन किमी लंबे इस फोरलेन से लखनऊ और वाराणसी मार्ग पर आने जाने के लिए आवागमन और भी सुगम हो जाएगा। उन्होंने शहर की तमाम उपलब्धियां गिनाईं।

## मुख्यमंत्री ने निगम के दस्ते में शामिल नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





लोकार्पण-शिलान्यास समारोह के मंच से स्वच्छ स्कूल अभियान का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर को 7 स्टार गार्बेज फ्री सिटी बनाने और स्वच्छ सर्वेक्षण में शीर्ष तीन में लाने के लिए स्कूली बच्चों के विशेष अभियान की शुरूआत की जा रही है।

इसमें शामिल एक लाख से अधिक बच्चों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश घर-घर पहुंचेगा। कार्यक्रम में सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, श्रीराम चौहान, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, पूर्व महापौर अंजू चौधरी, डॉ. सत्या पांडेय, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इसके अलावा कार्यक्रम स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम के दस्ते में शामिल नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों में पोकलेन, सीएनजी मैजिक, स्किड लोडर और डीपफ्रीजरयुक्त मोक्ष वाहन शामिल हैं। मोक्ष वाहन पार्थिव शरीर के सम्मानजनक परिवहन के काम आएगा।

**इन प्रमुख परियोजनाओं का भी हुआ शिलान्यास**

उपवन योजना के तहत तीन पार्कों का सौंदर्यीकरण, लागत 6.44 करोड़ रुपये।–विभिन्न वार्डों में जलनिकासी के लिए नाला निर्माण के 83 कार्य, लागत 107.44 करोड़ रुपये।

गुलरिहा थाने से चिलुआताल तक आरसीसी स्टॉर्म वाटर ड्रेन निर्माण, लागत 123.81 करोड़ रुपये।

**स्कूली बच्चों के माध्यम से घर-घर पहुंचेगा स्वच्छता का संदेश**

लोकार्पण-शिलान्यास समारोह के मंच से स्वच्छ स्कूल अभियान का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर को 7 स्टार गार्बेज फ्री सिटी बनाने और स्वच्छ सर्वेक्षण में शीर्ष तीन में लाने के लिए स्कूली बच्चों के विशेष अभियान की शुरूआत की जा रही है।

इसमें शामिल एक लाख से अधिक बच्चों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश घर-घर पहुंचेगा। कार्यक्रम में सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, श्रीराम चौहान, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, पूर्व महापौर अंजू चौधरी, डॉ. सत्या पांडेय, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# इंडिया एलाइंस को माफ नहीं करेंगी महिलाएं-अलका गुर्जर

**अपमान**

▢ नारी शक्ति वंदन का विरोध करने के साथ विपक्षी दलों ने नारी शक्ति का भी अपमान किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार। संसद** में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पारित नहीं होने के बाद से भाजपा कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर महिला विरोधी होने का आरोप लगा रही है। बृहष्पतिवार को भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री अलका गुर्जर ने हरिद्वार में पत्रकार वार्ता कर कांग्रेस पर हमला बोला। एक होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान अलका गुर्जर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने के साथ कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने नारी शक्ति का भी अपमान किया है।उन्होंने कहा कि महिलाओं के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाले इंडिया एलाइंस को महिलाएं माफ नहीं करेंगी। राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को उचित सम्मान देना चाहते थे। लेकिन इंडिया एलाइंस के विरोध के चलते प्रस्ताव पास नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि हक एवं सम्मान का जीवन भाजपा पार्टी ही महिलाओं को दे सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उज्ज्वला योजना, मुद्रा लोन, लखपति दीदी जैसी अनेक योजनाएं महिलाओं के लिए चलाई गई है। जिससे देश की महिलाएं रोजगार की ओर बढ़ रही हैं।

# राहत: पूरे प्रदेश में शिथिल मानकों के साथ होगी गेहूं खरीद



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** असमय हुई बारिश से प्रभावित गेहूं की फसल को देखते हुए सरकार ने किसानों को बड़ी राहत दी है। रबी विपणन सत्र 2026-27 के लिए गेहूं की खरीद अब शिथिल मानकों के साथ की जाएगी। इसका उद्देश्य किसानों को नुकसान से बचाना और उन्हें मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचने से रोकना है। सरकार के निर्णय के अनुसार, अब प्रदेश में लस्टर लॉस (चमक में कमी) वाले गेहूं की स्वीकार्य सीमा को बढ़ाकर 70 प्रतिशत तक कर दिया गया है। वहीं सिकुड़े और टूटे दाने की सीमा, जो पहले 6 प्रतिशत थी, उसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक कर दिया गया है। इससे बारिश के कारण गुणवत्ता प्रभावित होने के बावजूद किसानों का गेहूं खरीदा जा सकेगा।

**अलग से भंडारण और राज्य में ही उपयोग**

शिथिल मानकों के तहत खरीदे गए गेहूं को सामान्य गेहूं से अलग रखा जाएगा और उसका अलग लेखा-जोखा होगा। इस गेहूं का उपयोग केवल उत्तर प्रदेश के भीतर ही किया जाएगा, ताकि गुणवत्ता प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

# युवती को कूड़ा फेंकते देख बोले महापौर, बेटी! कूड़ा सड़क पर नहीं, गाड़ी में डालो

**स्वच्छता**

▢ महापौर के इस सहज व्यवहार और स्वच्छता के प्रति उनके आग्रह ने न केवल उस युवती को प्रभावित किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर के सिंधु नगर कॉलोनी की सड़क पर गुरूवार को कूड़ा फेंकती एक युवती की नजर जैसे ही सामने मौजूद एक सज्जन पर पड़ी, वह ठिठक गई। उसने देखा कि यह कोई और नहीं, बल्कि शहर के महापौर अशोक कुमार तिवारी थे। शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकले महापौर ने उसे डांटने कँ बजाय बड़ी विनम्रता से रोका और हाथ जोड़कर अपील की, "बिटिया, शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। कूड़ा सड़क पर नहीं, बल्कि डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए आने वाली गाड़ी में ही डालना।" यह वाकया तब हुआ जब महापौर औरंगाबाद, श्रीनगर कॉलोनी और सिंधु नगर का निरीक्षण कर रहे थे। महापौर के इस सहज व्यवहार और स्वच्छता के प्रति उनके आग्रह ने न केवल उस युवती को प्रभावित किया।

# एस्सेल ने विस्तार योजना पेश की, चंडीगढ़ मीट में नई रेंज लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/लुधियाना:** चंडीगढ़ स्थित बाथ फिटिंग्स निमार्ता एस्सेल ने हयात सेंट्रिक चंडीगढ़ में आयोजित अपने ऑल इंडिया सिग्नेचर डीलर मीट के दौरान अपने विस्तार के अगले चरण की रूपरेखा पेश की और नया प्रोडक्ट रेंज लॉन्च किया। कंपनी के अनुसार, ये नए उत्पाद ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता प्रदान करने के साथ-साथ बाजार में अपनी स्थिति को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

एस्सेल ने एस्सेल 2.0 झ ए वे फारवर्ड की घोषणा के साथ भविष्य की विकास रणनीति को विस्तार से प्रस्तुत किया।कंपनी ने अमेरिकी सैनिटरीवेयर कंपनी स्लॉन के साथ अपनी साझेदारी का भी ऐलान किया। करीब 120 साल पुरानी यह कंपनी लगभग 400 पेटेंट उत्पादों के लिए जानी जाती है जिससे अब एस्सेल को उन्नत तकनीक, वैश्विक निर्माण मानकों को अपने सिस्टम में शामिल करने में मदद मिलेगी। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि नई उत्पाद रेंज को बदलती बाजार मांग के अनुसार विकसित किया गया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए जनता और राष्ट्र सेवा का भाव सदैव प्रमुख: संजय

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित प्रदेश योजना बैठक एवं जिला प्रशिक्षण हेतु प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी शामिल हुए और उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया। बैठक एवं कार्यशाला के दौरान संगठन की सुदृढ़ता, कार्यकर्ताओं की सक्रिय, समर्पित एवं प्रशिक्षित भूमिका तथा प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने के विषय पर विस्तृत एवं सार्थक विचार-



विमर्श हुआ। बैठक में उपस्थित लोगों को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके कर्मठ, अनुशासित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं में निहित होती है, जो अपने समर्पण से उसे निरंतर नई ऊँचाइयों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 52 सांगठनिक जिलों में एक रात्रि विश्राम के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत जिला प्रशिक्षण अभियान होगा। इसमें 12 अलग अलग विषयों का सत्र होगा। जिसमे इतिहास, विकास विषय, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, कार्यपद्धति, सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन के विषय भी शामिल है। उन्होंने बताया कि 2 मई से 31 मई तक चलने वाले इस प्रशिक्षण अभियान सभी जिलों में आयोजित होगा। इसके तहत ऑनलाइन शुल्क लिया जाएगा जबकि जिलास्तर पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्रशिक्षण के तहत कार्यकताओं का निर्माण हमारा उद्देश्य है। अभी तक मंडलों को प्रशिक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि हम राष्ट्र को प्रथम मानकर इस प्रशिक्षण वर्ग को करा रहे हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन को मजबूत करना हमारा उद्देश्य है। उन्होने कहा कि देश और प्रदेश में संगठन के विचार से सरकार काम कर रही है।

**कार्यशाला**

▢ प्रदेश योजना बैठक एवं जिला प्रशिक्षण हेतु प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया: प्रदेश अध्यक्ष

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिले बिहपुर विधायक, दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**भागलपुर।** बिहपुर विस विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक ई शैलेंद्र ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात किया। इस दौरान विधायक ने सीएम को बुके भेंटकर बधाई प्रेषित किया। इस दौरान विधायक ने राज्यके समग्र विकास और बिहपुर विस क्षेत्र के सर्वांगीण उन्नयन से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा भी किया। ई.शैलेंद्र ने सीएम के साथ विकास की गति को और सशक्त बनाने, जनसुविधाओं के विस्तार तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने पर विचार-विमर्श किया। मौके पर पटना में पार्टी नेता उत्तम कुमार और कल्याण झा आदि की



उपस्थिति थी। इधर नवगछिया भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रो.गौतम ने बताया कि विधायक ई.शैलेंद्र लखनऊ में आयोजित भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियानझ2026 अंतर्गत जोनल वक्ता कार्यशाला (उत्तर-पूर्व जोन उत्तरप्रदेश,बिहार,उत्तराखंड) के सत्रों में शामिल होकर बुधवार की रात पटना लौटे। यह प्रशिक्षण महाभियान पार्टी की उस सशक्त संगठनात्मक परंपरा का हिस्सा है। जिसमें कार्यकताओं के वैचारिक, बौद्धिक एवं नेतृत्व कौशल को निरंतर निखारा जाता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर आधारित यह प्रशिक्षण, कार्यकर्ताओं को जनसेवा, राष्ट्रनिर्माण व संगठन के प्रति समर्पण के लिए प्रेरित करता है।

इस कार्यशाला के माध्यम से संवाद कौशल, जनसंपर्क, संगठन विस्तार एवं प्रभावी कार्यप्रणाली पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जो आने वाले समय में जनहित के कार्यों को और सशक्त बनाने में सहायक होगा।

वहीं विधायक ने कहा कि संगठन ही शक्ति है। इसी विश्वास के साथ निरंतर सीखने और आगे बढ़ने का यह क्रम जारी है।

**विचार-विमर्श**

▢ जनसुविधाओं के विस्तार तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने पर विचार-विमर्श किया

# आईआईएम अमृतसर ने अपने छठे बैच के लिए ईएमबीए एडमिशन शुरू किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**अमृतसर:** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, अमृतसर ने अपने दो वर्षीय एग्जीक्यूटिव मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (ईएमबीए) प्रोग्राम के छठे बैच के लिए दाखिले शुरू करने की घोषणा की है। यह प्रोग्राम विशेष रूप से अनुभवी प्रोफेशनल्स के लिए तैयार किया गया है, जो तेजी से बदलते वैश्विक कारोबारी परिदृश्य में अपनी लीडरशिप क्षमता को सशक्त बनाना चाहते हैं। इस प्रोग्राम की प्रमुख विशेषता डेनमार्क में तीन दिन का इंटरनेशनल इमर्शन है, जिसे



कोपेनहेगन स्थित डेनिश कंसोर्टियम फॉर अकादमिक क्राफ्ट्समैनशिप के सहयोग से डिजाइन किया गया है। यह मॉड्यूल प्रतिभागियों को सस्टेनेबिलिटी, इनोवेशन और गवर्नेंस के स्कैंडिनेवियाई दृष्टिकोण से परिचित कराता है, जिससे वे विश्व की बेस्ट प्रेक्टिसेस को अपने प्रोफेशन लागू कर सकें। छठे बैच की घोषणा संस्थान के निदेशक प्रो. समीर के. श्रीवास्तव ने की, जिनके साथ एग्जीक्यूटिव एमबीए की चैयरपर्सन प्रोफेसर वृतिका दत्ता और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि एग्जीक्यूटिव एजुकेशन केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो वैश्विक सोच, नैतिक मूल्यों और जटिल परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करती है।